आओ मेरे प्यारेआज हम क्या उच्चारण कर रहे थे !ऋषिवर !? महानन्द जो के उन शब्दों पर टिप्पणियां कर रहे थे। जो उन्होंने कल के वाक्यों में प्रकट कीं। परन्तु अब आयुर्वेद का प्रश्न है क्योंकि आयुर्वेद प्रायः ऋषि मुनियों के मस्तिष्कों का प्रश्न है क्योंकि आयुर्वेद प्रायः ऋषि मुनियों के मस्तिष्कों में आता रहा है। मेरे प्यारे महानन्द जी ने ! यह प्रकट कराया कि आधुनिक काल का जो आयुर्वेद का पंडित है, आयुवैदिक वैज्ञानिक हैं जो एक स्थान से दूसरे स्थान पर मानव की नस नाड़ियों का परिवर्तन कर देते हैं। ऐसा जो विज्ञान है उसे आज का संसार यह स्वीकार करता है। आज का आ्युर्वेद पंडित यह उच्चारण कर रहा है कि यह तो हमने ही जाना है। परन्तु यह अभिमान नहीं होना चाहिए। मुझे परम्परा की वह वार्त्ता स्मरण आती रहती है। हमारे यहाँ महर्षि (क) 1) नरकृति महाराज को जब) महर्षि सोमकेतु 2)) भुञ्जू 3)) प्राति ऋषियों ने उनके मस्तिष्क पर अश्व का मस्तिष्क स्थिर कर दिया था, और उन्होंने उनके मस्तिष्कों को औषधियों में नियुक्त कर दिया था। इसी प्रकार महात्मा दधीचि के मस्तिष्क को (ख) हम ारे यहाँ अश्विनी कुमारों ने जो महात्मा भुंज के पुत्र कहलाए जाते थे। अश्विनी कुमारों नामक दोनों भ्राताओं ने आयुर्वेद को प्राप्त किया। आयुर्वेद के पश्चात् ब्रह्म विद्या को पान किया। उन्होंने उनके 6 मस्तिष्क को (महर्षि दधीचि के) माह तक औषधियों 6 में नियुक्त क िया। ऋषि कहते हैं कि हृदय की गति को 6 माह तक हम प्रायः 6 माह के पश्चात् हम उस शरीर में प्रायः गति प्रदान कर 6 औषधियों में नियुक्त करके सकतेहैं। इस प्रकार का आयुर्वेद का विज्ञान हमारे यहाँ प्राचीन काल में परम्परा से रहा है। और भी विज्ञान जैसे आयुवैदिक जो विज्ञान हैं यह एक ही नहीं, ऐसे ऐसे अनेक वैद्यराज हुए जो मार्ग में औषधियां थीं उनको स्वप्न में प्रकट करती थीं। मैं इस रोग को दूर कर सकती हैं। ऐसी ऐसी औषधियां प्रायः उनके यहाँ प्राप्त होती रहती थीं। अब प्रश्न यह होता है कि स्वप्न में औषधियां कैसे उच्चारण कर सकती हैं? क्योंकि जो मानव इसके ऊपर अनुसन्धान करता है तो अनुसन्धान करने वाले के समीप औषधियां आने

लगती हैं अर्थात् उनके गुणों का प्रकाश होने लगता है। और मुखारविन्द से ही वह रोग का निदान अच्छी प्रकार करके उन औषधियों को व्यवहार में लाने का प्रयास करता रहा है। तो मेरे प्यारे मुझे स्मरण है कि आयुर्वेद भी मानव के द्वारा अवश्य होना ! चाहिए।

मैं तो यह कहा करता हूँ कि माताओं के द्वारा आयुर्वेद होना चाहिए। जितनी माताएं आयुर्वेद को जानने वाली बनेंगी, उतना ही यह समाज ऊँचा बनेगा। उतना ही विचार ऊँचा होगा। क्योंकि आयुर्वेद में भक्ष्य अभक्ष्य का प्रायः वर्णन है। माता को कैसा आहार किस किस माह में करना चाहिए किस किस माह में पिता को कैसा आहार करना चाहिए कैसा विचार बनना चाहिए। यह सब आयुर्वेद में प्रायः प्राप्त होता है। नाना प्रकार की औषधियों का पान करने से ब्रह्मचर्य की गति ऊर्ध्व होती (अटल) और ध्रुव (उन्नत) रहती है। कुछ औषधियां इस प्रकार की होती हैं जो ब्रह्मचर्य की गति को ऊर्ध्व ब्रह्मचर्य की !बनाती हैं। कुछ इस प्रकार की औषधियां होती हैं जो मुनिवरों (ऊँच) बनाती है। तो इस प्रकार की औषधियां प्रायः पृथ्वी पर प्राप (अचल) गति को ध्रुव्‌त होती रहती हैं। आयुर्वेद के आचार्यों ने बहुत कुछ अनुसन्धान किया है। क्योंकि हमारे यहाँ नाना प्रकार की औषधियों के लेपन मात्र से ही मानव का शरीर दूर होने पर भी स्थिर हो जाता था। ऐसा विज्ञान परम्परा से प्रायः आयुर्वेदाचार्यों के मस्तिष्कों में रहा है।

आज मैं अधिक नहीं उच्चारण कर सकता। महानन्द जी के उन शब्दों की प्रतिभा हमारे समक्ष आती रहती है। मैंने नाना प्रकार के और भी विचारों का पान कराया। परन्तु जब ऋषिजन अपने शिष्य को ऊँचा बनाते थे तो मुनिवरों वह ऐसी औषधियों को आसन ! बना देते थे, पृथ्वी की विद्युत उस औषधि में परणित होती थी ब्रह्मचारी जिससे यौगिक अभ्यास में अधिक परणित हो जाता था। ऐसा प्रायः मुझे अभ्यास कराने का सौभाग्य प्राप्त होता रहा है। एक समय जब हमें अपने पूज्यपाद गुरु देव के द्वारा आसन पर जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ तो मुनिवरोंदेखो !, उन्होंने एक आसन !दिया और यह कहा, हे वत्स इस आसन को लो। इस आसन पर विराजमान हो करके योगाभ्यास

करो। उसका यह महत्व होता था कि प्रकृति की जो धाराएं पृथ्वी में रमण करती रहती थीं, विद्युत जिसमें अधिक होती थी, जिसको हमारे यहाँ हुण कृति कहते हैं एक योग में मूल कृति आसन होता है, उसमें विद्युत का प्रभाव अधिक होता है। योग की गति जितनी विद्युत को ग्रहण करने वाली आकर्षण शक्ति करने वाला आसन होगा उतना ही मस्तिष्क में योग की कान्ति उत्पन्न होती चली जाएगी। सूक्ष्म सा यौगिक क्रिया करने से मानव योग के अभ्यास में पारायण हो जाता था। ऐसी औषधियां आयुर्वेद में प्रायः प्राप्त होती रहती हैं। आज हम उस आयुर्वेद में भी जाना नहीं चाहते हैं।

विचार यह उच्चारण कर रहे थे कि आज हमें आयुर्वेद का अध्ययन करना चाहिए। प्रत्येक माता को करना चाहिए माता अपने गर्भ स्थल में ऐसी औषधियों का पान करे। मुनिवरों ! पृथ्वी पर ब ालक के आने के पश्चात् वह सूक्ष्म सा अध्ययन करने मात्र से उनका संस्कार उद्बुद्ध हो जाने से वह आयुर्वेद का महा पंडित बन जाता है। अश्विनी (जागृत) कुमारों में क्या महत्व था। उस माता ने जब अनुसन्धान किया, माता ने अपने गर्भ स्थिर होने पर जब जब भी पूर्णिमाआती उसी दिवस वह चन्द्रमा की आभा में रमण करती रहती। चन्द्रमा की किरणों में तपस्या करती रहती थी। चन्द्रमा की जो आभा थी, चन्द्रमा की जो कान्ति थी वह मुनिवरोंदेखो !, अपने उदर पर अपने मुखारविन्द से प्रत्येक इन्द्रियों के द्वारा उनका अप्रेल देखो !करती रहती थी। मुनिवरों (पान), (1) शैलखण्डा 2)) मामकेतु 3)) स्वाति 4)) फूली। अनेक इस प्रकार की औषधियां हैं जिनका आसन बना करके माता चन्द्र पूर्णिमा के दिवस उस आसन पर विराजमान हो करके आयुर्वेद का अध्ययन किया करती थी। आयुर्वेद का अध्ययन करने मात्र से बेटा अश्विनी कुमारों ! का जन्म ह ुआ। एक ही साथ माता के गर्भ से दोनों पुत्रों का जन्म हुआ था। वह ! महात्मा भुंज के पुत्र थे। जब दोनों का जन्म हुआ, तो इन्होंने महर्षि स्वेतुकेतु के महापौत्र थे। जिनमें कृति कहते थे। वह आयुर्वेद के महापंडित थे जब उनके द्वारा वह अध्ययन करने के लिए पहुंचे। उनका आयुर्वेद का मस्तिष्क बना हुआ था। आयुर्वेद का सूक्ष्म से अध्ययन करने मात्र से बेटा वह आयुर्वेद के महा पंडित बन गए। परिणाम ! क्या कि माता के ऊपर बालक का बहुत दायित्व होता है। क्योंकि उसकी आभाएं सदैव

आज हम अधिक चर !उसमें रमण करती रहती हैं। आओ मेरे प्रूरे ऋषिवर्चा नहीं प्रकट करने आए हैं। विचार यह देने आए हैं, कि आज आयुर्वेद के भी महापंडित होने चाहिए।

वैज्ञानिक माता जैसा पुत्र को बनाना चाहती है उसी प्रकार का अध्ययन उसी प्रकार का उसका आहार और व्यवहार होना चाहिए। परन्तु माता के गर्भ स्थल में हमारे यहाँ ऋषि मुनियों ने यह कहा है कि जो माता गर्भ स्थल में अपना विचार परणित कर देती है वे विचार उनको विद्यालयों में प्राप्त नहीं होते। गुरुओं के चरणों में प्राप्त नहीं होते। वह माता के ही गर्भ स्थल में प्राप्त हो जाते हैं। तो मेरे प्यारे आज मैं इस !ऋषिवर ! सम्बन्ध में अधिक विवेचना नहीं करने जा रहा हूँ विचार यह दे रहा था कि आज हम विज्ञान के युग में जाना चाहते हैं। विज्ञान की उन आभाओं को जानना चाहते हैं जिनसे मानव वैज्ञानिक बनाता है। उस आयुर्वेद को अपनाना चाहिए।

उसके पश्चात् अग्नि की धाराएं हैं पृथ्वी की तरंगें हैं वायु की और अन्तरिक्ष की धाराएं हैं। उन परमाणुओं पर प्रायः वैदिक अध्ययन से अनुसन्धान होना चाहिए जिस अनुसन्धान के द्वारा हम अपने पन में अपने राष्ट्र और समाज को उस विज्ञान के युग में ले जाए, उसविज्ञान की धाराओं को रमण कराने वाले बने जिससे संसार में अज्ञानता कदापि न रहने पाए। यह है मुनिवरों आज का हमारा वाक्य। समाज उस काल में अज्ञानी बन ! जाता है जिस काल में माता बुद्धिमान नहीं रहती। क्योंकि माताएं जब अपने कर्त्तव्य उनके गर्भ से कर्त्तव्यहीन प्राणियों का जन्म हो जाता !को त्याग देती हैं तो मुनिवरों है। उससे संसार में शिक्षार्थी नहीं रहते। आचार्यों का अभाव हो जाता है। जब आचार्यों का अभाव होता है, उस समय मुनिवरोंदेखो !, छात्रबल में अशुद्धवाद हो करके रक्तभरी, क्रान्ति आ जाती है। धर्म की परम्पराओं में सूक्ष्मता आ करके रूढ़ियां बन जाती हैं और वे जो रूढ़ियां हैं वह धर्म और राष्ट्र को दोनों को विनाश के मार्ग पर ले जाती हैं। तब विज्ञान नहीं रह पाता। तो इसीलिए आज का वाक् में यह उच्चारण कर रहा था बेटा ! कि आज हमारे द्वारा विज्ञान होना चाहिए। कल मुझे समय मिलेगा तो कल मैं अधिक गुरुओं, आचार्यों की चर्चाएं, गुरु शिष्यों की चर्चाएं प्रकट करूंगा। प्रथम काल

बेटावह काल था उस काल में आज से लाखों वर्षों पूर्व !, आचार्य और गुरु का कैसा सम्बन्ध होता था? उसके सम्बन्ध में किस किस प्रकार का पठन पाठन था? इस सम्बन्ध में कल अपना विचार प्रकट करेंगे। आज का वाक् अब समाप्त। अब वेदों का पाठ होगा।

९ 18 08 1972 पुष्प 24 नाना लोको के विज्ञान की तुलना

जीते रहोदेखो !, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुण गान गाते चले जा रहे थे। आज हम पूर्व से जिन वेद मन्त्रों की ध्वनियों अथवा उसमें विज्ञान की प्रतिभा का वर्णन करते चले जा रहे थे वे तुम्हें प्रतीत हो गए होंगे। आज का हमारा वेद उस महान् देव की महिमा का गुण गान गा रहा था। हे परमात्मन् तुझे वेद ने आग्नेय स्वरूप कहा है। तू इस संसार को तपाने वाला है। ! क्योंकि यह जो जगत् है यह आप ही की चेतना पान कर रहा है। आप का जो अग्निमय स्वरूप है उसी प्रकाश में यह मानव प्रकाशमान होता चला जा रहा है। हे भगवन् हम वास्तव में तेरे द्वार पर आए हैं। हमारा कल्याण कर। हमारी संसार में ! और कोई विशेष कामना नहीं है। केवल यदि कोई कामना है तो वह यह है कि आपके गुणों का हम गुण गान गाते रहें। आप की महिमा को सदैव प्रकाश देत े रहें और इन आज्ञाओं का हम पालन करते रहें जो प्रभु आपने हमें वेद रूपी अनुपम ज्ञान में प्रदान की हैं। जो ज्ञान और विज्ञान का भंडार है।

वेद ने तुझे मृत्युञ्जय कहा है। जिसके निकट मृत्यु नहीं होती। वह संसार की मृत्यु से ऊर्ध्व में ले जाने वाला है। हे प्रभोह !म आप की महिमा का गुण गान गाते चले जाएं। वह जो अनुपम देवी प्रकाशमयी अग्नि है वह हमें इस लोक में ऊँचा बनाती है। माता के गर्भस्थल में भी इसका प्रकाश उसका तेजोमय जो एक महान् तेज है। वह मानो माता के गर्भ में हम जैसे प्यारे पुत्रोंको तपा रहा है। तेजस्वी बना रह !ा है, तो वह प्रभु बेटा कितना विज्ञानमय है। आज हम उस देव की महिमा का जब गुण गान ! गाना प्रारम्भ करते हैं तो हमें ऐसा प्रतीत होने लगता है जैसे हम उस देव के आँगन में विराजमान हैं। क्योंकि वेद रूपी जो अनुपम सागर है उसमें जो अनुपमता अमृतमयी

है। उस अमृत को हम चरने वाले बनें। संसार में हम इस संसार सागर से पार होना चाहते हैं और यह कामना रहती है हे प्रभु हमें इस संसार से जो मान और अपमान ! दूर ले चल। हम दूरी चाहते है। हम क्या चाहते हैं !वाला जगत् है इससे हमें भगवन्? भगवन्हम इस महान् ईर्ष्या वाले जगत् में नहीं रहना चा !हते। नाना प्रकार के विडम्बना वाले जगत् में नहीं रहना चाहते हैं। हम उस जगत् में रहना चाहते हैं, जिस जगत् में आपकी अनुपम कृपा होती रहे। आपकी दया होती रहे और आपकी करुणामयी, आनन्द में हम सदैव पनपते रहे। तू माता बन करके हमारा जब कल्याण करती है तो वह आनन्दमय जो जीवन है वह इस अन्धकार से प्रकाश के मार्ग को जाता है।

प्रकाश का जो मार्ग है वह एक ऐसा पवित्र मार्ग है जिसको अपनाने के पश्चात् हमारे जीवन में पवित्रता आती चली जाती है। मेरे प्यारे हम सदैव पवित्रता चाहते हैं जिस ! पवित्रता को अपनाने के पश्चात् मानव का जीवन ऊर्ध्वगति को प्राप्त हो जाता है। माता जिस प्रकार अपने बालक अथवा शिशु को व्याकुल हुए को अपने कंठ में धारण कर लेती है। इसी प्रकार हे मांतू कैसी आनन्दमयी माँ है। तेरी जो आनन्दमयी !, ज्ञानमयी, विज्ञानमयी जो पवित्र तरंगे हैं उनको हम प्राप्त होते रहते हैं और हम धन्य और कृतज्ञ होते चले हैं। मां तेरी करुणा की सदैव आवश्यकता रहती है। यह जो ! संसार है यह ज्ञान और विज्ञान के मार्ग पर परम्परा से चला जा रहा है।

कल मेरे वत्स पुत्र ने एक वाक्य कहा था कि यह संसार विज्ञान के युग में जा रहा है। विज्ञान को आभाओं में रमण कर रहा है। लोक लोकान्तरों में, प्राणी मात्र में विज्ञान की पिपासा जागरुक हो रही है। परन्तु यह विज्ञान की पिपासा आध्यात्मिक वाद की पिपासा यदि इतनी बलवती हो जाए तो माँ की जो लोरियां हैं माँ का जो प्रकाशमय आँगन है वह बहुत ही सहज मानव को प्राप्त हो जाता है। वह कैसी मेरी माँ है? मेरे पुत्र ने यह कहा कि संसार चन्द्रमा की कल्पना, चन्द्र मण्डल के वैज्ञानिकों की वार्त्ता प्रकट कर रहे थे। मेरा हृदय तो बहुत गद् गद् हो रहा था, क्या मेरे वत्स कैसी ऊँची वार्त्ता और विज्ञानमय यह जीवन है। क्योंकि संसार में मानव जब माता के गर्भ स्थल में होता है तो उस देव और प्रभु ने ऐसी नस नाड़ियों का निर्माण किया है जिसके द्वारा

मानव का मस्तिष्क प्रबल बलवान होने पर जिसका विकास होता है। सूक्ष्म सा आश्रय लेने के पश्चात् उसका विकासमय जीवन बन जाता है। कैसा विकास, कैसी धाराएं बन जाती हैं? बारम्बार हम सदैव इस अनुपमता को प्रकट करते रहे हैं।

मुनिवरों विचार यह कि मानव का जीवन विज्ञानमय होना चाहिए। वह जो प्रभु का ! रचा हुआ यह मानव शरीर है, इसमें मानव विराजमान हो करके अनुसन्धान करता है। अनुसन्धान की वेदी पर विराजमान होता है। वह जो अनुसन्धानमय जीवन है वह कितना महान् पवित्र है। एक समय महाराजा अश्वपति के यहाँ उनके महामन्त्री ने एक वाक्य कहा कि महाराजहम सूर्य मण्डल में जाना चाहते हैं !, तो हम किस किस प्रकार अनुसन्धान करें? तो उस समय बेटा प्रश्नोत्तर प्रारम्भ होने लगे। यह कहा गया कि जो ! सूर्य की रश्मियां है। उन रश्मियों को हम घ्राण और नेत्रों के द्वारा अनुभव करेंगे। वास्तव में तो वे नेत्रों के द्वारा अनुभव होती हैं। हम जब अपने मानव जीवन को एक चित्रण और चित्र स्वीकार कर लेते हैं तो चत्रि में जब यह आभास होने लगता है वह प्रकाश आभासने लगता है जो सूर्यों को भी प्रकाशमान बनाता है। वह प्रकाश कितना तेजोमय है? उस प्रकाश की जो रश्मियां हैं, उसमें हम नाना प्रकार के पुट लगाते चले जाते हैं। परन्तु वह अग्नि तत्त्व प्रधान निर्माण होता है। उसमें अग्नि की नाना तरंगों को परणित कर दिया जाता है। अब यह यान जब अन्तरिक्ष में जाता है, भ्रमण करता है, भ्रमण करता हुआ वत्स सूर्य मण्डल की उन रश्मियों के मार्ग के लिए प्रेरित होने लगता है ! !उसमें अपने जीवन को आरम्भि बनाता हुआ पारलोकिकता में ले जाता है। तो मुनिवरों विचार क्या? मानव का जन्म होता है विकास के लिए सूक्ष्म वाहक नाड़ियों का जन्म होता है। जब मानव विकास करने लगता है उन्हीं नस नाड़ियों के द्वारा मानव जीवन विकसित होने लगता है। बेटा विकसित होने के पश्चात् जीवन में एक महान् आभा ! आने लगती है और वह जीवन कुछ समय के पश्चात् स्वयं प्रकाशमान बन जाता है। विचार यह है कि आज हम उस आत्मवेत्ता प् .... हास्यरकाश को जानने के लिए तत्पर हो जाएं। अब में अधिक चर्चा तो प्रकट नहीं करूंगा। क्योंकि मेरे प्यारे महानन्द ! जी बड़े उतावले हैं। यह अपने वाक्य उच्चारण करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

इनका वाक्य कल हमें बहुत प्रिय लगा परन्तु प्रियता में हमने आज भी इन्हें समय प्रदान किया। अब मेरे प्यारे महानन्द जी पक्षपात रहित अपना संक्षिप्त विचार प्रकट ! करेंगे।

पूज्य महानन्द जीः मेरे पूज्यपाद गुरुदेव मेरे !अथवा भद्र समाज !ऋषि मण्डल ! पूज्यपाद गुरुदेव का अभी अभी मनोहर विचार आत्मा का उत्थान करने के लिए प्रारम्भ हो रहा था। इनविचारों में हम ऐसा प्रतीत करने लगते हैं हमें ऐसा अनुभव होता है जैसे क्षुधा से पीड़ित माँ का प्रिय बालक उस माँ की लोरियों का पान कर रहा हो। परन्तु उसके आनन्द में रमण करते हुए हमें प्रायः ऐसा प्रतीत होता है। जैसे हम एक महान प्रतिभा में रमण कर रहे हों। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव की अभी अभी कुछ आत्मा का विवरण अथवा उनकी विचारधाराएं ऐसी गम्भीर और सौम्य प्रकट हो रही थीं। हम यह अपने में अनुभव कर रहे थे जैसे हम विज्ञानशाला में ही विराजमान हैं। परन्तु मैं आज कोई विशेष चर्चा प्रकट करने नहीं आया हूँ। केवल संक्षिप्त परिचय देने आया हूँ। वह मेरा कर्त्तव्य है। आज का समाज, आज का विज्ञान वह कितना महान है? मैंने कल के वाक्यों में अपने पूज्यपाद गुरुदेव से कहा था। हे भगवन् आज का जो मानवीय ! विज्ञान है उस विज्ञान में प्रायः दुरूपयोग है, सदुपयोग नहीं। आज का विज्ञान यह कह रहा है कि पुरातन काल में जो विज्ञान था, वह इस प्रकार का नहीं था। वह केवल सूक्ष्म था। आज का जो हमने विज्ञान जाना है उसमें सृष्टि के प्रारम्भ से विकास करते हुए यहाँ तक चले आए हैं कि हम वायु मण्डल में रमण करते हैं। परन्तु यह उनकी विडम्बना है। यह उनका विचार बहुत ही अशुद्ध है।

हमारा जो समय अथवा काल था उस काल में इस प्रकार का विज्ञान, इससे भी ऊर्ध्वा गति वाला विज्ञान महर्षि भारद्वाज मुनि आश्रम में प्रयुक्त रहता था। क्योंकि हमारे यहाँ पुरातन काल में और भी नाना वैज्ञानिक हुए। बहुत ऊँचा विज्ञान उनके समक्ष था। परन्तु उनका इतिहास उनकी प्रतिभा आज के समाज को प्रतीत नहीं है। उसका मूल्यांकन यह है। यह समाज कुछ समय से ऐसी रूढ़िवाद में चला गया। ऋषि मुनियों की जो विचारधारा उनकी नाना प्रकार की पोथियां थीं वे अग्नि के मुखारविन्द में परणित हो

गईं। तो इससे वैदिक साहित्य कोई प्राप्त नहीं होता। वेदों के जो उपवेद हैं अथवा उनसे मन्थन किया हुआ जो विचार है वह विचार अग्नि के मूर्खों में परणित हो गया। उसका मूल कारण केवल रूढ़ि है। धर्म को नहीं हम कह सकते। इसको हम रूढ़ि ही उच्चारण कर सकते हैं, परन्तु आज का जो युवक समाज है वह उसको यह उच्चारण कर रहा है, केवल यह विडम्बना और कल्पना है काल्पनिकता है। परन्तु इसको मैं कल्पना और काल्पनिकता कैसे उच्चारण कर सकता हूँ? हमारा तो मुख नहीं कह रहा है। उस विज्ञान की जब हम आज के विज्ञान से सन्तुलना करते हैं तो उसविज्ञान की आभा परम्परा की आभा से सन्तुलित नहीं होती। पुरातन काल के विज्ञान में यह था कि उसका दुरूपयोग नहीं होता था आज का जोविज्ञान है वह दुरूपयोग में परणित हो रहा है जैसे हमारे यहाँ पुरातन काल में महर्षि भारद्वाज ने एक चित्रावली बनाई थी और वह चित्रावली सर्वत्र राष्ट्रों में परणित रही। उन चित्रावलियों पर एक स्थल बनाया जाता था। उस स्थल पर चित्रण होता और वह लगभग 100 योजन दूरी इससे भी अधिक 100 सहस्त्रों सहस्त्रों योजन दूर उसकी चित्रावली यन्त्रों में प्रायः रमण करने लगती थी। आज भी वह विराजमान हैं। आज भी वह विकास कर रही है। वर्तमान काल में भी वह चित्रावली दृष्टिपात आती है। परन्तु आज का विज्ञान उस धारा पर नहीं पहुंचा है।

महर्षि भारद्वाज ने एक यन्त्र बनाया था। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने मुझे वर्णन कराया। उस विज्ञान में उसको चरितकेतु यन्त्र कहते थे। उस यन्त्र में यह विशेषता थी मानो एक हजार वर्ष पूर्व जिसका निधन हो गया है। यदि उसका रक्त का एक बिन्दु प्राप्त हो जाता था, तो उस यन्त्र में यदि उस रक्त के एक बिन्दु को लाया जाए। उसका उस यन्त्र में वास्तविक चित्र दृष्टिपात आने लगताथा। परन्तु वह विज्ञान अब कहाँ है? मैं उस विज्ञान को जब चर्चाएं करता हूँ। जब मैं अपने पूज्यपद गुरुदेव से प्रश्नोत्तर करता हूँ तो मेरा हृदय यह पुकारने लगता है।

परन्तु देखो, जहाँ यह विचार किया जाता है क्या इस प्रकार का यान अथवा यन्त्र एक यान इस प्रकार का महर्षि भारद्वाज और श्वेत केतु ने और महर्षि बालम्भ जी ने ऐसा यन्त्र बनाया था। एक मानव के उस स्थान पर से चले जाने के पश्चात् भी लगभग पांच

घड़ी के पश्चात् उस मानव का चित्र लिया जा सकता था। आज (दो घण्टे पश्चात् तक) वह विज्ञान कहाँ है? जब मैं इन यान एवं यन्त्रों पर विचार विनिमय करता हूँ, मैं जब उस विज्ञानशाला में परणित होता हूँ तो मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि आज का विज्ञान तो न होने के तुल्य है। परन्तु आज के विज्ञान का तो दुरूपयोग हो रहा है।

पूर्व काल के विज्ञान का सदुपयोग क्या था? एक चित्रावली बनाई। उसमें माताओं का चरित्र, ऋषि मुनियों का चरित्र, ब्रह्मचर्य का महत्व, सात्विक राष्ट्रीयता की विचारधारा और वैदिकता के मन्त्रार्थ जब उसयन्त्र से प्रसारित किए जाते तो सर्वत्र राष्ट्र स्वर्ग के तुल्य दृष्टिपात होता था। आज का समाज, आज का युवक आधुनिक यन्त्रों में मानो मेरी पुत्रियों के चित्रों को देखने में मग्न दृष्टिपात होता है। यह क्या है? यह केवल उनके जीवन की प्रतिभा उनके जीवन के सुकृत पुण)्य को हनन करने वाला विज्ञान है। (यह विज्ञान वास्तव में परम्परा से इस समाज में चला आ रहा है। यह विज्ञान तो प्रायः इस जगत में चला आ रहा है।

महर्षि धन्वन्तरि जी महर्षि भट्टाचार्य, श्री भट्ट, अश्विनी कुमारों और दधीचि की जब आयुर्वेद के ऊपर लेखनी बद्ध होती रहती थी तो प्रायः वह आयुर्वेद का भक्ष्य अभक्ष्य युवक समाज के समीप आता। शिक्षालयों में शिक्षा प्रदान की जाती। सबसे प्रथम आहार और व्यवहार पर ही बल दिया जाता। आहार और व्यवहार पर बल देना मानव के लिए बहुत अनिवार्य है। कल भी मैंने अपना विचार दिया था आज भी मैं उन वाक्यों की पुनरुक्ति तो नहीं करूंगा। केवल संक्षिप्त कोई वाक्य पुनरुक्ति में आ जाए तो उसमें मैं दोष स्वीकार नहीं करता।

आज मेरी पुत्रियां मेरी पवित्र माताएं, जिनका जीवन सदैव पवित्रता में परणित रहता। प्रभु की प्रतिभा उनके द्वारा अभीष्ठ है। परन्तु वे दूसरे के रक्त को पान करने में प्रसन्न होती हैं। आज का वैद्यराज कह रहा है कि आज मानव के हृदय की जो गति है अहः गति करते करते एक स्थान में शान्त हो जाती है। मानव की मृत्यु होने के लिए तत्पर होती है। वैद्यराज कह रहा है। क्या दूसरे के रक्त का पान किया जाए तो हृदय के लिए

गति आ सकती है? परन्तु प्रायः ऐसा नहीं है।
यहाँ आयुर्वेद यह कह रहा है कि यहाँ नाना प्रकार की औषधियों का वर्णन आ रहा है जैसे किसी मानव के हृदय की गति होते होते मन्द हो जाए अथवा धीमी पड़ जाए तो यहाँ ऋषिजन यह कह रहा है, आयुर्वेद यह कहता है, धन्वन्तरि जी और विष्णु जी यह कहते हैं स्वाति ब्रह्मः, स्वाति भ्रतिः अस्वाति लोकम् ब्रह्म व्यापक प्रवे यहाँ औषधियों के नामों का वर्णन है। ऐसा उन्होंने कहा। 1. शेल खण्ड स्वाति जो प्रायः पर्वतों में प्राप्त होती है आज भी उनके नाम उसी प्रकार हैं, परन्तु आयुर्वेद को कौन दृष्टिपात करता है। परन्तु जिसमें, 2. ब्रह्मकेतु 3. ब्रह्माणि और 4. शंख पुष्पी ये चार औषधियों इनका पात बनने के पश्चात् उनकी अग्नि में भस्म बना करके और मधु के द्वारा पान करने से गति उतने ही बलवती हो जाती है। परन्तु साथ में संयम, ब्रह्मचर्य की आभा से और उसको पान करने से मानो हृदय में गति पुनः से प्रविष्ट हो जाती है। परिणाम क्या कि आज का वैद्यराज यह कह रहा है। आज के औषधालयों में यह परणित किया जाता है कि मांस को भक्षण किया जाए। मांस के रक्त का स्वादन किया जाय। यह क्या है? युवक समाज उसी आहार को ले करके मानव प्रीति से अप्रीति में परणित हो रहा है। वह समय मुझे स्मरण है जब यहाँ विदेशियों का आक्रमण हुआ। उनकी छाया सर्वत्र मानो पृथ्वी मण्डल पर रहती थी। अर्थात् सारे आर्यावर्त पर छा रहे थे। आज जब यहाँ पश्चिमी विभाग में जाते हैं तो वहाँ कुछ और आहार प्राप्त होता है। मूल कारण क्या है इसका? वैद्यों की प्रतिभा और विज्ञान का दुरूपयोग है यह। विज्ञान का यदि दुरूपयोग न होता तो संसार की गति इस प्रकार की अशुद्ध न बन पाती। परिणाम यह मैं आज अधिक विवेचना नहीं दूंगा। विचार देना मेरा एक कर्त्तव्य है। मैं इसीलिए आ पहुंचा हूँ। मैंने अपने पूज्य गुरुदेव से आज्ञा पाई क्या मैं यह उच्चारण करना चाहता हूँ कि मानव के आहार के लिए एक अन्न को पान दुग्ध, गो घृत, इत्यादि का पान करना ही एक मानवता मानी जाती है। मानव को अपने आहार को पाक (पकाना संस्कृत भाषा का) करना चाहिए। (उर्दू भाषा का पवित्र)
मैं आज यह उच्चारण करने जा रहा हूँ। यहाँ जो भी महापुरुष आया उसने मानव के

आहार को मानव का आहार कहा। महात्मा ऋषि दयानन्द ने सबसे प्रथम कहा कि जहाँ प्राणी को अन्न प्राप्त नहीं होता, जहाँ केवल मांस ही मांस है, वहाँ प्राणियों को नहीं रहना चाहिए। उनका कितना ऊँचा आदेश था। आज उनका जो अनुयायी समाज है वह यज्ञवेदी पर विराजमान होता है परन्तु संकल्प में बद्ध रहता है। पर गृहों में देखो, नाना प्रकार के गर्भों को पान किया जाता है। कहाँ है वह ऋषि का विचार? परन्तु देखो, युवक समाज में विज्ञान नहीं। आज तो उसको ऐसा प्रतीत होता है, मुझे भी ऐसा प्रतीत होता है आज का समाज यह स्वीकार करता है। यह तो आज के संसार की मानो एक प्रतिष्ठा है। प्रतिष्ठा का सम्बन्ध है। आज के आहार को प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाया है। यज्ञ वेदी पर विराजमान होने वाला प्राणी आहार को पवित्र नहीं बना सकता। ऋषि की वेदी में भी ऊँचा नहीं बना सकता। परन्तु देखो, यह समाज कहाँ जा रहा है? इस समाज में मैं अधिक प्राणियों के ऊपर अपना विचार नहीं दे रहा हूँ। कुछ प्राणी अच्छे सुन्दर भी हैं। आहार व्यवहार में सुन्दर भी हैं। परन्तु देखो, विज्ञान का दुरूपयोग है। इसीलिए विज्ञान का पूर्वकाल के अनुसार दुरूपयोग नहीं होना चाहिए।

परन्तु जिस काल में विज्ञान होता है उसी काल में यह समाज विनाश को प्राप्त होता है। राजा रावण का काल विज्ञान में कितना उन्नत था परन्तु जिस काल में विज्ञान के दुरूपयोग होना प्रारम्भ हुआ उसी काल में भयंकर संग्राम हो गया उसी काल में विनाश को प्राप्त हो गया। राजा रावण के यह कितना विज्ञान था? मानो समुद्र को तरंगें भी इतनी उद्वेलित नहीं थी जितनी आज वर्तमान में है। इस भारत भूमि का और लंका की इतनी दूरी नहीं थी। समुद्र मानो कुछ समीप को आ गया है। पहली लंका कुछ समुद्रों में लुप्त हो गई। उस काल के पश्चात् क्योंकि जहाँ लगभग लाख वर्ष हो गए। न 9 जाने समुद्र कितने समय आया कितने समय चला गया। उसकी तरंगों में कितना लुप्त हो गया कितना प्रकट हो गया। यह नहीं कहा जा सकता। इसकी न मैं वर्णन ही करूंगा। परन्तु विचार यह क्या बहुत ही कम दूरी थी। जहाँ नल और नील दो वैज्ञानिकों ने सेतुबन्धु का निर्माण किया। निर्माण करने के पश्चात् रावण को सर्वत्र यह प्रतीत हो रहा था कि राम चला आ रहा है। तेरे से संग्राम करने के लिए। परन्तु यहाँ उनके जो

विधाता थे विभीषण परन्तु उनका राम से मिलान था। राम से स्नेह करने वाले थे और वह उस दुःखद रावण के व्यक्तित्व को स्वीकार नहीं कर पाते थे। उन्होंने रावण को पहले से अपनी वार्त्ता से एक सीमा में नियत किए हुए था परन्तु जब रावण ने उनको पदों से ठुकराया उसी समय उन्होंने राम से आकर प्रीति की। परिणाम जो हुआ वह सबको प्रतीत ही है। तथा नल और नील इतने वैज्ञानिक थे उन्होंने सेतु बन्ध बांधा। उसका निर्माण करने के पश्चात् उसी से ही आगमन् होने लगा। तब लंका इतनी दूर नहीं थी। समुद्र इतना लंबा नहीं था। लंका द्वीप बहुत ही निकट था। समुद्र की दूरी केवल ऐसी दूरी थी। जो सेतुबन्ध का निर्माण हो सकता था। तो परिणाम यह मैं विशेष चर्चा में जाना नहीं चाहता हूँ। विचार मैं यह देना चाहता हूँ कि आज का वैज्ञानिक क्या कह रहा है?

आज के विज्ञान की चर्चाएं हैं। क्या सूर्य मण्डल में इस प्रकार के गदेले विस्फोट) आ गए हैं जो इस समाज में और राष्ट्र में पृथ्वी मण्डल को दूषित बना (तथा अधंड़ सकते हैं। परन्तु देखो, आज के वैज्ञानिकों ने अच्छी प्रकार अनुसन्धान उस पर नहीं किया। मैंने कल के वाक्यों में कहा है उसकी दूषित छाया बुद्ध और शनि पर जा पहुंची है। इस पृथ्वी मण्डल पर प्रभाव हो सकता है परन्तु सूक्ष्म होगा। परिणाम यह कि मैं एक वाक्य यह प्रकट करने जा रहा था कि मैं जब विज्ञान के युग की चर्चाएं आधुनिक काल की चर्चाएं प्रकट करने लगता हूँ।

आधुनिक काल अपने में गौरव और अभिमान स्वीकार करता है। करना चाहिए भी। आज का विज्ञान चन्द्रमा में चला गया। मंगल के निकट चला गया। और भी नाना प्रकार के यानों का निर्माण और विचार होता रहता है। मुझे इससे बड़ी प्रसन्नता है। परन्तु जहाँ प्रसन्नता है वहाँ ऊँचा विचार भी होना चाहिए। आहार और व्यवहार में पवित्रता और विज्ञान में उन यन्त्रों का निर्माण होना चाहिए। उन यन्त्रों की प्रतिभा होनी चाहिए जिनयन्त्रों से राष्ट्र और समाज को ऊँचा बनाया जाए। वाणी को एक सूत्र में बांधने का संसार में एक सूत्र में लाने का प्रयास किया जाए।

ऐसा भी यान बनाने के लिए विज्ञान आज का तत्पर है जो मानो महाभारत के काल में

भगवान् कृष्णा और अर्जुन का जो संवाद था वायु मण्डल में जो विचरण कर रहा है उसको हम यन्त्रों के द्वारा लाना चाहते हैं। इस प्रकार का विज्ञान भी है। अहः वह विज्ञान एक महान् है। क्योंकि वह वाणी पर अनुसन्धान करने से ही वायु पर अनुसन्धान करना वायु की रश्मियों को (तरंग), अग्नि को रश्मियों को इन दोनों का समावेश किया जाता है। एक वैज्ञानिक यन्त्र बनाता है और वह यन्त्र बनाने से पूर्व अपना लक्ष्य है कि मैं वायुमण्डल में अन्तरिक्ष में जो शब्द भ्रमण कर रहे हैं मैं उन शब्दों को एक यन्त्र में लाना चाहता हूँ। भौतिक विज्ञान में लाना चाहता हूँ। क्योंकि वे शब्द तो प्रकृति के गर्भ में रमण कर रहे हैं और प्रकृति के गर्भ में जो वस्तु रमण करती है प्रायः हम उसकी एकत्रित कर सकते हैं। जैसे एक मानव यन्त्रों का निर्माण करता है शब्दों को ग्रहण करने के लिए। उसमें अन्तरिक्ष में जो परमाणु भ्रमण कर रहे हैं अथवा सूर्य की रश्मियां हैं और सूर्य की रश्मियों से भी एक सूक्ष्म रश्मियां होती हैं जो जेठाय नक्षत्र की (ज्येष्ठ) रश्मियां होती हैं। उन रश्मियों को और सूर्य की किरणों के द्वारा जो रश्मियां हैं उन दोनों रश्मियां को एकाग्र करते हैं उनको एक यन्त्र में स्थिर करते हैं क्योंकि उनको एक स्थली बनाते हैं मानो पृथ्वी के इतने पुट लगा करके और उसमें से प्राण वायु और प्राण के नाश देने वाली वायु का दोनों का हम मिलान करते हैं और मिलान करने के पश्चात् वे जो रश्मियां हैं उनमें कुछ प्राणदायक हैं कुछ प्राण को दूषित बना सकती हैं वे जो व्यान प्राण है जैसे व्यान प्राण हमारे कण्ठ के ऊपर का भाग है इसी प्रकार जो व्यान प्राण है जो प्रकृति में मानो वायु मण्डल में भ्रमण कर रहा है वह शब्द के साथ होता है वह प्राण और जेठाय नक्षत्र की जो रश्मियां हैं वे प्रायः उनसे हमें प्राप्त होती हैं। अग्नि की धाराओं में उनकी धारा रमण करती है। वायु की धाराओं में मिश्रित होता हुआ वायु मण्डल के परमाणुओं को वह अपने में एकत्रित करने का प्रयास करता है। उस यन्त्र में स्वतः इस प्रकार की रश्मियां होती हैं। इस प्रकार की आकर्षण शक्ति हो जाती है कि उस यन्त्र के द्वारा शब्दों को ग्रहण करने लगते हैं।

महर्षि भारद्वाज ने और भी अनेक आदि ऋषियों ने तो ऐसा कहा है। जैसे चित्र में एकस्थली का चित्र आ जाता है ऐसे वायु मण्डल में जो शब्दों के साथ में मानव के

शरीरों के जो चित्रण हैं, परमाणु हैं उनको भी मानव एकत्रित करके यन्त्र के द्वारा उनका चित्रण कर सकता है। यह महर्षि भारद्वाज मुनि ने कहा है। महर्षि भारद्वाज मुनि और अंगिरा मुनि और जो पौत्र थे श्रीणी मुनि महाराज, उनका मध्यकाल लगभग लाखों वर्षों की दूरी का समय बनता है। परन्तु उन्होंने जिस समय शब्दावली के यन्त्रों का निर्माण किया कि जिनसे हम शब्दों को ग्रहण करें, शब्दों को लाने का प्रयास करें। उन शब्दों को हम एक यन्त्र में लाते हैं जो ज्ञानमय यन्त्र ज्ञानमय परमाणुओं वाली वाणी के शब्द भ्रमण कर रहे हैं। उन शब्दों को एत्रित करना चाहते हैं। तो उनको उन्होंने अपने यन्त्रों में लाने का प्रयास किया। और प्रयास करने के पश्चात् जो लाखों वर्षों पूर्व के शब्द थेउन्होंने केवल स्वाति यन्त्र के द्वारा शब्दावलियों को अपने में ग्रहण करना प्रारम्भ कियका। वे अपने जैसे चित्रण मानो पटल पर चित्त होते हैं ऐसे वे उनका दिग्दर्शन करने लगे। तो विचार यह कि जो एक सहस्त्र का भी प्रमाण दे सकता है वह लगभग लाखों वर्षों का भी प्रमाण दे सकता है परन्तु मैं इस सम्बन्ध में अधिक विचार देना नहीं चाहता हूँ। विचार देने का अभिप्राय यह कि आज हम उस विज्ञान के युग में जाना चाहते हैं। आज का विज्ञान उस विज्ञान के लिए पिपासु रह रहा है पिपासा कर रहा है। हो सकता है यह विज्ञान आदि इस गति पर चलता रहा तो लगभग वर्ष के 50 पश्चात् इन गतियों को प्राप्त कर सकता है। इसी प्रकार आगे आने वाला जो समाज है, आगे आने वाला जो जगत है, उसमें यह सफलता को प्राप्त हो सकता है।

मैं यहाँ यह उच्चारण कर रहा था कि वह जो सूर्य मण्डल में जो गदेले आ गए हैं जिसमें उसकी दूषित रश्मियां मण्डलों पर आनी प्रारम्भ हो गई है। उसके विषय में यह मैंने कल के वाक्यों में भी कहा है। आज भी मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव को स्पष्टीकरण कराना चाहता हूँ। यह नाना प्रकार के वैज्ञानिक जो लोक लोकान्तरों में विज्ञान के ऊपर अनुसन्धान कर रहे हैं वह नाना प्रकार का अन्वेषण कर रहे हैं। मानो उनको आक्रमण कर करके उनको क्रियात्मक में लाना चाहते हैं परन्तु यहाँ विचार यह करना (प्रगति) 1) चाहिए हमारे यहाँ दो प्रकार के विचार हैं।) एक तो यह है वे जो सूर्य की रश्मियां हैं मानो वह जेठाय नक्षत्र के द्वार से होती हुई पृथ्वी मण्डल पर आती हैं। (ज्येष्ठा)

कुछ यह वैज्ञानिक कहते हैं परम्परा क्यों यह नहीं? जेठाय नक्षत्र की रश्मियां (ज्येष्ठा) 2) तो बहुत ही बलवती हैं।) परन्तु वह नक्षत्र केवल बृहस्पति के आँगन में हो करके पृथ्वी मण्डल पर आते हैं। परन्तु मैं इस विवाद में नहीं जाऊंगा। विचार यह कि वहाँ का वैज्ञानिक अन्वेषण कर रहा है और वहाँ का वैज्ञानिक विज्ञान के यन्त्रों का निर्माण करके उनका अन्वेषण, उनकी कृति क्रियात्मक में लाना चाहता है कि कितना शक्तिशाली यन्त्र है। परन्तु देखो, जैसे मंगल का वैज्ञानिक है। मंगल के वैज्ञानिक की चर्चाएं मैंने पुरातन काल में की हैं। वहाँ का वैज्ञानिक इस पृथ्वी मण्डल पर आया परन्तु यहाँ यन्त्रों को भी दृष्टिपात किया गया। उन यन्त्रों में उनका गुप्तचर विभाग भी यहाँ पृथ्वी मण्डल पर आया। परन्तु वह कुछ समुद्रों की तरंगों में प्रायः वह गुप्तचर अपने आँगन में रमण कर रहे हैं। वे यहाँ के प्राणियों से कुछ मध्यम हैं। परन्तु देखो, वे कुछ समय में अनुसन्धान करके चले जाएंगे।

परिणाम क्या कि उन समुद्रों में जैसा मैंने मंगल के विज्ञान की चर्चाएं की वहाँ समुद्रों में ऐसे पदार्थों को खोज किया जा रहा है जिनसे पान करने मात्र से ही वहाँ के समुद्रों में ऐसे पदार्थ प्राप्त होते हैं उनका एक समय पान कर लिया तो तीन तीन दिवस तक क्षुधा उनको प्रेरित नहीं करती। अहा उनको क्षुधा नहीं लग पाती। इसी प्रकार आज का विज्ञान भी इस पृथ्वी मण्डल के भी वैज्ञानिक इस प्रकार के प्रयत्न कर रहे हैं। वे प्रयत्नशील हैं कि हम कुछ ऐसे पदार्थों को समुद्रों में से पान करना चाहते हैं। मानो जिसको पान करने मात्र से क्षुधा शान्त हो जाए। यह जो पृथ्वी पर वसुन्धरा के गर्भ से अन्न उत्पन्न होता है यह सूक्ष्म बन जाए तो। परन्तु इस प्रकार की विचारधारा में आज का वैज्ञानिक अनुसन्धान करने को तत्पर है। परन्तु ऐसा प्रतीत होता है क्या चन्द्रमा, सूर्य और मंगल के जहाँ समुद्रों की कृतियां आती हैं जहाँ केवल यह है कि इस पृथ्वी मण्डल का जो समुद्र है उसमें सूक्ष्म वह खनिज प्राप्त होते हैं। परन्तु वह है अधिक मात्रा में। परन्तु वे इतने नहीं हैं। हो सकता है कि आज का वैज्ञानिक दस वर्षों के आने वाले समाज में आने वाले भविष्य में सफल हो जाएगा। सफल हो सकता है। अब

उनको निकालने में उनका अनुसन्धान प्रारम्भ हो रहा है।

मैं इस विज्ञान में अधिक नहीं जाना चाहता हूँ। केवल विचार देने का हमारा अभिप्राय यही है कि आज हम विज्ञान के युग में जाना चाहते हैं। विज्ञान की उस आभा को जानना चाहते हैं जिस आभा में मानव के शब्द मानव की प्रतिभा, मानव की कृति यह सब एक सूत्र में विराजमान हो रहा है। परन्तु मैं एक शब्द और उच्चारण करने जा रहा हूँ कि आज मानव को प्रतीत होना चाहिए कि यदि समाज में इस विज्ञान का दुरूपयोग होता रहा तो कुछ समय के पश्चात् वैदिकता में सूक्ष्मता आ जाएगी और कुछ समय के पश्चात् समानव समाज नास्तिकता में परिणाम हो जाएगा। यदि इस प्रकार का विज्ञान आता रहा तो आज का युवक समाज कहीं वार्त्ताएं, वेद की पोथी की चर्चाएं, यज्ञ, कर्म काण्ड की चर्चाएं होती हों ब्राह्मण जब स्वीकार कराते हों वहाँ तो मानव में आलस्य और प्रमाद आता है। परन्तु जहाँ यन्त्रों में नर्तकी नृत्य कर रही है, उनमें मानव मुग्ध हो रहा है। उनमें युवक समाज तल्लीन हो रहा है। हे मानव यह भोग विलास के साधन ! तेरे कितने काल तक चल सकते हैं? कुछ समय के पश्चात् तुम्हारा शरीर निर्जीव बन जाएगा। परन्तु उसमें नास्तिकवाद भी सूक्ष्म समय तक रहता है। आस्तिक होने का प्रयास करते हो परन्तु वह संस्कार तुमसे वह पटल दूरी चला जाता है। जैसे चित्र नहीं रहा वह चित्रण तुमसे दूरी चला जाता है इसी प्रकार जीवन का जो चित्रण है जीवन की जो एक धारा है, वह धारा उन रश्मियों में रमण करती हैं। वह रश्मि तुमसे दूर चली जाती हैं। कुछ समय के पश्चात् तुम व्याकुल होते हो और यह कहते हो हमने स्वीकार किया है कि हमने तो संसार में जीवन को यूं ही व्यर्थ कर दिया। उसमें व्यर्थता आ गई है।

तो परिणाम क्या? आज मैं यह उच्चारण करने अवश्य जा रहा हूँ। मानव समाज आज ! तुम्हें विज्ञान का सदुपयोग करना चाहिए। राजा को चाहिए, राष्ट्र को चाहिए। ब्राह्मण समाज को चाहिए कि वह राजा से कहे, हे राजा तेरे राष्ट्र में विज्ञान का सदुपयोग ! होना चाहिए। परन्तु आज जब मैं ब्राह्मणसमाज को दृष्टिपात करता हूँ क्या वे भी उसी आँगन में रमण कर रहे हैं। जिस आँगन में युवक समाज रमण कर रहा है। उसी

आँगन में वे भी रमण करने के लिए तत्पर हैं। परन्तु वह नियम और संयम दूर होता चला जा रहा है। मैं यह नहीं उच्चारण कर रहा हूँ कि सर्वत्र समाप्त हो गया है। परिणाम यह जो ब्राह्मण समाज है, राजा से कहे हे राजन्तेरे राष्ट्र में विद्रोह !, तेरे राष्ट्र में क्रान्ति आ जायगी। इस क्रान्ति को शान्त करने के लिए तुझे विज्ञान का सदुपयोग नहीं करना चाहिए, सदुपयोग करना चाहिए। उस सदुपयोग का परिणाम यह होगा कि विज्ञान सत्यता में रमण करता है।

विज्ञान तो प्रकृति गर्भ में है। विज्ञान तो प्रकृति का स्वभाव है। मानव का स्वभाव जानना है। परमात्मा का स्वभाव प्रकृति में ऋत और सत् देना है। यह तो प्रायः समाज चलता रहता है। परन्तु इस प्रकार की आभा ब्राह्मण समाज में होनी चाहिए।

जब मैं भक्ष्य और अभक्ष्य में जाता हूँ, आश्चर्य आता है चकित हो जाता हूँ। तो इस प्रकार आज मैं चकित होना नहीं चाहता हूँ। परन्तु देखो, यहाँ विज्ञान होना चाहिए। विज्ञान में सदैव महानता होनी चाहिए। आज हम उन वाक्यों में नहीं जाना चाहते हैं, जिन वाक्यों पर भिन्न भिन्न प्रकार की टिप्पणियां की जा सकती हैं। आज मैं माता से यह प्रार्थना किया करता हूँ, प्रार्थना करता रहता हूँ। हे मां तू पवित्र बन। हे माँ तेरा ! जब तू अपने गर्भ स्थल में !आहार पवित्र होना चाहिए। हे मां पुत्र का निर्माण, पुत्र का निर्माण तो प्रभुकरता है !, पालन ते करती है। माता जब तुम पालन करती हो उस समय भक्ष्य अभक्ष्य तुम्हारा पवित्र होना चाहिए। हे मां जो संस्कार तू अपने गर्भ ! स्थल में परणित कर देती है, वह संस्कार विद्यालयों में प्राप्त नहीं होते माता !ऐसा आयुर्वेद कहता है। ऐसा वेद का वचन कहता है। परन्तु यह विद्या केवल शब्दों में नहीं, यह विद्या तो वेदों में परणित होतीहै। यह विद्या तो अनुसन्धान वेत्ताओं से प्रतीत होती है। हे मांआज वह तेरे गर्भ से उत्पन्न होने वाला जो बालक है !, तू माँ है, लक्ष्मी है, मानो जितनी भी मेरी पुत्रियां हैं वे सब लक्ष्मी हैं कोई ब्रह्मचारी ऐसा गर्भ से उत्पन्न नहीं होना चाहिए जिससे माँ तेरे ही श्रृङ्गार को वह भ्रष्ट करने वाला बन जाए। क्योंकि माता को कुदृष्टिपात करने वाला मानव ही तो होता है और वह मानव उस काल में होता है जब मानव का सदुपयोग ऊँचा नहीं होता, उसका विचार ऊँचा नहीं होता, उसके द्वारा

संस्कार ऊँचे नहीं होते।

वह माँ भरण करने वाली है संस्कारों का। उन्हें विद्या प्रदान करने वाली है संस्कारों का। उन्हें विद्या प्रदान करने वाली है। जब माँ दूषित हो जाती है तो इस संसार को ऊँचा कौन बना सकता है? आदि ऋषियों ने कहा है कि माँ ऐसी होनी चाहिए, जो आयुर्वेद को जानने वाली हो। माँ ऐसी होनी चाहिए जो अपने पुत्रों (सोलह) को षोडश ! वर्ष की अवस्था तक ऊँची शिक्षा प्रदान करने वाली हो। उसके पश्चात् माँ हृदय को हृदयग्राही बना करके उज्ज्वल बना देती है। वह पवित्रता इस संसार में होनी चाहिए। मैं कोई अधिक चर्चा नहीं दूंगा आज मैं इतना उच्चारण करने आया हूँ कि विज्ञान तो होना चाहिए परन्तु विज्ञान का सदुपयोग होना चाहिए।

आज के समाज में आज के लोक लोकान्तरों का विज्ञान कितना महान् है कितना ऊर्ध्व है। सूर्य मण्डल का जो विज्ञान है मैंने कल के वाक्यों में कहा है इस पृथ्वी मण्डल के विज्ञान से एक सहस्र वर्ष आगे वहाँ का विज्ञान है। परन्तु देखो, मंगल का जो विज्ञान है वह इस पृथ्वी मण्डल के विज्ञान से सौ वर्ष आगे है। आज जब मैं यह पान करता हूँ हमारे यहाँ महर्षि जब कालक अप्रवे ध्रुव अस्तम्, ध्रुव मण्डल में पहुंचे तो नारद ने यह कहा कि ध्रुव मण्डल में तुमने क्या पाया? उन्होंने कहा प्रभु मुझे तो वहाँ जीवन ! प्राप्त होता है। मुझे तो वहाँ जीवन प्रतीत होता है। वहाँ तो योनियां रहती हैं। परन्तु इस प्रकार प्रत्येक लोक लोकान्तरों में जैसा वहाँ का वायु मण्डल है वहाँ भी चारों प्रकार की सृष्टि इसी प्रकार की है। परन्तु जैसा तत्त्व प्रदान होता है उसी तत्त्व का वहाँ खनिज खाद्य है उसी प्रकार का वहाँ प्राणी मात्र है। इसी प्रकार वहाँ उसी प्रकार का विज्ञान है। विज्ञान की मात्रा भी उसी प्रकार है। अनुसन्धान, अन्वेषण सर्वत्र होते रहते हैं। परन्तु वहाँ के वैज्ञानिक यन्त्रों में उस विज्ञान को दृष्टिपात करते हैं। इसी प्रकार क्योंकि मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने इस विज्ञान पर कुछ अनुसन्धान किया है। इसका विचार मेरे पूज्यपाद गुरुदेव अच्छी तरह इसका अन्वेषण करते रहते हैं। विचार विनिमय करते रहते हैं। परन्तु आज हम तो इतना उच्चारण कर सकते हैं कि आज हम उस विज्ञान

की रश्मियों को अच्छी प्रकार जानने का प्रयास करते रहें।

मंगल से आने वाला जो प्राणी है, मानो जो यान यन्त्र आए हैं उन यानों का वर्णन करने से मानव का निधन हो गया है, केवल वर्णन करने से मीमांसा करने से ऐसा नहीं प्रतीत होता। परन्तु यह वाक्य मुझे कुछ मिथ्या प्रतीत होता है। क्योंकि विज्ञान के युग में कोई ऐसा विश्लेषण नहीं आता। एक वाक्य आता है, जो इस विज्ञान का विश्लेषण करता है, ऐसा गुप्त विभाग प्रायः मंगल मण्डल से पुरातन काल में भी आता रहा है। और मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने प्रकट किया है, कि महाभारत काल में जो अर्जुन जी थे वह उस समय चन्द्रमा में यानों के द्वारा गए और वहाँ विज्ञान को प्राप्त करने आए। इस प्रकार का प्रायः वैज्ञानिकों का लोकों में यातायात भी रहा है, परम्परा से रहा है आज भी बनने वाला है, बनता रहता है।

मैंने कल एक वाक्य कहा था कि संसार के इस ब्रह्माण्ड के वैज्ञानिकों का, सूर्य मण्डल का जो वैज्ञानिक लृतकेतु है और मंगल का जो श्वेत केतु है और जो बृहस्पति का जो रोहिणी केतु जो ये तीन वैज्ञानिक हैं इनका यह विचार है कि हम चन्द्रमा और सूर्य के मध्य में एक ऐसा स्थल बनाना चाहते हैं जिसमें ब्रह्माण्ड के वैज्ञानिक विराजमान हो करके उस पर कुछ विचार विनिमय कर सकें। संसार का वैज्ञानिक उसमें आता चला जाए। इस प्रकार का जो विज्ञान मानव के विचारों में आता रहता है संसार और ब्रह्माण्ड के विचारों में आता रहता है। परन्तु देखो, इससे मुझे ऐसा प्रतीत होता है वह विज्ञान सफल हो भी सकता है नहीं भी हो सकता। इसमें मैं आगे आने वाले समय के लिए कोई वाक्य प्रकट नहीं करूंगा। परन्तु इस प्रकार का वैज्ञानिकों का विचार है।

आधुनिक इस पृथ्वी मण्डल का जो वैज्ञानिक है वह तो यह विचार रहा है कि पृथ्वी मण्डल और जहाँ पृथ्वी की आकर्षण शक्ति समाप्त होती है, और चन्द्रमा की आकर्षण शक्ति और पृथ्वी की आकर्षण शक्ति जहाँ दोनों की समान है, वहाँ एक स्थल बनाना चाहिए। वहाँ एक ऐसा स्थल बनाना चाहिए जिससे यहाँ का यान जाए और वहाँ कुछ समय तक विश्राम करके आगे यान रमण करने वाला बने। वैज्ञानिक यह विचार विनिमय

करता है।

परन्तु ब्रह्माण्ड का वैज्ञानिक यह विचारता है कि चन्द्रमा का ऊपरला जो कक्ष है और बृहस्पति के बराबर त्रिकोण वाला जो स्थल है और जहाँ मंगल की प्रतिक्रिया समाप्त प्रारम्भ होती है और सूर्य की प्रतिक्रिया बहुत निकट आ जाती है वहाँ एक स्थल बनना चाहिए। जहाँ संसार का ब्रह्माण्ड का वैज्ञानिक विराजमान हो करके विचार विनिमय करने वाला बने। तो इस प्रकार की विचारधारा ब्रह्माण्ड के वैज्ञानिकों की प्रायः चलती रहती है।

अब कोई मुझे यह उच्चारण करे कि आपने यह कैसे जाना? आपको यह कैसे अनुभव हो रहा है? मुझे अनुभव यह है कि जो सूर्य की रश्मियां हैं, वायु मण्डल है, वायु मण्डल में जो तरंगें हैं, उन तरंगों से हम अपनी यौगिकता से इसका अनुभव प्रायः करते रहते हैं। यौगिक जो जीवन है वह वैज्ञानिक जीवन से हजार वर्ष क्या लाखों वर्ष आगे रहता है, सदैव रहता चला आया है। एक मानव जो शब्दों को ग्रहण करता है वायु मण्डल में से, योगों उन शब्दों को चरता है, उनको चर लेता है। सूक्ष्म शरीर को जो जानता है। क्योंकि यह जोविज्ञान है यह सर्वत्र विज्ञान सूक्ष्म जो मात्रा है प्रकृति उसके अन्तर्गत भ्रमण करता है और योगी का जो विचार है सूक्ष्म शरीर से ऊर्ध्व गति जो कारण शरीर वाला जो लिंग है जब उसका तारतम्य, सूक्ष्म शरीर स्थल शरीर का तारतम्य योगी के लिए एक हो जाता है, उस समय वह सूर्य की रश्मियों से क्या, वायु की रश्मियों से क्या, इन पञ्च महाभौतिक जो अणुओं से भी सूक्ष्म कण हैं परमाणु हैं वह उसके निकट आ जाते हैं और योगी उनसे आगे आगे रहता है। योगी इस भौतिक विज्ञान से बहुत आगे रहता है।

सूर्य मण्डल का जो विज्ञान है वह इस पृथ्वी मण्डल से एक सहस्र गुणा आगे है। बृहस्पति का विज्ञान सूर्य मण्डल से एक सौ वर्ष आगे है और ध्रुव मण्डल का जो विज्ञान है वह बृहस्पति के विज्ञान से एक सहस्र वर्ष आगे है रमण करता रहता है और योगी का जो विज्ञान होता है उसकी जो यौगिकता है वह बृहस्पति के विज्ञान से एक लाख गुणा अधिक आगे ही आगे रमण करती रहती है। तो प्रायः योगियों का यौगिकता

में रमण करने वाला जो विचार है वह एक महत्ता में रमण करता रहता है। तो मैं इस सम्बन्ध में अधिक चर्चा नहीं प्रकट करूंगा। इसीलिए हमारे यहाँ योगीजन विज्ञान को जानते हुए भी प्रकट नहीं करते हैं। क्योंकि वे यह जानते हैं कि यह जो भौतिक विज्ञान है, यान्त्रिक विज्ञान है, इससे प्राणी को कोई विशेष लाभ प्राप्त नहीं होता। क्योंकि इसका दुरूपयोग होने लगता है तो विज्ञान भ्रष्ट हो जाता है और यदि इसका सदुपयोग होने लगता है तो सत्य में रमण करने लगता है प्रायः ऐसा है कि प्रकृति के विज्ञान में अहंभाव अधिक होता है इसीलिए सदैव इसका दुरूपयोग होता रहा है। अन्त में दुरूपयोग होता है और जब दुरूपयोग होता है तो समाज में रक्तभरी क्रान्तियां आ जाती हैं। क्योंकि जैसे रावण का काल, महाभारत का काल, विष्णु काल, देवासुर संग्राम प्रायः परम्परा से इस प्रकार का संग्राम होता रहा है। आज मैं इस सम्बन्ध में अधिक चर्चा नहीं करूंगा।

मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से प्रार्थना किया करता हूँ। हे भगवन मैं तो यह उच्चारण ! करने जा रहा हूँ वैदिक जो साहित्य है, इसमें वेद का विज्ञान ही विज्ञान रहता है। यह विज्ञान का एक भंडार है, परन्तु देखो, कुछ रूढ़िवादियों ने इस वैदिकता पर बड़े भयंकर आक्रमण किए हैं। इस पृथ्वी मण्डल पर ऐसे भयंकर आक्रमण किए कि इसको अग्नि के मुखारविन्द में देना चाहा। परन्तु यह तो वैदिकता है। यह तो प्रभु की वाणी ! है। यह कैसे विनाश को प्राप्त हो सकती थी? इसका विकास तो प्रायः होता रहता है। जितना विज्ञान है। वैज्ञानिक है वह इसके ऊपर अनुसन्धान करें। इसी से विज्ञान की मात्राओं का जन्म होता है। ईश्वरीय जो ज्ञान है उसमें यौगिकता होती है और (अंशों) जहाँ यौगिकता होती है वहीं परमाणुवाद पर अनुसन्धान होता रहता है।

मुझे केवल यह विचार देना है कि संसार में प्रायः विचार ब्रधे आज प्रायः। मानव यह कह रहा है कि हम रुग्ण होते चले जा रहे हैं और आगे रुग्ण होते चले जाएंगे। परन्तु यह दोष सूर्य मण्डल का नहीं है। यह दोष यहाँ के प्राणी के भक्ष्य और अभक्ष्य का है। जो आगे दूषित होता चला जाएगा। रुग्ण होता चला जाएगा। क्योंकि आयुर्वेद में ऐसी ऐसी औषध है कि जो मानव को प्राण शक्ति प्रदान करती हैं। जिससे मानव जीवन में

विभोर हो जाता है।
परन्तु यहाँ नाना प्रकार का विचार मानव के विचारों में आता रहता है। वैज्ञानिक सदैव परम्परा से अनुसन्धान करते चले आए हैं। अनुसन्धान करते रहेंगे। धर्म एक रस रहता है, रूढ़ियों में भिन्नता रहती है। इसीलिए आज हम उस आँगन में जाना चाहते हैं जिस आँगन में परणित होने पर हमारी अन्तरात्मा को शान्ति हो, धर्म की रक्षा हो, यज्ञ की रक्षा हो। परन्तु आज का विज्ञान अनुसन्धान कर रहा है परमाणुओं का। यह जो दूषित प्राण वायु रमण कर रही है वायु मण्डल में विज्ञान यह कहता है कि आज से से 40 वर्ष के पश्चात् यहाँ प्राणी की सांस की गति भी मन्द हो जायगी। क्यों कह रहा 50 है? क्योंकि वह परमाणु मानव को प्राप्त नहीं हो रहे हैं, जिन परमाणुओं से वह परमाणु विनाश को प्राप्त हो जाए। एक एक परमाणु सहस्रों परमाणुओं को निगल जाए। ऐसा परमाणु यज्ञ के द्वारा यागों के द्वारा उत्पन्न होता है। इसीलिए प्रत्येक मानव को याग करने चाहिए। वेदों में यागों का बड़ा महत्व है। इसीलिए यज्ञ होने चाहिए। विचारों के याग, सुगन्धित के याग, पुष्टि याग, नाना प्रकार के याग होने चाहिए। इस प्रकार आज मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से आज्ञा पाऊंगा। अहः मेरे पूज्यपाद कल यदि सूक्ष्म समय ! देंगे तो और विचार प्रकट करूंगा।
पूज्यपाद गुरुदेवः मेरे प्यारे महानन्द जी ने कुछ विज्ञान की !आज मेरे प्यारे !ऋषिवर ! चर्चाएं प्रकट कीं। कुछ ऐसी वार्त्ता थी जो कलकी वार्त्ता में पुनरुक्ति प्रविष्ट थोड़ी सी होती जा रही थी। कुछ ऐसे शब्द हैं, जिन शब्दों में एक महत्ता है। यह विचार तो हमारे यहाँ परम्परा में प्रायः होते रहे हैं। विचारों में जो महत्ता है इस विज्ञान का जो सदुपयोग है वह प्रायः होना ही चाहिए। क्योंकि विज्ञान का दुरूपयोग विज्ञान को ही निगल जाता है। इसीलिए हमें यह विचारना है कि हम वैदिक विचार को लेकर के चलें और वैदिक विचार में ये सर्व विद्याएं हैं। परमाणु विद्याएं हैं। परमाणु विद्या को लेकर आदि ब्रह्म ने यज्ञ का निर्माण किया। और उन यज्ञों के द्वारा मानव के विचारों को शुद्ध बनाने का प्रयास किया।
आज का वाक् अब समाप्त होने जा रहा है। कल समय मिलेगा तो महानन्द जी के

विचारों पर टिप्पणी की जाएगी। अब यह विचार समाप्त। अब वेदों का पाठ होगा।

१० 01 05 1973 पुष्प 24 महाराजा गणेश के वाहन का वैज्ञानिक वर्णन

जीते रहोदेखो !, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। प्रत्येक मानव वैज्ञानिक बनना चाहता है परन्तु ज्ञान में भी अपनी आभा अथवा प्रतिष्ठा चाहता रहता है। आज जब हम इन वाक्यों पर जाते हैं तो मानव का हृदय तो सर्वत्र वस्तु को चाहता रहता है परन्तु वह वस्तु मानव को किस प्रकार प्राप्त होती हैं इन वाक्यों पर हमें विचार विमर्श करना है। प्रत्येक मनुष्य अपनी उर्ध्व गति चाहता है। वह कैसे होती है? आज मैं योग की विवेचना तो नहीं करूंगा परन्तु यह उच्चारण करना है कि हमारे जीवन में मानवीयता का एक प्रार्दुभाव, एक संकलन है वह मानव के समीप होना चाहिए।

आज के हमारे वेद पाठ में आ रहा था तप हृदयश्य प्रभा तपं मातृस्थिति सुप्रजा बेटा ! वेद क्या कहता है? हेमाता तू तपाने वाली है, मम् वाचा मम् स्थिति अश्वेति माता बेटामाता तपाने वाली है और वह हमें ! तपाती रहती है, प्रेरणा देती रहती है, हम प्रेरणा को धारण करने वाले बनें। माता का शिशु है वह उसकी इन्द्रियों को तपाने का प्रयास करती है। माता नहीं चाहती कि मेरे पुत्र में सर्व गुण न हों। उसकी यह आकांक्षा होती है कि मेरे गर्भ से जिस पुत्र का जन्म हो अथवा पुत्री का हो वह महान हो जिससे मेरा जीवन भी ऊर्ध्व बने, परन्तु इसके लिए प्रत्येक मानव को तपस्या करनी है। माता जब तपस्या करती है तो ममतामयी ऐसी पवित्र बन जाती है कि तप में रमण करती हुई उसका तप उसके हृदय को उर्ध्वा बना देता है। मुझे स्मरण आता रहता है महर्षि शाकल्य मुनि की माता ने यह विचारा और अपने पति से कहा कि भगवन् मेरा हृदय ! यदि !कैसे प्रदीप्त हो सकता है। उस समय शाकल्य मुनि के पिता ने कहा हे देवी तुम अपने को प्रतिष्ठित चाहती हो तो अपनी मनोभावना को प्रतिष्ठित बनाने का प्रयास करो। ऋषि पत्नि ने तप किया। तो आज कावेद पाठ हमें तप के लिए घोषणा करता है। हे मानव तू तपस्वी बन। आज तुझे ऊर्ध्वा गति बनानी है तो तपस्वी बन। !

यज्ञशाला में विराजमान होने वाला यज्ञमान यह विचारता है कि मेरा जीवन सर्वोपरि

बन जाएं परन्तु तपाम् हृदयानि गच्छत अं प्रभे अस्ताः हे मानवतू अपने हृदय को ! तपा और आन्तरिक जोज्योति है उसको अपने साथ साथ करने का प्रयास कर। वह जो अन्तरात्मा में ज्योति है जिसके द्वारा तेरा शरीर जीवित है अथवा जिसको जीवन कहा जाता है चेतना बनी रहती है, यदि चेतना इस शरीर में नहीं होगी तो यह शरीर चेतनित नहीं बनेगा उस समय यह मृतक कहलाता है जैसा मैंने इससे पूर्व शब्दों में कहा है। मानव इस चेतना के संहारे ही चेतनित रहता है।

बेटा मुझे वह काल भलिभांति स्मरण आता रहता है जब यहाँ ऋषि मुनियों का समय ! था और अपना विचार विनिमय होता रहता था। आत्मा, परमात्मा की प्रतिभा में रमण करने वाला मानव अपने जीवन को सौभाग्यशाली स्वीकार करता है। जब हम उनकी सभा को दृष्टिपात करते हैं, उनके विचार, उनकी महती प्रतिभा को अपने में अनुकरण करने का प्रयास करते तो ऐसा प्रतीत होता था, ऐसा अनुभव करते रहते थे कि मानव को दार्शनिक बनना चाहिए और मानव के समीप मानव का दर्शन होना चाहिए।

बेटामानवीय दर्शन क्या है !? तप है। मानव को अपनी ऊर्ध्वा गति बनाना हो उसकी दार्शनिकता समझा है। दर्शन वह कहलाता है जिससे मानव में, प्राणीमात्र में, स्नेह की तरंगे ओत प्रोत हो जाती हैं, मानव त्याग और तपस्या में परणित हो जाता है। आज मैं अधिक विवेचना प्रकट करने नहीं आया हूँ केवल यह वाक्य प्रकट करनेआया हूँ कि हम अपने प्यारे प्रभु का गुणगान गाते रहें और प्रभु की इस अमोघ आभा को जानते रहें जिस आभा में मानव सदैव आल्पावित रहता है अथवा विचार विनिमय में करने वाला आभा से लिप्त होता है।

मुनिवरों मुझे भगवान् राम !का साहित्य भी स्मरण आता रहता है, और भी नाना वार्त्तायें स्मरण आती रहती हैं परन्तु आज मेरे प्यारे महानन्द जी प्रेरित कर रहे हैं यज्ञम् ! भवति विश्वस्य प्रभा आज मैं यज्ञ की विवेचना नहीं कर रहा केवल यह कि संसार में मानव को यज्ञ करने चाहिए क्योंकि याज्ञों में रमण करने वाला प्राणी की अभिशाप नहीं होता और जो मानव याज्ञ में रमण नहीं करता उसका जीवन संसार में व्यर्थ होता है।

बेटा शिव याग किसे कहते हैं। हमारे वैदिक साहित्य में शिव के नाना प्रकार के !

मेरे प्यारे महानन्द जी ने मुझे एक समय निर्णय कराया कि आधुनिक काल का जगत ! यह कहता है कि छह माह तक निद्रा में रहते थे और छह माह तक वह जागरुक रहते थे। प्रायः ऐसा नहीं था। वह छह माह राष्ट्र के लिए देते थे और छह माह तक वह हिमालय में शान्त अज्ञातवास में विज्ञान का चिन्तन करते थे। मुझे उनका जीवन स्मरण भी आता रहता है। विचार विनिमय यह कि महर्षि भारद्वाज मुनि राजा रावण के विधाता कुम्भकरण जिनको निश्चित ही आख्यात वैज्ञानिक कहा जाता था कि विज्ञानशाला में अनुसन्धान करते। वह सदैव चित्रों पर चिन्तन करते रहते कि यह जो चित्र आते हैं यह कहाँ से आते हैं। उन्होंने एक एक शब्द में चित्र माना है और उन्होंने ऐसा कहा है कि जैसे हमारा यह अन्तःकरण है जिसको हम चित्त कहते हैं अब वह जो चित्त नाम का स्थल है वह प्रकृति का भी चित्त है। यह तो मानो शरीर में चित्र है प्रकृति का क्योंकि पञ्च महा भौतिकों का संघात हुआ, एकीकरण हुआ, एकीकरण हो करके शरीर का निर्माण हो गया। इसके पश्चात् इन्हीं पञ्च महा भौतिक सूक्ष्म धाराओं की, परमाणुओं की, महा परमाणुओं की, अणुओं की धाराओं का चित्त नाम का स्थल बन गया। इसी प्रकार महर्षि भारद्वाज ने यह निश्चय किया कि जैसा चित्र मानव के स्थान में है उन्होंने यह निर्णय किया कि मैं कौन हूँ क्योंकि मैंने अपने पूज्य गुरुदेव के द्वारा जो अध्ययन किया था वह विद्या मेरे इस मानव चित्त में विराजमान है। अब उन्होंने विचारा कि इसी

प्रकार वायु मण्डल में क्या मानो इस पञ्च महा भौतिक तत्त्व है। इनमें वह धारायें विराजमान हैं इन धाराओं को जानना है। तो कहा जाता है कि महर्षि भारद्वाज ने इन धाराओं के ऊपर चित्रण करना प्रारम्भ कर दिया। जब वह चित्रण करने लगे, विचार विनिमय तो उन्होंने इस चित्त को ले करके चार यन्त्रों का निरीक्षण किया। सबसे प्रथम उन्होंने इस चित्र का भी निरीक्षण किया कि मैं यह जानना चाहता हूँ कि जैसे एक महापुरुष एक स्थली पर उस महापुरुष के अन्तःकरण का जो वातावरण है, विचार धारा है वह वायु मण्डल में भ्रमण करती रहती है, मैं यह जानना चाहता हूँ कि वह जो वायु में धारायें हैं उस स्थली पर जिस पर ऋषि तपस्या करते हैं और वह जो तप के परमाणु हैं वह उस स्थान पर विराजमान रहती हैं तो ऋषि ने इसके आँगन में यन्त्र का निरीक्षण किया। जिस यन्त्र का उन्होंने निर्माण किया और उस यन्त्र में यह विशेषता थी कि एक मानव एक स्थान पर विराजमान है, वह मानव यदि चला जाए तो ढाई घड़ी के पश्चात् उस यन्त्र से उस मानव का चित्र आ जाता है। यह विज्ञान धारा है। उसी चित्र को ले करके उन्होंने चित्रा अन्वेषण अवरात नाम के यन्त्रों का निर्माण किया।

वह यन्त्र उन्होंने कैसे जाना? वह उस प्रकृति के परमाणुओं से जाना है क्योंकि इसमें अग्नि के और वायु के परमाणुओं का अधिक मिश्रण होता है और जल में परमाणु सूक्ष्म होते हैं और पार्थिव परमाणु मानो उसके लिए आरज्यसी में होते हैं और अन्तरिक्ष के परमाणुओं की अधिकता होती है। उनका मिलान किया जाता है और एक यन्त्र बन जाता है। अब वह जोयन्त्र है उसमें यह विशेषता आ जाती है। वह चित्र के आधार पर जैसे योगीजन योग से चित्त को जान लेते हैं इसी प्रकार उन्होंने एक यन्त्र का निर्माण किया। अब आगे चल करके उन्होंने द्वितीय यन्त्र का निरीक्षण किया। द्वितीय यन्त्र किस प्रकार का था कि मानो एक मानव अन्तःकरणी है, उसकी यदि सौ वर्ष की अवस्था है तो बाल्यकाल के संस्कार सौ वर्ष के पश्चात् भी मानव के जीवन में आ जाते हैं, वृद्धपन में वह बाल्यकाल की कल्पना करता है और वह प्रायः स्मरण आ जाते हैं कि मैं ऐसे आँगन में रमण करता रहता था, ऐसी ऐसी बातें होती रहती थी तो अन्तःकरण में वह संस्कार जागरुक हो गया। इसी प्रकार उन्होंने यह जाना कि यह जो अन्तरिक्ष है यहाँ

प्रत्येक रक्त के बिन्दु में चित्रावली होती है उसके दिग्दर्शन होते रहते हैं तो इसको भी जाना। तो ऋषि ने यह जानने का प्रयास किया। महर्षि भारद्वाज, स्वाती ब्रह्मचारी, अस्वेत्तांगनी प्रतिभा और माता ब्रहणी प्रेम केतु यह वैज्ञानिक उनकी विज्ञानशाला में इसके ऊपर अन्वेषण करते। इनको जानने के लिए महर्षि भारद्वाज मध्य में विराजमान होते और वेद मन्त्रों के अध्ययन के ऊपर उनका विचार विनिमय चलता रहता था तो ऋषि के अनुवाती ऋषि को यह निर्णय किया कि जैसे एक मानव है और उस मानव का यदि निधन हो जाएं और सौ वर्ष कनिधन हुए हो गया हो और यदि कहीं उसके रक्त का बिन्दु प्राप्त हो जाएं तो एक रक्त के बिन्दु में इतने परमाणु कि वह यन्त्र इस प्रकार का था कि सौ वर्ष में सौ वर्ष पूर्व जिस मानव का निधन हो गया उस यन्त्र में उस मानव का साक्षात्कार चित्र आ जाता था एक रक्त के बिन्दु से। तो ऋषि ने यह निर्णय किया एक रक्त के बिन्दु में भी प्रायः इतने परमाणु होते हैं तो उन्होंने परमाणुवाद के ऊपर बहुत ही ऊँचा बल दिया।

अब तृतीय प्रकार का यन्त्र उन्होंने इस प्रकार का यान्त्रित किया और सिद्ध किया कि हे मानव जो भी शब्द तू उच्चारण करता है वह शुद्ध हो अशुद्ध हो परन्तु वह अन्तरिक्ष ! में विराजमान हो जाते हैं। उन्होंने सिद्ध किया कि वातावरण अशुद्ध कैसे होता है और शुद्ध वातावरण कैसे होता है। उन्होंने प्रमाण देते हुए ऐसा कहा, मैं भी किया करता हूँ, इन प्रमाणों को, जैसे एक मानव है पुत्र है, पुत्री है, पत्नि है, पुत्र वधु है और यदि गृह में एक मानव दूसरे से प्रसन्न रहेगा तो गृह में स्वर्ग की कल्पना की जाती है परन्तु जब एक मानव दूसरे मानव से क्लेश युक्त रहता है, गृह में कलह रहती है, नेत्रों से जल की वर्षा होती रहती है गृह में। तो वह गृह गृह नहीं रहता वह नार्किक गृह बन जाता है क्योंकि वह जो क्रोध के परमाणु वातावरण में ओत प्रोत हो जाते हैं। तो मुनिवरों ! मानव कहता है कि यह गृह तो मुझे शोकयुक्त प्रतीत होता है। इसी प्रकार ऋषि ने यह सिद्ध किया है कि यह जो अन्तरिक्ष है इसमें जो परमाणु रमण करते हैं जैसे एक मानव मिथ्या उच्चारण करता है तो जब वह शान्त होता है उसका अन्तःकरण उसे धिकारने लगता है क्योंकि अन्तःकरण में भी वह चित्त विराजमान है। ऋषि ने कहा है

कि वह जो अशुद्ध वातावरण है परमाणु हैं वह वायु मण्डल में भरण हो जाते हैं और उस वायु मण्डल में शुद्ध जो शब्द होते हैं वह द्युलोक को प्राप्त हो जाते हैं तो ऋषि भारद्वाज ने ऐसा सिद्ध किया कि प्रत्येक शब्द के साथ में उस मानव का चित्र भी जाता हैं वह जोयन्त्र निर्णित किया उस यन्त्र की चित्रावली अनुवासन वायु स्थिति भवन यन्त्र कहते हैं। उस यन्त्र में यह विशेषता थी कि वह यन्त्र वायुमण्डल में त्याग दिया गया तो नीचे पृथ्वी पर एक यन्त्र विराजमान है उस यन्त्र में छाया आती रहती थी, उसमें वह धारायें दृष्टिपात आती तो ऋषि ने यह सिद्ध किया है कि एक एक शब्द के साथ में मानव का चित्र भी आता है जितना कि एक शब्द के साथ में परमाणु जाता है। मुनिवरोंदेखो !, जितने परमाणुओं से माता के गर्भ स्थल में बालक का निर्माण हो जाता है इतने ही परमाणुओं का एक शब्द में विकास हो जाता है मानो वायु मण्डल में तरंगों में तरंगित हो जाता है। अशुद्ध शब्द हो तो अशुद्धता में परणित हो जाते हैं, शुद्ध हो तो द्यु लोक को प्राप्त हो जाते हैं क्योंकि शब्द में विद्युत अधिक होती है। दोनों की सीमाएं आदि अंकित की जाएं तो शुद्ध वातावरण में विद्युत का प्रभाव अधिक होता है और अशुद्ध में सूक्ष्म होता है। इसी प्रकार ऋषि ने सिद्ध किया है और उस यन्त्र में यह विशेषता थी कि दोनों प्रकार के शब्दों का विभाजन होता था। उन चित्रों द्वारा अशुद्ध परमाणु वायु मण्डल में दृष्टिपात आते थे, विद्युत के आँगन में उनका रंग रूप भी भिन्न दृष्टिपात आता था। शुद्ध का त्रेताम् ब्रह्मे ऋताम् ब्रह्मे अस्वाति वेदों में आया है कि शुद्ध वातावरण में उसमें त्रेता और पिताम्बरी वरुण होता है और जो अशुद्ध होता है उसमें हरित आसन पर कलिष्ट वरुण होता है। उस कालांग्रित वरुण होने के नाते उस अशुद्धवाद में तपोगुण प्रधान होता है।

मेरे प्यारेऋषि ने यह सिद्ध किया कि दोनों प्रकार के शब्द उ !स यन्त्र में विभाजन होते दृष्टिपात होते थे। जैसे एक न्यायाधीश जब न्याय करता तो मिथ्या को और सत् को वह अन्तःकरण में जान लेता, और लेखनीबद्ध कर देता। इसी प्रकार जैसे वाणी के ऊपर अनुसन्धान करने वाला योगी यह जान लेता है कि वाणी में अशुद्धवाद है या शुद्धवाद है। आयुर्वेद को पंडित भी इस शुद्धवाद को और अशुद्धवाद को जान लेता है। विचार

विनिमय यह कि दोनों प्रकार के परमाणु उसमें मिश्रित होते हैं, उसमें कुछ परमाणु अग्नि के होते हैं और उसके आधे जल के होते हैं और तिगुने परमाणु वायु के होते हैं, इससे अधिक परमाणु अन्तरिक्ष के होते हैं और इन सबसे बहुत सूक्ष्म परमाणु इस पृथ्वी के होते हैं। इन पञ्च महाभौतिकों का एक दूसरे से मिलान करते हुए वह इस पद्धति का महायन्त्र बन जाता है जिससे शब्दों का विभाजन किया जाता है। जैसे पृथ्वी में विभाजन होने वाला और कोई व्यक्ति रसों का विभाजन कर रहा है, नाना प्रकार को वनस्पतियां हैं परन्तु उनके भिन्न भिन्न प्रकार के रसास्वादन हैं, प्राणों का विभाजन ही है, उनके द्वारा, इसी प्रकार वायु मण्डल में प्राणी के द्वारा वन स्तयः कृतिभा, आध्यापति, यह सर्वत्र इनका विभाजन होता दृष्टिपात आ रहा है।

आज विज्ञान के क्षेत्र में मैं अधिक जाना नहीं चाहता हूँ। आज मैं उच्चारण करने आया हूँ कि आध्यात्मिकवाद और भौतिकवाद दोनों का मिश्रण होना चाहिए, दोनों एक साथ में रमण करने चाहिए। यदि विज्ञान प्रगतिशील होता रहा तो अंत में इन चित्रों का और विज्ञान का दुरूपयोग होना प्रारम्भ हो जाता है और जब विज्ञान का दुरूपयोग होना प्रारम्भ हो जाता है उस समय समाज में रक्त भरी क्रान्तियों का आना संभावित हो जाता है।

मेरे प्यारे मैंने बहुत पूर्व काल में अपने विचारों को व्यक्त करते हुए यह कहा था कि ! जिस समय छात्रों में विज्ञान के दुरूपयोग के चित्रण आने लगते हैं तो मानो राष्ट्र में रक्त भरी क्रान्ति आ रही है क्योंकि जिस समय चित्रण में विज्ञान का दुरूपयोग होता दृष्टिपात करते हैं तो उनका चरित्र उनके मस्तिष्क में नहीं रहता और जब राजा के राष्ट्र में अथवा समाज में चरित्र नहीं होगा तो समाज कैसे ऊँचा बनेगा। समाज तो ऊँचा चरित्र से ही बना करता है। यदि चरित्र ऊँचा न रहा और विज्ञान का दुरूपयोग होता रहा तो वहाँ कर्त्तव्यवाद नहीं होता और जब कर्त्तव्यवाद नहीं होता तो वहाँ मानवीयता भी नहीं होती वहाँ सदैव रक्त भरी क्रान्ति के समागम के चिन्ह बनते रहते हैं। मुझे स्मरण आता रहता है वहाँ रक्त भरी क्रान्तियों के विचार बनते रहते हैं, अन्तःकरण में अग्नि धीमी धीमी प्रदीप्त होती है और एक समय वह आता है कि अग्नि प्रदीप्त होकर के

राष्ट्रीयता में राजा के लिए हानिकारक होती है। एक वाक्य में और निर्णय दिए देता हूँ कि यहाँ परम्परागतों से नाना वाद हैं परन्तु जिस समय राष्ट्रीयवाद का निर्माण अपठित समाज के द्वारा होता है, उस समय रक्त भरी क्रान्ति आने में कुछ देरी नहीं लगा करती है।

एक वाक्य में और उच्चारण किए देता हूँ कि विज्ञान भौतिकवादी होना चाहिए, नाना प्रकार का यन्त्रवाद भारद्वाज मुनि के यहाँ बृहस्पति में जाने वाले यान थे, मंगल में जाने वाले यान थे और भी नाना लोक लोकान्तरों में उनकी गति प्रायः थी परन्तु ऋषि ने यह सिद्ध किया कि विज्ञान होना चाहिए दोनों प्रकार का। आध्यात्मिकवाद इसलिए अनिवार्य है क्योंकि विवेकी पुरुष होने चाहिए। क्रियात्मक जब आध्यात्मिकवाद होता है तो उसमें विवेकी पुरुष होते हैं, निष्पक्ष पुरुष होते हैं और जहाँ विवेकी पुरुष होते हैं वहाँ उनके द्वारा राष्ट्र और समाज का समाज का कल्याण हो जाता है और वह जो निर्माण है, राष्ट्रीयता है उससे मानवीय समाज ऊँचा बना करता है। हमारे यहाँ, परम्परागतों से जो विवेकी पुरुष होते हैं वह निष्पक्ष होते हैं। त्रेता काल में जब महाराज रावण ने लंका को कुवेर से विजय कर लिया था और विजय करने के पश्चात् लंका में महाराज पुलस्त्य ऋषि महाराजा के रावण पोत्र होते थे, उन्होंने महर्षि कुकुट मुनि महाराज और महात्मा बिन्दु को और भी आदि ऋषियों को निमन्त्रण दिया। महर्षि कुकुट मुनि महाराज उस समय महान् तपस्वी थे, उनको राज पुरोहित बनाया और यह कहा कि महाराज आप इस सभा के सभापति बनो और इस बालक का निर्माण करो। ! महाराजा कुकुट मुनि महाराज जहाँ आध्यात्मिक वेत्ता थे वहाँ आयुर्वेद के प्रकाण्ड बुद्धिमान थे। उन्होंने आयुर्वेद की दृष्टि से राजा रावण के मस्तिष्क का अध्ययन किया और पुलस्त्य ऋषि महाराज से धीरे से कहा कि महाराजयह जो बालक है !, पुत्र है, युवा है, शक्तिशाली है, वैज्ञानिक भी बनेगा परन्तु यह राष्ट्र की राष्ट्रीयता में नहीं ला सकेगा और राष्ट्रीयता में लाने का अभिप्रायः यह कि राष्ट्र को कर्त्तव्यवाद में लाया जाएं, कर्त्तव्यहीन प्राणियों को कर्त्तव्यवाद में लाना, चरित्र को लाना यह राष्ट्रीयता के लिए अनिवार्य है। हे ऋषिवर ऋषियों का !मैं इसका राज्याभिषेक नहीं करूंगा। मेरे प्यारे !

हृदय, विवेकियं का हृदय निष्पक्ष होता है। तब महाराजा पुलस्त्य ने विचारा कि अब मैं क्या करूं। अब महाराजा भृंगु मुनि महाराज जो साण्डल्य गोत्रीय थे उनको सभापति बनाया और उनके द्वारा राज्याभिषेक हुआ। विचार यह कि हमारे यहाँ जो विवेकी पुरुष होते हैं वह स्पष्टवादी होते हैं। महात्मा कुकुट ने महाराज पुलस्त्य से यह कहा था कि तुमने यह समाज की हानि के लिए कार्य किया है, तुम पौत्र के मोह में आ गएं हो, कर्त्तव्यवाद का तुमने विचार नहीं किया। पुलस्त्य मुनिवर महाराज मौन हो गएं परन्तु ऋषि ने यह कहा कि लंका में मैं अग्नि अपने समक्ष दृष्टिपात करूंगा वह समय आ जाएगा। महर्षि कुकुट मुनि महाराज ने राजा रावण को कई काल में उपदेश दिया। विचार विनिमय यह है कि जो विवेकी पुरुष होते हैं, आध्यात्मिकवादी पुरुष होते हैं, चित्त को जानने वाले पुरुष होते हैं उनका जीवन निष्पक्ष होता है, महान् और पवित्र होता है।

आज मैं अधिक विवेचना देने नहीं आया हूँ विचार विनिमय यह कि दोनों प्रकार का विज्ञान होना चाहिए, दोनों की धारायें होनी चाहिए तब यह राष्ट्र और समाज ऊँचा बनेगा। यदि भौतिक विज्ञान रहा तो भौतिकता का दुरूपयोग होकर के समाज भ्रष्ट हो जाएगा, आध्यात्मिकवाद और भौतिकवाद दोनों सामान्यत्व होकर के इस समाज का उत्थान करें यह है हमारा आज का वाक्। अब मुझे समय मिलेगा तो शेष चर्चायें कल प्रकट करूंगा आज के वाक्य उच्चारण करने का अभिप्रायः यह कि हम अपने प्यारे प्रभु का गुणगान गाते हुए आध्यात्मिक और भौतिकवाद दोनों के ऊपर विचार विनिमय करते हुए चे जाएं। अब वेदों का पाठ होगा। कल समय मिलेगा तो कल मैं कुछ सूक्ष्म चर्चायें प्रकट करूंगा, कुछ विज्ञान की चर्चायें, कुछ मानवीयता की चर्चायें। आज का विचार समाप्त अब वेदों का पाठ होगा। आर्य समाज नया नांगल

१३ 27 10 1973 पुष्प 24 वैदिक प्रवचन

जीते रहोदेखो !, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे, ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने

पूर्व से, जिन वेद मन्त्रों का पठन पाठन किया।
विचार विनिमय यह कि परमात्मा को ब्रह्म कहते हैं। वह जो ब्रह्म है उसकी प्रतिभा इस संसार को प्रतिभाशाली बना रही है। जब हम यह विचारते हैं कि प्रकृति अपना कार्य कर रही है। उस महान् देव की चेतना से संसार अपने आँगन में रमण कर रहा (क्षेत्र) है ऐसा हमें प्रायः दृष्टिपात होता रहता है। क्योंकि हम विचारते हैं कि परम पिता परमात्मा इस संसार का नियन्ता और निर्माण वेत्ता भी है। कोई सांसारिक निर्माण वेत्ता निर्णय नहीं कर सकता कि मैंने इस वस्तु को निर्मित किया है। जैसे माता के गर्भ स्थल में शिशु होता है परन्तु माता को यह प्रतीत नहीं है कि निर्माणवेत्ता कौन है? अर्थात् किसने निर्माण किया है? इससे हमें दृष्टिपात होता है कि संसार के प्रत्येक पदार्थ का निर्माणवेत्ता वह देव है। मानव तो परमाणुओं का संघात कर सकता है, परमाणुओं को एकत्रित कर सकता है वायु मण्डल में। परन्तु यदि हम उसका मूल दृष्टिपात करते हैं तो मूल में हमें वह चेतना ही दृष्टिपात होने लगती है।
आज मैं अधिक विवेचना देने तो नहीं आया हूँ। केवल विचार विनिमय यह कि आज हम जब वैज्ञानिकों के मध्य में विराजमान होते हैं और वैज्ञानिकों से यह प्रश्न करते हैं कि आज जो वस्तु तुमने जानी है जैसे महर्षि भारद्वाज ने नाना प्रकार के विज्ञान को जाना था। परन्तु यदि हम यह जानना चाहते हैं कि मूल धारा क्या है? इसका प्रारम्भ कहाँ से होता है? तो वह वैज्ञानिक यही उच्चारण करता है कि यह अनादि है, हम तो एक स्थूल परमाणुओं को जानने का प्रयास करते हैं, मन्त्रों के द्वारा परीक्षण करते रहते हैं। वह जो मेरा प्यारा प्रभु है जो निर्माण वैत्ता है, जिसने संसार को निर्मित किया है मानव को निर्मित किया है। आज हम उस अपने प्यारे प्रभु का गुणगान गाते रहें। मुनिवरोंदेखो !, चेतना से भिन्न कोई दूसरी वस्तु दृष्टिपात नहीं होती। चाहे वैज्ञानिक युग में चले जाओ वहाँ भी वह निर्माण वेत्ता और वह चेतना ही दृष्टिपात आते हैं। जब माता को ही यह ज्ञान नहीं है कि निर्माण वेत्ता कौन है? यह भी प्रतीत नहीं होता कि कैसा आकार बना है, माता यह भी नहीं जानती कि गर्भाशय में बालक का पालन पोषण कैसे होता है? कौन कौन सी नाड़ियों के द्वारा होता है? प्रायः यह विज्ञान तो हमारे यहाँ

है ऐसा कुछ कहा जाता है। और इसका समाधान भीकिया जाता है। परन्तु वास्तव में वह भोली माता नहीं जानती। अभिप्राय यह कि निर्माण वेत्ता वह चैतन्य देव है इसीलिए आज हम उस परम पिता परमात्मा की उपासना करते हुए नम्रता में परणित हो जाएं। आज कोई मानव शक्ति को प्राप्त करना चाहता है, प्रत्येक मानव की यह उत्सुकता रहती है कि हम शान्ति प्राप्त करें जिस शान्ति से मेरा अन्तरात्मा ऊँचा बनेगा। मेरे हृदय से विडम्बना संशय चली जाएगी ऐसा प्रायः प्रत्येक मानव के हृदय में आकांक्षा बनी रहती) है। मोक्ष के लिए कल्पना करता है प्रयत्नशील भी रहता है। परन्तु विचार विनिमय क्या कि मानव की यह आकांक्षा है, यह कैसे पूर्ण हो सके। इसके ऊपर भी तो मानव को अनुसन्धान करना चाहिए। मानव की पिपासा तो रहती ही है क्योंकि संसार में आज कोई मानव यह उच्चारण करने लगे कि मेरी पिपासा शान्त हो गई है तो यह वाक्य असम्भव सा प्रतीत होता है। क्योंकि जिस मानव की आकांक्षा समाप्त हो जाती है मानो यह संस्कार बन जाता है तो मानव मोक्ष के द्वार पर जाने के लिए तत्पर हो जाता है क्योंकि संस्कारों को उपलब्ध न करना, संस्कारों को न देना वही मार्ग प्रगति का कहलाता है। जो मानव प्रभु के समीप जाना चाहता है तो प्रभुमें नम्रता है !, प्रभु न्यायधीश है, प्रभु उदार है, स्वतः आनन्दमय है तो हमें उस आनन्द को प्राप्त करने के लिए सदैव उद्यत रहना चाहिए। जो आनन्दमय प्रभु है, जो आनन्द में रमण करने वाला है, स्वतः ही आनन्द है आनन्द में रमण भी नहीं करता, आज हमें भी आनन्द को जानने के लिए सदैव उद्यत रहना चाहिए और हम स्वतः आत्मा के आनन्द को जानने के लिए सदैव तत्पर रहें।

मेरे प्यारे आज हमें इस आनन्द को प्राप्त करना है जिस आनन्द के लिए प्रत्येक ! मानव प्रत्येक देव कन्या अपने जीवन में सदैव लालायित रहती है और यह आकांक्षा बनी रहती है कि आज मैं आनन्द को प्राप्त करना चाहता हूँ। प्रभु के आँगन में उसकी लौरियों का पान करना चाहता हूँ। मेरे प्यारे वह स्वतः आनन्द है। आज हमें भी ! आनन्दमय बनना है। हमें नम्र बनना है। जिस काल में समाज में नम्रता आती है,

उसी काल में यह समाज यह राष्ट्र उन्नति को प्राप्त होता रहता है।
बेटा मुझे साहित्य की चर्चा स्मरण आती रहती हैं। एक महाभारत के काल को कहा ! जाता है द्वितीय एक भगवान् राम का काल है। उसके मध्य का काल भी रहा है। परन्तु दोनों कालों के साहित्य में ले जाना नहींचाहूँगा। संक्षिप्त परिचय देना चाहता हूँ। वह परिचय क्या कि मानव को अधिकार में परणित नहीं होना चाहिए। अधिकार तो मानव को स्वतः प्राप्त हो जाता है। वह अधिकार मानव को उच्चारण करने से, अधिकार के लिए संग्राम करने से अधिकार कदापि प्राप्त नहीं होता। देखो,मानव में !, समाज में अन्धकार की आशंका रहती है। एक स्थल है कि जो मानव नम्र है, जो मानव बुद्धिमान है, जो मानव अपने हृदय के उद्धार चाहता है, जो संसार में उदासीन रहना चाहता है, वह संसार को विडम्बना में जाना नहीं चाहता, वह नम्र बन करके सेवक बनना चाहता है।
मेरे प्यारे !आज हम इन वाक्यों पर विचार विनिमय करें। देखो, महाभारत का काल हुआ। महाभारत के काल में प्रारम्भ से लेकरके अन्तिम तक अधिकार के उफपर विशाल संग्राम होता रहा। क्योंकि विधाताओं के जब भी संग्राम होते हैं जब विधाता विधाता में त्याग की प्रवृत्ति नहीं रहती। त्याग की प्रवृत्ति न रहने के कारण मानव विडम्बना में परणित हो जाता है। मानो अपने को सजांतीय बनाने लगता है। परन्तु जिस समय नम्र बन जाता है और यह जानता है कि संसार में मेरा अस्तित्व क्या है? मेरे शरीर का जो निर्माण हुआ है यह क्यों हुआ है? इसका मूल कारण क्या है? इसका निर्माण वेत्ता कैसा है? इन वाक्यों को विवेकी पुरुष विचार करता है तो वह सेवक बन जाता है। उसे संसार की विडम्बना अथवा संसार के जो पदार्थ हैं उसे मिलाते नहीं हैं। कर्त्तव्यवाद में अपने राजसिक विचार बना लेता है। यह कहता है कि मैं स्वाभिमान के लिए अपना कर्त्तव्य कर रहा हूँ। स्वाभिमान को उच्चारण करना मानव के लिए सहज है परन्तु यह अभिमानी बनना मानव के लिए बहुत ही दुर्लभ कहलाया जाता है। स्वाभिमानी पुरुष कौन है? वह जो अपनेपन को जान लेता है, अपने में प्रतिष्ठित होता है वह स्वाभिमानी बन जाता है। रहा यह कि संसार के पदार्थों में वह स्वाभिमानी बन जाएं तो उसकी

प्रतिभा, उसकी मानवता का जो विशेषगा है वह मानवता में समाप्त हो जाता है।

मुनिवरोंदेखो !, महाभारत के काल में पूर्व ही जब लाक्षागृह का निर्माण हुआ था तो वह विदुर की गुप्त सहायता से पाँचों विधाता जीवित वहाँ से बचकर चले गये। वे भ्रमण करते हुए पांचाल राष्ट्र में जा पहुंचे, वहाँ जाने के पश्चात् महाराजा द्रुपद के यहाँ स्वयंवर होने वाला था। यह कैसा स्वयंवर था? उनकी कन्या थी और उन्होंने अपने मन में यह संकल्प किया था कि मेरी पुत्री का अर्जुन के द्वारा संस्कार होना चाहिए उनके अपने गृह में यह चर्चाएं होती रहतीं। स्वयंवर की भावना राजा के हृदय में भगवान कृष्ण की प्रेरणा से प्रतिष्ठित हुई। भगवान कृष्ण ने यह कहा कि हे राजन् तुम स्वयंवर करो ! और तभी तुम्हारे मनोनीत कामना पूर्ण हो सकती है। ऐसा नहीं हो सकता कि पाण्डव की मृत्यु हो जाय। !पुत्रोंमेरा हृदय नहीं कहता है परन्तु जब तुम स्वयंवर करोगे तो हो सकता है कि तुम्हारी इस विशाल सभा में कहीं से पाण्डव पुत्र भी भ्रमण करते हुए आ जाऐं। यह निर्णय दे करके भगवान् कृष्ण ने अपने स्थान को प्रस्थान किया।

ऐसा कहा जाता है कि महाराजाद्रुपद के यहाँ के वैज्ञ !ानिकों ने एक यन्त्र का निर्माण किया। वह एक चक्र था, उस चक्र में एक मछली थी। उसमें एक सूक्ष्म सा छिद्र था, उस छिद्र में शस्त्रों से मछली के नेत्रों का छेदन करना था उनकी प्रतिज्ञा थी कि जो नेत्रों को छेदन कर सकता है वह मेरी कन्या का संस्कार कर सकता है। ऐसा कहा जाता है कि एक क्षण समय में यह जो चक्र था वह सात हजार पांच सौ बार चक्र पूर्ण करता था और उसमें एक छिद्र था, जिस छिद्र में से होकर मछली के नेत्रों का छेदन करना था। मुझे वह वाक्य भली भांति स्मरण आता रहता है। वहाँ भ्रमण करते हुए उस समारोह में जहाँ नाना राजा आए हुए थे वहाँ ये पांचों पाण्डव भी माता कुन्ती सहित आ पधारे। माता कुन्ती से यह कहा गया कि हे माता हम तो इस स्वयंवर को दृष्टिपात ! करेंगे। माता ने कहा नहीं पुत्र ऐसा न करो क्योंकि यह एक महान् कार्य है। राजा महाराजाओं का कर्त्तव्य है। तुम्हारे द्वारा न अस्त्र है न शस्त्र हैं। तुम यहाँ क्या करोगे? अर्जुन ने कहा नहीं माता आपके लिए हम एक स्थान नियुक्त कर देते हैं। उन्होंने माता को एक कुम्भकार के यहाँ ठहरा दिया। कहा जाता है कि जब वह इस सभा में आ

गएं तो माता कुन्ती ने यह कहा था कि हे पुत्रोसंग्राम हो या किसी प्रक !ार का विवाद हो तो तुम उसमें भाग नहीं लेना। उस समय अर्जुन बोले माता यह कार्य तो हमारा ! है तुम कैसे वाक्य उच्चारण कर रही हो। मेरा तो यह अभिमान है, मेरा तो यह कर्त्तव्य है, मुझे तो अधिकार है कि मुझे उस मछली का छेदन करना है। उस समय माता ने कहा नहीं पुत्र, वे जो तुम्हारे विधाता दुर्योधन इत्यादि हैं उन्हें आघात करने का अवसर प्राप्त न हो। ऐसा सोचो विचारो। उन्होंने कहा नहीं मातेश्वरी, ऐसा नहीं होगा। माता ने अपने पुत्रों !की अन्तरात्मा में जो धारणा थी उसकी समझ कर यह कहा हे मेरे पुत्रो ! तुम वास्तव में मेरे पुत्र हो। क्षत्रिया जो माताएं होती हैं वे पुत्रों के लिए कदापि ! भी कायरता की वार्त्ता नहीं करतीं। वे सदैव साहस देती रहती हैं और वीरता के को !मन्तव्य के अपने विचार प्रगट कराती रहती हैं। माता कुन्ती ने अपने प्यारे पुत्रों गर्भाशय में ही बलिष्ठ बनाया था। तुम्हें प्रतीतहोगा जिस समय अर्जुन माता के गर्भस्थल में था तो उन्होंने इन्द्र की उपासना की थी, कर्म देवता की उपासना की, वायु की उपासना की। जिस समय धर्मराज युधिष्ठिर माता के गर्भ स्थल में था नौ माह तक धर्म का आचरण किया, सत्यवादी रही सदैव दर्शनों उपनिषदों का अध्ययन करती रहती थीं। विचार विनिमय यह कि जब माता इस प्रकार की होती हैं तो उन्हें संग्रामों से भी कोई भय नहीं होता। वे क्षत्रिया होती हैं। ऊर्ध्व गति में उनका गर्भाशय हर्ष ध्वनि करता है। जिस समय प्यारा पुत्र जिस वाणी से जिस महता से उनका निर्माण किया उस महता पर वह सदैव दृढ़ता को प्राप्त होते हैं।

मेरे प्यारेऐसा कहा जाता है कि जिस समय माता ने आश्वासन दिया !, भीम और अर्जुन ने यह कहा कि माता जी कुछ हम कर पायेंगे वह हमारा विषय है। आपका विषय नहीं। आप हमें दृष्टिपात कराती रहना। जब तुम ब्राह्मण के पुत्र की रक्षा करा सकती हो और मुझे वेद को प्रदान कर सकती हो तो क्या माता हम स्वयंवर में आकर के शान्त हो जाएं। यह कैसे हो सकता है? यह वार्त्ता हुई और वह वहाँ से भ्रमण करते हुए स्वयंवर में आ पहुंचे जहाँ राजा बारी बारी से मछली को छेदन करने का प्रयास

कर रहे थे।

कर्ण ने यह विचारा कि मैं इसे छेदन करूंगा। महारानी द्रौपदी ने यह कहा हे कर्ण ! तुम्हें इसका अधिकार नहीं है। महारानी कन्या की वार्त्ता का श्रवण करने के पश्चात् यह तुम क्या वाक्य उच्चारण कर रही हो !कर्ण ने कहा कि हे देवी? मुझे क्यों अधिकार नहीं है? उन्होंने कहा कि तुम्हारा जो जन्म है उसका प्रतीत नहीं तुम किस प्रकार उत्पन्न हुए हो? इसलिए तुम्हें अधिकार नहीं दूंगी। जब विदुषी ने यह वार्त्ता प्रकट की उन्होंने वहीं अपने अस्त्रों को त्याग दिया और क्रोधित हो करके अपने कक्ष में जा विराजे। जब कोई क्षत्रिय ऐसा न रहा तो महाराजा द्रुपद ने नाना वार्त्ता प्रकट कीं। उस समय भीम ने विधाता धर्मराज से कहा कि अब नहीं रहा जाता कि मैं इस मछली को छेदन न करूं। अर्जुन ने भी यही शब्दा कहा और जब धर्मराज की वार्त्ता को न स्वीकार करते हुए उन्होंने तरकश को अपने आँगन में धारण कर लिया जिसे महाराजा कर्ण ने सभा में त्याग दिया था। उसे ले करके जब मछली को छेदन करने के लिए तत्पर होकर जल को निहार रहे हैं और मछली का चक्र ऊर्ध्व गति में चल रहा है और जब उन्होंने अपने अस्त्रों शस्त्रों का प्रहार कियातो मछली का छेदन हो गया। छेदन हो जाने के पश्चात् महाराजा दुर्योधन ने यह विचारा कि ये तो पाण्डव हैं। दुर्योधन के दल के साथ उनका संग्राम होने लगा। पांचों विधाताओं ने सर्व राजाओं को परास्त (पाण्डवों का) कर दिया। परास्त करने के पश्चात् महारानी द्रौपदी को अपनी स्थली पर ले आए जहाँ माता कुन्ती विराजमान थी। माता कुन्ती द्रौपदी को दृष्टिपात करके हर्ष ध्वनि करने लगीं। उन्होंने कहा पुत्र तुमने वही किया जो मेरी इच्छा थी। उन्होंने कहा कि माता यह तो वास्तव में तुम्हारी तो इच्छा नहीं थी। परन्तु हमारे जो प्रारब्ध हैं, हमारा जो संस्कार है उसे कैसे नष्ट किया जा सकता है।

मेरे प्यारेराजा द्रुपद ने यह जान ल !िया कि ये जो पांचों साधु हैं, पांचवों जो यह ऋषि रूप में विराजमान हैं, उनके स्थल को उनके वस्त्रों को दृष्टिपात किया गया। प्रातः काल में पांचों विधाता आते और महाराजा द्रपुद कीसभा में विराजमान होते और सायंकाल को चले जाते। परन्तु अब यह निर्णयकरना उनके लिए दुष्कर हो गया कि

यह क्या है? मैं इनको जान नहीं पाया। मेरे प्यारे कुछ समय के पश्चात् महाराजा ! कृष्णा आ पहुंचे। महाराजा कृष्णा ने कहा, तुमने अब तक नहीं जाना। यह वे ही पांचों पाण्डव पुत्र हैं। इतना उच्चारण करके उन्होंने वहाँ से प्रस्थान किया। महाराजा द्रुपद जब उनसे परिचय लेने लगे तो उन्होंने कहा मुझे धर्मराज कहते हैं, अर्जुन ने कहा मुझे अर्जुन कहा जाता है, बारी बारी सबने अपना परिचय दिया। माता कुन्ती को राष्ट्र गृह में प्रविष्ट कराया गया। निमन्त्रण दे करके उनका संस्कार हुआ। बेटा मुझे स्मरण है ! महारानी द्रौपदी का जो सं्स्कार था वह अर्जुन के साथ हुआ। परन्तु आजकल उसको पांचों पतियों की अर्धांगनी भी कहा जाता है। पांचों पतियों का अभिप्राय हमारे यहाँ परम्परा से ही माना जाता है। पति कहते हैं जो रक्षा करने वाला हो। वे पांचों ही उसकी रक्षा करते थे। वह इतनी विदुषी थी, इतनी महतो वेद में रमण करने वाली थी। उन्होंने महर्षि सामन्तक महाराज से वेदों की शिक्षा का अध्ययन किया था। वह विदुषी सदैव अपनी मानवता में रमण करती रहती थी।

मेरे प्यारे कहा जाता है पांचों ही द्रौपदी की रक्षा करते थे। परन्तु पत्नी वह केवल ! अर्जुन की ही कहलाती थीं। क्योंकि अर्जुन के साथ ही उनका संस्कार हुआ, उनकी प्रतिभा भी उनके साथ में रमण करती रहती थी। मुझे स्मरण आता रहता है कि धर्मराज युधिष्ठिर का जो संस्कार महाराजा श्वेतकेतु की कन्या से हुआ था। महाराजा अर्जुन के कुछ और भी संस्कार हुए परन्तु वे संस्कार केवल संतान तक ही सीमित रहते थे। जैसे वह पाताल पुरी में अस्त्रों शस्त्रों की विद्या को ग्रहण करने के लिए पहुंचे वहाँ उनका सम्बन्ध उलूपी देवी से हुआ। उन्होंने केवल एक सन्तान को जन्म दिया। जिसको बभ्रुवाहन कहा जाता है। इसी प्रकार महाराजा भीम सेन का हिडम्बा के साथ संस्कार हुआ। देवनांग ऋषि की कन्या के साथ में नकुल का संस्कार हुआ। इसी प्रकार आवधूत नाम के राजा की कन्या रोहिणी का संस्कार सहदेव के साथ हुआ। इसी प्रकार पांचों की अपनी पत्नियां थीं। पांचों अपने अपने कक्ष में रहते थे। परन्तु मैं तुम्हें यह वाक्य भी उच्चारण किए देता हूँ पुत्र तुम्हें प्रतीत भी होगा कि जब इन्हें वन प्राप्त हुआ था। उस ! समय महारानी द्रौपदी ही उनके साथ में थीं। क्योंकि वे जानती थीं कि यह मेरी

सहायता करते हैं तो मेरा कर्त्तव्य है कि मैं इनके द्वारा तपस्वी बनूं, ऐसी मुझे भी तपस्या करनी है। जैसे इनका आपत् काल है मेरा भी आपत् काल होना चाहिए।

मैं इन वाक्यों में अधिक नहीं जाना चाहता हूँ, विचार विनिमय यह कि जो अधिकार की भावना द्वापर के काल में थी इस अधिकार की भावना में संसार को एक मानवता से विचलित कर दिया, मानवता से दूर कर दिया।

एक पक्ष हमारे यहाँ त्रेता के काल का आता है। माता पिता की आज्ञा प्राप्त हो रही है और आज्ञा सेभगवान् राम ने अपने राज्य को त्याग दिया और यह कहा कि इसमें मेरा कोई अधिकार नहीं है, मुझे तो मेरी माता ने वन दियाहै केवल तपस्या करने के लिए, मुझे तपस्वी ही जीवन व्यतीत करना है। मेरे प्यारेयह भगवान राम ! का जीवन, वे भयंकर वन में जा रहे हैं। जब भरत आते हैं और भरत से जब माता ने यह कहा कि हे पुत्र राष्ट्रीय स्थली पर विराजमान हो जाओ तो उन्होंने कहा कि माता यह तो ! तुम्हारा !अधिकार मेरे विधाता राम का है। मेरा कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा पुत्र अधिकार तो नहीं है परन्तु राष्ट्र को कोई न कोई भोगेगा। उन्होंने कहा कि इसे वह भोगेगा जिसका अधिकार है और जो इसके लिए योग्य होगा। माता मैं इसके योग्य ! नहीं हूँ। भगवान् राम ही इसके योग्य हैं। भरत राम से मिलने भयंकर वन में पहुंचे। विधाता से प्रार्थना की और उनके चरण पादुका ला करके राष्ट्र का पालन करने लगे। विधाता हों तो ऐसे हों। यह आदर्श हमारे समीप है, वे एक कन्दरा में रहते हैं, विश्राम करते हैं, ऋषि मुनि आते और यह कहा करते हे भरतयह तुम क्या कर रहे हो !? उन्होंने कहा कि मेरे विधाता की, मेरे प्रभु की आज्ञा है कि मेरा जो बड़ा विधाता है यह पर्वतों की शय्या पर रमण करता है उनसे निचले स्थान में मेरा आसन रहेगा, यह मेरी शोभा है अन्यथा मेरी जो शोभा है वह अधिक हो जाएगी। विचार विनिमय किया कि एक तो वह नम्रता है, वह आदर्श है, वहाँ त्याग है, जहाँ त्याग भावना होती है, जहाँ तपस्या होती है वहाँ मानवता का आदर्श होता है, विचित्रता होती है और जहाँ कर्त्तव्य के लिए मानव अधिक रहना चाहता है और यह चाहता है कि मैं कर्त्तव्य का पालन कर

रहा हूँ।
कर्त्तव्य के अभाव में तो अधिकार ही रह जाता है। वह चाहे अनधिकारी हो। परन्तु अधिकार के लिए संग्राम करता है, विधाता विधाताओं का विनाश हो जाता है। इस समाज में, उस काल में, वह काल बड़ा भयंकर और नष्ट भ्रष्ट होने वाला होता है जहाँ प्रत्येक मानव अपने अधिकार के लिए ही जीवन यापन करता है। चाहे अनधिकारी हो उसमें तो अधिक भावना रहती है, नम्रता नहीं होती, तपस्या नहीं होती। उसका परिणाम यह होता है कि संसार में विधाता विधाताओं में क्या गृह गृह में संग्राम हो जाते हैं। रक्त भरी क्रान्तियों का सञ्चार हो जाता है। उसकाल में समाज भ्रष्ट हो जाता है और वर्णसंकर की स्थापना हो जाती है। परिणाम क्या? मानव को तपस्वी बनना है। कैसा तप करना है? जैसा भगवान् राम ने तप किया माता कौशल्या केवल तप करती थीं ! जब उन्होंने भगवान् राम को जन्म दिया।
मेरे प्यारे तुम्हें स्मरण होगा जब महाराजा विश्वामित्र भगवान् राम लक्ष्मण कोयज्ञ को ! पूर्ण कराने के लिए ले जाने लगे उस समय राजा दशरथ को मोह आ गया और कहा !कि हे ऋषिवर मैंने इस चौथेपन में इन पुत्रोंको प्राप्त किया है !, मैं इन पुत्रों को ! त्यागना नहीं चाहता हूँ। उस समय माता कौशल्या ने क्या कहा था। राष्ट्र सभा में? भगवन्यह क्या कर रहे हो !, तुम्हें इस प्रकार का मोह क्यों है? मैंने तो आज के दिवस के लिए अपने पुत्र को जन्म दिया था। यदि आज भी राज्ञ यज्ञों की परम्परा को ऊँचा नहीं बना सकता मानो ऋषि के याग को पूर्ण नहीं करा सकता तो मेरे गर्भाशय को धिक्कार है। मेरे प्यारे एक माता वह कहलाती है जो अपने प्यारे पुत्र को तपस्वी के ! साथ में रमण कराती है उसे संकोच नहीं हो रहा है। यह एकआदर्श हमारे समीप है, हे मानवतुम तपस्वी बनो !, बिना तप के यह राष्ट्र यह समाज यह मानवता कदापि भी ऊँचा नहीं बना करती।
मुनिवरों अधिकार के लिए भी मानव को संग्राम करना चाहिए परन्तु पहिले अपने ! मनुष्यत्व का अधिकार जान लेना चाहिए। हमारा मनुष्यत्व उस अधिकार को स्वीकार करता है या नहीं परन्तु जब हमारा मनुष्यत्व, हमारी, मानवता अधिकार में परणित नहीं

है। हमारा स्वयं का अन्तरात्मा इस वाक्य को सत्य उच्चारण करने के लिए तत्पर नहीं है, तो हम आगे कैसे सफल हो सकेंगे। परिणाम यह कि तपस्या, प्रभु का ज्ञान, विवेक मानव को सत्यवादी बनाता है। और सत्यवादी बनने के पश्चात् उसमें विवेक आता है। और विवेक आने के पश्चात् नम्रता आती है। और नम्रता आने के पश्चात् वह त्यागी बन जाता है। वह समानता में धर्म को दृष्टिपात करता है। प्रत्येक स्थली में धर्म ही धर्म उसके लिए रह जाता है, बिना धर्म के कोई भी मानव इस संसार से उत्तीर्ण नहीं होता। जब हम यह विचारने लगते हैं कि कहाँ तो यह माता का आदर्श है कहाँ वह माता का आदर्श है, दोनों ही माता के आदर्श हैं। मेरे प्यारेवहाँ वीरता का आदर्श है !, वहाँ तपस्वी का आदर्श है, वहाँ नम्रता का आदर्श है और वहाँ केवल राष्ट्रीय विचारों का आदर्श है। आज हमें राष्ट्रीय विचारों में इतना परणित नहीं होना है जितना तपस्वी बनना है, वेद का अध्ययनशील बनना है।

वे जो विदुषी द्रौपदी थीं वे सदैव वेदों का ज्ञान गाती रहतीं। एक समय मध्य रात्री का समय था अर्जुन और द्रौपदी दोनों विराजमान थे, उन्होंने एक वेदमन्त्र उच्चारण किया और उच्चारण करते हुए द्रौपदी ने कहा कि प्रभु आपको प्रतीत है यह वेदार्थ क्या कह ! रहा है। उन्होंने कहा कि देवी मैं तो नहीं जानता, तब उन्होंने कहा कि यह वेद का मन्त्र यह कह रहा है कि इस समय वैज्ञानिक बनना चाहिए। संसार में विज्ञान के तत्त्व को जानना चाहिए। अर्जुन ने इस वार्त्ता को स्वीकार किया, उन्होंने कहा कि भगवन् वेद ! तू वैज्ञानिक बनकर अग्नि का अग्म्याधान कर !का मन्त्र कह रहा है हे मानव, जब अग्नि का अग्न्याधान करेगा तो वे जो परमाणु अन्तरिक्ष में जाते हैं नम्र बन करके देवताओं की हवि बनते हैं उस अग्नि को जानता हुआ तू संसार में वैज्ञानिक बन। वे सदैव उपदेश करती रहती थीं और उसका परिणाम यह हुआ कि उस पत्नी ने, उस विदुषी ने अर्जुन को वैज्ञानिक बना दिया। पति पत्नी का संसार में कोई उद्देश्य है तो मानो वह उसकी महता, ऊँचा वैज्ञानिक बनना, उसको मानवता में परणित होना, जीवन में क्रियात्मक आ जाना यह उसका कर्त्तव्य है।

मुनिवरों एक समय भगवान् कृष्ण ने भयंकर वनों में याग करते हुए द्रौपदी से कहा !

जहाँ वेदों में तुम रमण करती रहती हो !कि हे देवी, जहाँ सदैव भयंकर वनों में यागों की प्रतिभा चलती रहती है तो याग का स्रोत क्या है? याग किसे कहते हैं? उस समय द्रौपदी ने कहा कि महाराजा आप इतने महान् हैं और आप मुझसे प्रश्न कर रहे हैं। ! क्या मेरी परीक्षा ले रहे हैं? उन्होंने कहा कि नहीं देवी मैं तुम्हारी परीक्षा नहीं ले रहा हूँ। परन्तु मेरा तो प्रश्न है। उस समय द्रौपदी ने कहा कि याग का अभिप्राय है कि हम हवि देते हैं और किसे हवि देते हैं, हवि हम देवताओं को प्रदान करते हैं। देवता वह वस्तु त्यागते हैं हमारे लिए जिससे अन्न की वृद्धि के लिए वृष्टि करते हैं। याग से पर्जन्य वर्ष) होता है उसी पर्जन्य से वृष्टि (बादल)ाहोती है (, उसी वृष्टि से अन्न की उत्पत्ति होती है। उसी को हम पान करते हैं, हमारे जीवन का सञ्चार होता है। हे भगवन् ! आप तो सर्व जानते हैं इसको देव पूजा कहते हैं। देव पूजा का अभिप्राय यह कि देवताओं में जो गुण हैं उन्हीं ऐसे ही गुणों को हमें धारण करना चाहिए।जैसे अग्नि है वह प्रदीप्त रहती है, जब तक वह प्रदीप्त रहती है तो चाहे कोई मृगराज हो कोई प्राणी हो अग्नि के समीप नहीं आ पाता। इसीलिए मानव को काम, क्रोध, मद, लोभ व मोह से इतना दूर रहना चाहिए, ज्ञान रूपी अग्नि का इतना सञ्चार हृदय में रहना चाहिए जिससे काम, काम, क्रोध, मद, लोभ व मोह इस मानव के ज्ञान रूपी अग्नि के समीप न आ सकें। जैसे मृगराज अग्नि के समीप नहीं आते, नाना प्राणी नहीं आते, इसी प्रकार मानव के हृदय में इतनी अग्नि प्रदीप्त रहनी चाहिए।

रहा यह कि जैसे आपो है वह शीतल है, सोम कहलाता है। यह जो संसार है यह जल रूप माना गया है। जल से संसार की उत्पत्ति है, जब हम यह विचारते हैं कि जलों से ही संसार की उत्पत्ति है, माता के गर्म स्थल में बाल का निर्माण होता है वह भी एक जल स्वरूप माना जाता है। उस जल स्वरूप माता के गर्भ स्थल में सथापित हो जाता है सूर्य की नाना किरणों के द्वारा, चन्द्रमा की कान्ति के द्वारा, अग्नि के द्वारा उसे शुष्क बनाया जाता है। उन कणों को, उन परमाणुओं को जो परमाणरु विद्यमान हैं उन परमाणुओं का निर्माण किया जाता है, वे परमाणु जहाँ भी हैं वहीं की स्थली पर स्थिर किया जाता है। तो हे प्रभुवह मानो एक जल स !्वरूप है, जैसे जल अपने आप ही

स्वतः सुगठित हो जाता है, नाना प्रकार परमराणुओं को लेकर के नाना प्रकार की धातुओं को लेकर के यह माता के गर्भ स्थल में हम जैसी बुद्धियों का निर्माण हो जाता है। तो प्रभुहमें भी संसार में इन्हीं गुणों को धारण करते हुए !, संसार में अपनी वाणी के द्वारा अपने ज्ञान के द्वारा, अपनी मानवता के द्वारा संसार को सुगठित करना चाहिए। मेरे प्यारेइसी प्रकार जैसे अन्तरिक्ष है उसमें सर्व वस्तु !, सर्व परमाणु लय हो जाते हैं, इसी प्रकार मानव के यहाँ सर्व ज्ञान इसमें लय होना चाहिए सर्व शब्दावली रहनी चाहिए सर्व विज्ञान रहना चाहिए जिससे वह अन्तरिक्ष के विज्ञान को जान सके और उसकी सूक्ष्म से साकार रूप में लाने का प्रयास करें। देवताओं के गुणों को अपनाना है जैसे सूर्य प्रकाशमान रहता है, चन्दमा सौम्य बन करके रहता है। ऐसे ही मानव को उन गुणों को धारण करते हुए इस संसार सागर से पार होने चाहिए। विचार विनिमय क्या कि सर्वत्र देवताओं को हम धारण करें। हवि देने का अभिप्राय यही है कि हम अपने में, अपने स्वतः अपनेपन को जानते हुए इस संसार सागर को पार होते हुए हम नम्र बनें, त्यागी बनें, तपस्वी बनें। क्योंकि त्याग और तपस्या में आनन्द है और उसी आनन्द को प्रत्येक मानव प्रत्येक देव कन्या संसार में चाहता है। और वह आनन्द उस काल में प्राप्त हो सकता है। जैसे प्रभु आनन्द युक्त हैं इसी प्रकार हे मानव तू अपनी आत्मा में भी ! आनन्द के लिए सदैव उत्सुक रहता है। अपनी आत्मा को जान। आत्मा केवल्प रह करके परमात्मा से इसकी सन्धि हो जाती है तो आत्म आनन्द में विचरण करने लगता है। उसी आनन्द को प्राप्त होते हुए इस संसार रूपी जो सागर है जो मान अपमान वाला जगत् है जहाँ सुखद का कोई पदार्थ नहीं हो पाता उससे मानव को पार होना चाहिए।

आओ, मेरे प्यारेआज का विचा !र क्या? मैं अधिक विवेचना तो प्रकट नहीं करूँगा। विचार विनिमय यह कि हम परम पिता परमात्मा की आराधना करते हुए हमें साहित्यिक तत्त्वों के उपर विचार विनिमय करना चाहिए। महारानी द्रौपदी ने यह कहा कि महाराज ! मैं तो योग को ऐसा ही जानी हूँ कि याग कहते हैं जब मानव अपनी प्रवृत्तियों का अनुसरण करता है और उन पर अनुशासन करता है वह याज्ञिक पुरुष होता है। हमारे

यहाँ भिन्न भिन्न प्रकार के याग हैं। सर्वत्र यागों का अभिप्राय यह है कि याग कहते हैं सूचरित्र को, जब मानव चरित्रवान बनता हुआ अनुशासन में रहता हुआ अपने जीवन को हिंसा से रहित होकर कर्म करता है उसका नाम याग कहलाया जाता है।

याग का विचार हमारा समाप्त होने जा रह है। मुझे समय मिलेगा शेष चर्चाएँ कल प्रकट करूँगा। कल मेरे प्यारे महानन्द जो भी कुछ दो शब्दों की !विवेचना करेंगे। आज का विचार समाप्त। अब वेदों का पाठ होगा।

१४ 28 10 1973 पुष्प 24 महारानी द्रौपदी केवल अर्जुन की पत्नी

जीते रहोदेखो !, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुण गान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से, वैद मन्त्रों का पठन पाठन किया।

मेरे प्यारे महानन्द जी मुझे प्रेरणा दे रहे हैं कि यागों के सम्बन्ध में कुछ विचार व्यक्त ! किए जाएँ। याग के सम्बन्ध में तो हम प्रायः नित्य प्रति हो उच्चारण करते रहते हैं और याग से पृथक संसार की कोई वस्तु या वाक्य है ही नहीं। जब हम यह विचारते हैं कि हमारा प्रत्येक वाक्य याग है, हमारी वाणी से जो कार्य हो रहा है वह याग है। परन्तु जो शुद्ध पवित्रता से गुंथा हुआ विचार है वह याग कहलाता है। आज हम याग में परणित होते चले जाएँ। हम उस समिधा को अग्न्याधान के लिए चयन करते हैं जिस समिधा से अपनी अग्नि को प्रदीप्त करता है। हे यज्ञमान तू उस अग्नि को प्रदीप्त कर ! तू यज्ञ का अधिपति है। तू !जो इस संसार को प्रकाशमान बना रही है। हे यज्ञमान उस अग्नि को अपने धारण कर जिस अग्नि के धारण करने से तेरी आंतरिक अग्नि जागरूक होकर क े तू इस संसार सागर से पार होता चला जाए।

आज मैं कोई अधिक विवेचना देने नहीं आया हूँ। विचार विनिमय यह है कि हम सदैव यागों में परिणाम होते चले जाएँ। प्रत्येक मानव, प्रत्येक देवकन्या को प्रायः याग करना चाहिए। एक मेरी पुत्री है वह अपने गृह में याग कर रही है। अथवा अपने गर्भस्थल में बालक को विचार दे रही है और याग भी करती है तो वह माता संसार में याज्ञिक कहलाती है। याग का अभिप्राय है निर्माण। अपने विचारों को शुद्ध रूपों से निर्माण

करना और उन विचारों के अनुकूल आगे आने वाला जो समाज है, आगे आने वाली जो सम्प्रदा है उसे हमें याग में परणित करना है। संसार में प्रत्येक मानव याग कर रहा है, जब मानव अपनी आत्मिकता को धारण करता है आत्मा बलिष्ठ होता है, उसी आत्मा की जो वेदना होती है, जो एक धारा है वह मानव को एक प्रतिभा में परणित कराती रहती है। विचार विनिमय यह कि आज हम उस महान् अग्नि के ऊपर और अपने मानवीय यागों के ऊपर विचार विनिमय करते चले जाएँ। क्योंकि वह हमारा याग है।

एक भौतिक विज्ञानवेत्ता है वह नाना परमाणुओं को एकत्रित कर रहा है, अपनी विज्ञानशाला में नाना प्रकार के वैज्ञानिक यन्त्रों को निर्धारित करता है अथवा उनका निर्माण करता है। जब वह वैज्ञानिक इस विज्ञान का सदुपयोग करता है, उसको सूक्ष्मता से साकार रूप देता है तो यह उसका एक महान् विचार है, उसकी महत्ता है। उसकी विचित्रता उसके वचनों में, उसकी धाराओं में निहित हो रही है। वह विज्ञानवेत्ता लोकों में जाने के लिए तत्पर है। परन्तु उसे यह प्रतीत नहीं कि तेरे प्राण इस शरीर में रहेंगे अथवा नहीं। परन्तु वह उड़ान उड़ने के लिए तत्पर है। एक विज्ञानवेत्ता याग कर रहा है। परन्तु यदि उस विज्ञान का सदुपयोग हो जाए तो वह एक महान् याग कहलाता है। हम याज्ञिक पुरुष बनें और हम प्रत्येक प्रकार का याग करें। जिस प्रकार का हम याग करें उसी प्रकार की धरा मन में होनी चाहिए। उसी प्रकार का संकलन होना चाहिए। उसी प्रकार की प्रतिष्ठा होनी चाहिए। जिससे हम परम पिता परमात्मा के क्षेत्र में अपने सूक्ष्म विचारों का साकार रूप देकर के संसार सागर से पार होने का प्रयास करें। अब मैं अधिक विवेचना प्रकट नहीं करूँगा। मेरे प्यारे महानन्द जी भी अपना विचार ! व्यक्त करेंगे क्योंकि इनकी एक पिपासा रहती है, मन में एक भावना रहती है कि मैं भी अपने शब्दों को उच्चारण करूँ जिन शब्दों में मानवता हो, निर्माण हो। राष्ट्रीयता हो। हिंसा से रहित विचार हों। अहिंसा से गुँथे हुए हों। जैसे प्रातः काल का सूर्य रात्री को समाप्त करने में वेदनित रहता है इसी प्रकार जो जिज्ञासु पुरुष होते हैं (पीड़ित), जो आत्मिकता को और धर्म को स्थापित करना चाहते हैं उनके हृदयों में भी इसी प्रकार की वेदना होती है अथवा उसी (पीड़ा)वेदना के साथ में अपनी वेदना से विचलित न

हो जाएँ। अब मैं अपने प्यारे महानन्द जी से उच्चारण करने जा रहा हूँ कि वह अपने शब्दों को विवेचना करें।

पूज्य महानन्द जीः ओ३म् मया रथम दधिमाँ रेवम् अस्वाव्रतं दधिमा चाम्इति मान दवं धर्मांः। मेरे पूज्यपाद गुरुदेवमेरे ! भद्र ऋषि मण्डल आज मेरे !मेरे ऋषि समाज ! पूज्यपाद गुरुदेव ने पुनः से कुछ समय प्रदान किया। उसमें अपने कुछ विचार नियुक्त करना चाहता हूँ और वे हमारे विचार क्या हैं? उन विचारों पर टिप्पणियाँ भी की जाती हैं और करनी भी चाहिए। क्योंकि बिना टिप्पणी के किसी शब्द की सार्थकता की प्रतिभा मानव के समीप नहीं आ पाती। तो हमारा विचार यह है कि आज हम अपने पूज्यपाद गुरुदेव के लिए यह वाक्य प्रकट कराने आए हैं। वास्तव में तो इनके समीप हमारा कोई शब्द महत्वदायक नहीं है। क्योंकि इनका जो विचार है वह इतना मानवता से गुन्था हुआ है, इतना राष्ट्रीयता से गुंथा हुआ है कि उसके ऊपर हमारा कोई शब्द उच्चारण करना हमें शौभनीय नहीं। परन्तु इसके पश्चात् पूज्यपाद गुरुदेव ही यह कहा करते हैं सुन्दर वाक्यों की पुनरुक्ति होना भी कोई दोष नहीं है। , तो विचार विनिमय यह कि जैसा पूज्यपाद गुरुदेव याग के सम्बन्ध में प्रकट करा रहे थे कि यज्ञमान को याज्ञिक बनना है। मैं पुरातनकाल से अपनी वार्त्ताओं को प्रकट कराता हूँ। आज भी जहाँ हमारी यह आकाशवाणी जा रही है वहाँ साम गान हो रहा था। मेरी अन्तरात्मा प्रसन्न हो रही थी। मैं उच्चारण कर रहा था कि देवतेरी महिमा है वेदों का प !्रसार मानव जीवन में होना चाहि। प्रत्येक गृह में यज्ञ की सुगन्धि और वेद के मन्त्रों की ध्वनि होनी चाहिए। पुरातन काल का साहित्य मुझे स्मरण आता रहता है जब राजाओं के गृह में क्या प्रजा के गृहों में से क्या, सब स्थानों से सुगन्धि आती थी, वेद मन्त्रों की ध्वनियाँ मानव के श्रोत्रों में आती थीं।

वह जो याग है, वे जो ध्वनियाँ हैं वे इस राष्ट्र और समाज को, मानवता को ऊँचा बनाने वाली हैं। हे यज्ञमान आज मैं कोई अपनी विचारधारा तो प्रकट करने नहीं ! तुम्हारे जीवन का सौभाग्य सदैव अखण्ड बना रहे। जितना भी !आया हूँ। हे यज्ञमान धर्म और मानवता का प्रसार हो सके उतना ही करना चाहिए और वह प्रसार तुम्हारा

परमात्मा से मिलने का होना चाहिए। जहाँ आहार व्यवहार अशुद्ध हो जाता है वहाँ मैं यह कहा करता हूँ अपने पूज्यपाद गुरुदेव से भी प्रार्थना करता रहता हूँ कि यह जो समाज है यह अज्ञानता को अपनी प्रतिभा से नष्ट कर देवे, अपने अज्ञानता से पूर्ण साहित्य को नष्ट कर देवे अथवा सदैव यह विचार रहता है कि अज्ञानता समाप्त होनी चाहिए और ज्ञान का प्रसार होना चाहिए। अशुद्धियों के शब्द गृहों में नहीं रहने चाहिए। गृहों में सदैव सुगन्धि और वेद का पठन पाठन होना चाहिए।

मैंने अपने पूज्यपाद गुरुदेव से बहुत पुरातन काल में कुछ वार्त्ताएँ प्रकट कीं। आज मैं इन वाक्यों में तो जाना नहीं चाहता हूँ। परन्तु मेरे पूज्यपाद गुरुदेव यह कहा करते हैं कि प्यारे महानन्द जी अशुद्ध वाक्य प्रकट करते हैं। परन्तु जब मैं यह कहा करता हूँ कि इनके मुखारविन्द पर एक शब्द अभ्यास युक्त हो गया है। मैं सदैव यह कहा करता हूँ कि हे पूज्यपाद गुरुदेवयह जो समाज है !, यह जो आधुनिक काल का जगत् है यह बहुत ही विचित्र बनता चला जा रहा है। जब मैं विज्ञान के युग में जाता हूँ, छात्रावास में जाता हूँ, साहित्य पर दृष्टिपात करता हूँ तो मुझे प्रायः ऐसा दृष्टिपात होता है कि यह जो आर्यों का साहित्य है, आर्यों की जो परम्परा है, आर्यों का जो वंशज है यह कहा जा रहा है? जहाँ महर्षि यावल्क्य महाराज, जहाँ राजा जनक जैसे राजा जिनके यहाँ सदैव ब्रह्मयाग होता रहता था, ब्राह्मणों की वार्त्ता प्रकट होती रहती थीं। शास्त्रार्थ होते रहते, विचार विनिमय होते रहते। परन्तु आज जब मैं राष्ट्रीय युग में जाता हूँ तो वहाँ जहाँ ऋषियों के स्थल हैं वहाँ और हो कोई विराजमान हैं। आज मैं यह दृष्टिपात करता हूँ।

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव इससे पूर्व शब्दों में साहित्यिक चर्चाओं को प्रकट कर रहे थे, महारानी द्रौपदी की चर्चाएँ कर रहे थे। परन्तु आधुनिक काल में द्रौपदी की ऐसी कल्पना की इसके पाँच पति कहलाते हैं और वह पाँचों पतियों की एक ही अर्धांगिनी कहलाती थी। विचारा नहीं जाता यह आन मानवों में कहाँ से आ गया? यह अज्ञान रूढ़ियों से उत्पन्न हुआ करता है। जब मानव रूढ़िवादी बन जाता है, यढ़िवाद में ब्राह्मण समाज भी उन्हीं रूढ़ियों में परणित हो जाता है। और जन्म से ब्राह्मण बन जाता है। और

जातीयता का प्रसार हो जाता है, जब जातीयता और रूढ़िवाद पूर्ण ऊर्ध्वगति के शिखर पर चले जाते हैं उस समय इसमें धर्म और मानवता का ह्रास हो जाता है। आधुनिक काल में जब मैं यह दृष्टिपात करता हूँ कि पाँचों पाण्डव जहाँ द्रौपदी के संरक्षक थे उनकी संरक्षता में वह विचरण करती थी। विचारना तो यही है हमारे लिए मानो जहाँ स्वयंवर को चर्चाएँ पूज्यपाद गुरुदेव ने कल प्रकट की उसमें मुझे कोई वाक्य प्रकट नहीं करना है।

आज से लगभग चार हजार वर्ष पूर्व एक चेतांग नाम का ब्राह्मण हुआ और एक रमाशंकर नाम का ब्राह्मण हुआ जिनको जैन समाज ने बौद्ध समाज ने दोनों द्रव्य दे करके महाभारत के पात्रों को विकृत बना दिया। महाभारत के पात्रों को विकृत बना दिया। महाभारत के जो पात्र हैं उनको अशुद्ध बनाया। उसी काल में रेनुकेतु नाम के ब्राह्मण थे और स्वाती नाम का ब्राह्मण था। दोनों ब्राह्मण ऊँचे विद्वान थे। परन्तु द्रव्य की लोलुपता में रूढ़िवाद में परणित हो करके उन्होंने राम के साहित्य को रामायण के पात्रों को समाप्त करने के लिए अपनी प्रतिभा को प्रतिष्ठित बनाने का प्रयास किया।

उन पात्रों को आज हमें शुद्ध बनाना है और वे पात्र शुद्ध कैसे बनेंगे? पात्र उस काल में शुद्ध बनेंगे जब बुद्धिमानों का एक समाज एकत्रित होगा। स्वार्थ से रहित बुद्धिमानों का समाज और उन पात्रों को यथार्थ बनाने का प्रयास करेंगे। पात्र क्या होते हैं? जैसे हमारे महाभारत के काल में एक तो द्रोपदी पात्र कहलाते हैं, एक पांचों पाण्डव पात्र कहलाते हैं, गान्धारी पात्र है, पितामह भीष्म पात्र हैं और यहाँ वेदव्यास पात्र हैं, और धृष्टराष्ट्र के जो पुत्र हैं वे भी पात्र हैं, उन पात्रों की जो गाथाएं हैं वे बड़ी विचित्र हैं। जहाँ हमारा विज्ञान हमारी मानवता इतने ऊँचे शिखर पर रमण कर रही हो। वहाँ का पात्र यदि नष्ट हो जाएं, पात्रों में अशुद्धता आ जाए तो वह साहित्य नष्ट हो जाता है। जिस भी काल में विचारक पुरुष आते हैं, वैज्ञानिक पुरुष आते हैं और तार्किक दृष्टि से दृष्टिपात करते हैं तो तर्क में आकर के वह साहित्य नष्ट हो जाता है। आधुनिक काल का जगत् उन्हीं पात्रों को लाने का प्रयास करता है। तो उन पात्रों में जब कोई सार्थकता प्रतीत नहीं होती तो उन पात्रों से ही साहित्य कलंकित हो गया। यहाँ जातिवाद में रूढ़िवाद में धर्म

और मानवता का ह्रास करने के लिए इन पात्रों को भ्रष्ट किया गया।
रामायण के काल में जब जाते हैं, मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने रामायण के काल को दृष्टिपात किया। मुझे भी कुछ कुछ स्मरण आता रहता है। परन्तु जब उस काल में जाता हूँ और आधुनिक काल में उस साहित्य को दृष्टिपात किया जाता है, उस रामायण के पात्रों को भी बौद्ध काल में, जैन काल में भ्रष्ट किया गया। मौहम्मद के मानने वाले मुस्लिम काल में भी उनको ह्रासता में परणित कराया गया। उनके ऊपर नाना प्रकार की टिप्पणियां कीं। वहाँ महात्मा बुद्ध और जैन समाज से पूर्व वाममार्ग की समाज का एक कृत या और उनकी पताका थी। उन्होंने जो अट्ठारह पुराण कहलाए जाते हैं जो हमारा पुरातन साहित्य है, हमारी जो पुरातन ऋषि मुनियों की सूक्ष्म प्रणालियां हैं, राजाओं की परम्परा हैं वहाँ वाममार्गियों ने मांस भक्षण करने की, यागों में गो मेध याग में गो मांस को आहुति देना, अज्ञा मेध में बकरी के मांस की आहुति देना और अश्वमेध में घोड़े की आहुति देना, नरमेध में मनुष्य को आहुति देना, देवी याग में देवी के मांस की आहुति देना, इस प्रकार का जो प्रभाव चला। उन्ळोंने मांस भक्षण के लिए, अपनी रसना के आनन्द के लिए धर्म और मानव को भ्रष्ट करने के लिए मिश्रण किया। आज जब मैं वाममार्ग के क्षेत्र में जाता हूँ, वाममार्ग की प्रतिभा में जाता हूँ तो मुझे ऐसा प्रतीत होताहै कि महाभारत के काल में परीक्षित काल के पश्चात् यह अज्ञानता आई। जो वाममार्ग आया, उसमें धर्म और वैदिकता को नष्ट करने के लिए तत्पर रहे। यहाँ तक कि वेदों के भाष्यकारों में भी मांस भक्षण की त्रुटि आई। जहाँ वेद में कोई भीमन्त्र, कोई भी शब्द इस प्रकार का नहीं है, जिसमें मांस भक्षण करने की प्रवृत्ति मानव की बनाई जाएं। आयुर्वेद का जहाँ प्रसंग है वह द्वितीय प्रसंग है। आज मैं आयुर्वेद के प्रसंग में नहीं जा रहा हूँ। विचारना यह है कि उन प्रणालियों को विचारें। जिन परम्पराओं में हमारे साहित्य के जो पात्र है। उनको अशुद्ध किया गया, उन्हीं पात्रों को लेकर के आधुनिक काल में तार्किक पुरुषों ने इन साहित्यों को नष्ट करके और अपने आप में एक उपाधियुक्त बनते चले जा रहे हैं। क्योंकि जब पात्र अशुद्ध हो जाते हैं तो जो अज्ञानी पुरुष तार्किक पुरुष बन जाते हैं। वे नास्तिकवाद में परणित होते हुए पात्रों को भ्रष्ट रूप

में दृष्टिपात करके अपनी उपाधियों को प्राप्त किया करते हैं। आज हमें शुद्ध रूप को लाना है, शुद्ध रूप को प्रतिभा को लाने के लिए सदैव प्रयास करनाहै।

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव कल द्रौपदी की चर्चा कर रहे थे। इस द्रौपदी का जीवन बाल्यकाल से लेकर के मृत्युपर्यन्त एक भी दिवस ऐसा नहीं था जब प्रातःकाल में वह याग न करती हो, एक भी दिवस ऐसा नहीं था जब वे वेदों का अध्ययन नहीं करती थीं। मुझे स्मरण आता रहता है जब पाण्डवों को वन प्राप्त हुआ था, उस समय जब तक वन में रहे जैसा वेद में आया अबभ्रा गौत्रा नमो ब्रह्मचर्य व्रताः। उसके अनुसार वह विदुषी बारह वर्ष तक ब्रह्मचर्य का पालन करती रही और अर्जुन से भी यह कही हे भगवन हमारा ! जीवन ब्रह्मचर्य युक्त होना चाहिए। वह साहित्य कहाँ चला गया जहाँ पाण्डव भयंकर वनों में वेदों का अध्ययन करते थे वेदों की प्रतिभा में रमण करते रहते थे। इतिहास में मिलावट से ऐसा प्रतीत होने लगा कि साक्षातवह महाभारत जैसा संग्राम हुआ प्रतीत नहीं होता। मैं आज उस साहित्य में जाना नहीं चाहता हूँ। विचारना यह है कि हे ब्राह्मणों आओ तुम पुनः से अपने पात्रों को शुद्ध बना लो। यदि आधुनिक काल का ! ब्राह्मण पात्रों को शुद्ध बना लेगा तो साहित्य जीवित रह सकेगा अन्यथा जिससमाज का इस आर्यत्व का साहित्य पतित हो गया है तो उनके द्वारा रह क्या गया है।

यहाँ जैन काल में और बौद्ध काल में और मुहम्मद के मानने वाले कालों में यहाँ नाना प्रकार की प्रतिष्ठा रही, अध्ययन रहा। जब यहाँ वह मुहम्मद के मानने वालों का एक अग्रीणी बन करके (नेता)आया, अज्ञान तो आ ही गया था। अज्ञान के कारण मुहम्मद को मानने वाले जो साधु थे वह कृष्ण बन करके आये। जहाँ पांचाल राष्ट्र है उससे पूर्व अज्ञानता के कारण उन सबका मुहम्मद को मानने वाला बना दिया। क्योंकि ब्राह्मण समाज रूढ़िवाद में परिणित हो गया। ब्राह्मण समाज जातिवाद में परिणित हो गया। वर्ण व्यवस्था को न स्वीकार करके वह केवल जातीयता में आ करके समाज में अज्ञानता ही अज्ञानता आ गई और हम दूसरे सम्प्रदायों को स्वीकार करने लगे। धर्म और मानवता को त्याग करके केवल उस आभा में परिणित हो गए जहाँ समाज का ह्रास हो गया और यहाँ साहित्य और मानवता को कलंकित किया गया। ब्राह्मणों से मेरी यह याचना

है इन वाक्यों को दृष्टिपात करें। परन्तु विचारता कौन है? पदों की लोलुपता से, द्रव्य के अभाव में वह अपने आप को नष्ट करते चले जा रहे हैं। परिणाम क्या कि आज जब पद की लोलुपता में इस प्रकार की प्रतिभा को त्यागा जाता है तो उसकाल में रूढ़िवाद को नष्ट करके धर्म, साहित्य मानवता को लाने का सदैव प्रयत्न करना चाहिए। मैंने बहुत पुरातन काल में अपने पूज्यपाद गुरुदेव से प्रकट करते हुए कहा था कि आधुनिक काल का समाज यह स्वीकार करता है कि हनुमान जी के एक पूंछ कहलाती थी। तह समाज कितना अज्ञानता में परणित हो गया। जहाँ अर्जुन का संस्कार हुआ था अरुचि के कारण आज जब हम राष्ट्रों के मानने वाले व्यक्तियों का (अमेरिका देश) सम्बन्ध टूट गया तब वे सब वह ईसा के मानने वाले आज बन गएं हैं। परन्तु कोई काल था जब वहाँ वैदिकता का प्रसार थ ा। यागों के द्वारा अस्त्रों का निर्माण होता था। अहा आधुनिक काल में भी एक मानव पुरातत्व की दृष्टि से वहाँ यज्ञ पात्रों का प्रार्दुभाव हुआ। राजा उत्तानपाद के समय का पात्र आधुनिक काल में भी प्राप्त होता रहा है। परिणाम क्या कि वहाँ को संस्कृति, विचारधारा परम्परा से सुगठित है। परन्तु अज्ञानता के कारण, रक्त बहने के कारण, वह समाज, में अशुद्धवाद में परणित हो गई है। परिणाम यह है कि उन राष्ट्रों के आज कुछ व्यक्ति यह कहते हैं कि मानव को जो विकास हुआ है वह केवल वानर पशु से हुआ है। अरे, मानव तुम्हारी बुद्धि कहाँ चली ! गई? तुम बुद्धि को कहाँ नष्ट कर गएं हो? विचारो तो सही क्या मानव का विकास जब बन्दर से होता है तो वानर जाति अब नहीं होनी चाहिए। वह सब मनुष्य होने चाहिए थे। विचार विनिमय यह कि उनका अज्ञान, परम्परा को न विचार करके, वैदिक साहित्य और धर्म को कलंकित करने के पश्चात् अपने जीवन में मनमानी वार्त्ताओं को प्रकट करता रहता है। जिससे समाज में अशुद्धवाद आ जाता है। समाज उसी से ही पतित होने से उसका साहित्य भी नष्ट हो जाता है।

यह समाज कैसे अशुद्ध हुआ? यह रूढ़ियों से हुआ। सबसे प्रथम रूढ़िवादी यहाँ वाममार्गी बने। वाम मार्गियों का विचार संकीर्ण बन गया, देवियों के नाम से यज्ञों में मांस की आहुति प्रदान होने लगी। मांस स्वयं पान करते थे। देवी मांस को प्राप्त नहीं करती। दैवी

सम्पदा वाले जो प्राणी हैं जो यह जानते हैं कि दैवी सम्पदा होनी चाहिए। देवी कहते हैं श्रद्धा को, देवी कहते हैं विद्या को। जो उसको जागरुक बनाता है वह बुद्धिमान बन जाता है। जो महान पवित्र बन जाता है परन्तु आधुनिक काल के समाज ने वाममार्ग की जो प्रथा है वह वर्तमान मैं भी प्रचलित है। आज भी वह देवियों पर, देवताओं पर मांस की आहुति दे करके अपने उदर की पूर्ति करते हैं। अरे, इस उदर की पूर्ति के लिए संसार में उनके शरीरों को नष्ट किया जाए तो बहुत ही प्रियतम हो सकता है। हे वेद के ब्राह्मण तू जागरुक हो और जागरुक करके तू ओ३म् की पताका को लेकर ! के तू वेद के साहित्य के ज्ञान को लेकर के और साहित्य को शुद्ध बना करके तू अपनी पताका को ऊँचा बना। धर्म को लेकर के चल। जिससे यह राष्ट्र और समाज में शुद्धता आ जाएं और रूढ़िवाद होना चाहिए।

रूढ़िवाद धर्म नहीं है वह तो रूढ़ि है, उस रूढ़ि को जहाँ भी है नष्ट करना मानव का कर्त्तव्य है, जातीयता में आ करके यह समाज अग्नि के मुख में चला गया। आज जब मैं यह विचारता हूँ कि कहाँ तो वह माता थी जहाँ द्रौपदी वेदों का पठन पाठन करती थी। कहाँ आधुनिक काल की मेरी पुत्रियां हैं। पुरातन काल में माता कुन्ती अपने आत्मविश्वास से पुत्र को उत्पन्न करने वाली, यहाँ मल्दालसा और भी नाना विदुषियां हुई हैं जिन्होंने ऋषि मुनियों को जन्म दिया है। वे श्रृङ्गार से युक्त नहीं रहती थीं। वे मेरी प्यारी माताएं सदैव विद्या का अध्ययन करती थीं। दर्शनों का अध्ययन चलता रहता था। आधुनिक काल की जो मेरी पुत्रियां हैं, आधुनिक काल की जो मेरी माताएं है। उनमें अपना आत्मविश्वास ही नहीं रहा है। वे इस समाज में ऊँचे पुत्र को कैसे जन्म दे सकती हैं। हे मेरी माँतू पुनः से सदैव वेदों को उस महान् विद्या को !, दर्शनों की आभा को अपना जिससे तेरा आत्म विश्वास हो। प्रभु ने जैसी जो वस्तु दी है वह वैसी ही रखनी चाहिए। उस पर उसी प्रकार का विश्वास होना चाहिए। हो मां तू यहाँ पुनः से ! कृष्ण और भगवान् राम को जन्म देने वाली हो यहाँ ब्रह्मा को जन्म दे जिससे यह राष्ट्र पुनः से स्वर्ग में परिणित हो जाए और हे माँ तेरे श्रृङ्गार की रक्षा कर सके।

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने कई काल में प्रकट कराते हुए कहा था। आज मैं इन वाक्यों

की पुनरुक्ति करने नहीं जा रहा हूँ। पूज्यपाद गुरुदेव तो अपने गम्भीर वाक्यों में परणित रहते हैं। परन्तु मैं यह उच्चारण करने जा रहा हूँ यहाँ स्वार्थी पुरुषों ने साहित्य को भ्रष्ट किया और यज्ञों को भ्रष्ट करने के लिए सदैव तत्पर रहे। जब मैं मानव की दृष्टि से, आत्मिक, धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से दृष्टिपात करने लगता हूँ तो विचार आता है कि वास्तव में यहाँ याग होने चाहिए। हे यज्ञमान तू याज्ञिक बन। प्रत्येक गृह में याग ! होने चाहिए। जिस काल को आज का मानव यह कहता है कि राम राज्य की स्थापना करनी है जिसको यह मानव आज का कार्य कहत है मनु शासन की स्थापना करनी है। परन्तु तुम्हें प्रतीत है भगवान राम ने सबसे प्रथम यह परम्परा बनाई थी। जब राष्ट्रीय नियम बनाने लगे कि सबसे प्रथम तो याग होने चाहिएं, सुगन्धि होनी चाहिए, दोनों ही राष्ट्र और मानव समाज को ऊँचा बना सकती हैं। आज मानव के द्वारा राष्ट्र रहे या न रहे परन्तु सदाचार और मानवता अवश्य रहनी चाहिए। राम ने द्वितीय नियम यह बनाया था कि मेरे राष्ट्र में किसी प्राणी की हिसा नहीं होनी चाहिए। उससे पूर्व काल में भी नहीं होती थी। परन्तु नियम था कि किसी प्रकार का अपराध नहीं होना चाहिए। राजाओं का यह नियम था कि मछली से ले करके और मानवत्व की जिस राजा के राष्ट्र में रक्षा होती हो वह राष्ट्र, वह समाज जिसकी कल्पना की जाती हो वह कितना प्रियतम कहलाता था। मेरी प्यारी मां को एक पंक्ति में विराजमान करके !जब तू प्यारे पुत्रों ! और उनकी शिक्षा देती है कि हे पुत्र संसार में तुम्हें अहिंसा परमोधर्मीबनना है, अपनी प्रतिष्ठा को नष्ट नहीं करना है। अहिंसा परमोधर्म एक तो ऐसा होता है जहाँ मानव द्वितीयों के प्रति रूढ़िवादियों को पनपने देता है, हे मानव रूढ़ियों को पनपने नहीं ! देना और धर्म का प्रसार करना है, वैदिकता को लाना है।

वेद को हमारे यहाँ ईश्वरीय वाणी कहते है क्योंकि वेद का प्रत्येक जो शब्द है वह रूढ़ि से पृथक है, स्वार्थ से रहित है, वह ज्ञान और विज्ञान से युक्त है, संसार की कोई ऐसी विद्या नहीं जो उसमें न हो। परम पिता परमात्मा सदैव वैज्ञानिक भी है, बुद्धिमान भी है, सर्व हृदयों को वह जानता है, ऐसी उसकी वाणी है जो पक्षपात से रहित कहलाती है। जैसे परमपिता परमात्मा पक्षपात से रहित है इसी प्रकार उसकी वाणी, उसका ज्ञान

भी पक्षपात से रहित कहलाता है।

विचार विनिमय यह है कि आजा हम अपने धर्म और साहित्य को रक्षा करने वाले बनें। वह रक्षा क्या है कि हम शुद्ध रूप लाने का प्रयास करें। इन पात्रों को शुद्ध बनाने का प्रयास करें जिससे हमारा धर्म ऊँचों बनेगा, मानवता ऊँची बनेगी। आज के राष्ट्रवाद में जहाँ राम राज्य की घोषणा करके राम को ही पुकारा नहीं जाता राम की घोषणा ही घोषणा होती है परन्तु जब उनके मानने वालों के द्वार पर जाता हूँ, जहाँ सबसे प्रथम उनका यह नियम था कि अहिंसा परमोधर्म होना चाहिए, जहाँ भगवान राम धर्म, शिष्टाचार और मानवता को लाने का प्रयास किया करते, वहाँ आज का जो राष्ट्र है वह यह कह रहा है कि अन्न की सूक्ष्मता है इसलिए मांस भक्षण करना है। क्या मानव ने यह नहीं विचारा कि हे राजा तू अपने राष्ट्र में बुद्धिमानों को बुद्धिमान मान करके ! उनसे निरीक्षण करा, वैज्ञानिकता से अनुसन्धान कर कि यह जो अन्न की सूक्ष्मता है यह राष्ट्र में क्या है? जब मानव ने मांस को भक्षण करना प्रारम्भ कर दिया तो प्रकृति ने अन्न को उससे दूर कर दिया। अन्न को प्रकृति ने छीना है, वह मानव ने नहीं, राष्ट्र ने नहीं परन्तु अन्नावृष्टि अतिवृष्टि प्रारम्भ होकर के अन्न नष्ट हो रहा है कहीं भ्रष्ट हो रहा है, कहीं मानव स्वार्थवाद में परणित हो रहा है। कहीं संग्रह करने की प्रवृत्ति है, ये राष्ट्र को अन्न से पनपने नहीं देंगे। हे राजा तू सदाचार की स्थापना कर। आज तू द्रव्य की ! लोलुपता में न जा। समाज में द्रव्य होना चाहिए, अपना ऐश्वर्य होना चाहिए। हे राजन् ! राम राज्य यह नहीं कहता। राम राज्य यह कहता है कि इनको जीवन दो जो मानव पत्ति हैं। उनको जीवन दो, उनको द्रव्य दो। जो संग्रहवादी हैं उनको बीच में लाने का प्रयास करो। हे राजन् तेरी प्रवृत्ति भ्रष्ट हो गई है। तू स्वयं संग्रह करने वाला बन गएं ! हैं। आज जब राष्ट्र नायक स्वयं संग्रह की प्रवृत्ति में आ जाएंगे तो यह साधारण समाज क्यों न संग्रह करेगा। क्योंकि न ऐश्वर्य में आयेगा। आज का जो राष्ट्रवाद है वह दूसरों की कन्याओं के श्रृङ्गार को हनन करने में परणित है। हे मानव जब तुम हनन करोगे ! तो तुम्हारे राष्ट्र का जीवन कैसे ऊँचा बनेगा। आज उन पुत्रियों के श्रृंगारों की रक्षा के लिए राष्ट्र होता है या राष्ट्र उनके सतीत्व को नष्ट करने के लिय होता है। आज इन

बातों को तो विचारो। परन्तु विचारा नहीं जाता। क्योंकि स्वार्थ इतना प्रबल है, पात्र इतने भ्रष्ट हो गएं हैं कि उन पात्रों को कौन शुद्ध बन बनाएं?
अब मैं यह उच्चारण करूं कि कौन शुद्ध बना सकता है, हे ब्राह्मण समाज आज तुझे ! जागरुक होना चाहिए। जागरुक हो करके उषर्बुध होना चाहिए। उषर्बुध बन करके रूढ़ि को त्याग करके इन पात्रों को शुद्ध रूप से लेना चाहिए। यह मानव का कर्त्तव्य है, यह ब्राह्मण समाज का कत्रव्य है। मैं कहाँ तक इन वेदना भरे वाक्यों को प्रकट करता रहूँगा। इनकी तो महान् पोथी बन सकती है। मैं आज उस पोथी का निर्माण करने नहीं जा रहा हूँ। विचार विनिमय यह है कि हे मानवतुम पात्रों को शुद्ध बनाओ !, ऋषि मुनियों की जो परम्परा है, उनके जो जीवन हैं उनको साकार रूप देने का प्रयास करो। जिससे यह जातिवाद नष्ट होकर मानव धर्म और राष्ट्रवाद को अपने में परणित कर ले। आज का राष्ट्रवाद कोई नियम नहीं बना सकता। क्योंकि राष्ट्र में रूढ़िवाद चलता है। आज की कोई रूढ़ि तो ऐसी है जो द्वितीय राष्ट्रों पर ही अपने को निहार रहा है। कोई ऐसा है जो द्रव्य को एकत्रित करने में परणित हो रहा है। वह अपने में संलग्न है। परन्तुविचारो कि हे मानव तेरे राष्ट्र में उस मानव को रहने का !हे राजा ! अधिकार जिसके द्वारा राष्ट्रीयता होनी चाहिए, जिसके द्वारा राष्ट्रीय संस्कृति होनी चाहिए। और मानवता होनी चाहिए। उसको रहने का अधिकार है और उसे तुझे अधिकार देना चाहिए, यदि अधिकार नहीं दिया जाएगा तो वह समय दूर नहीं है जब यहाँ गृह गृह में रक्त की धाराएं बहनी प्रारम्भ हो जाएगी।
आज जब मैं संसार के उस महान शिखर पर जाता हूँ कि एक मानव मानव को किस प्रकार नष्ट करता है। अरे, यह रूढ़ि ही तो कहलाती है आज एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को नष्ट करने के लिए तत्पर है। क्योंकि उनमें रूढ़ि है। धर्म नहीं है। उन रूढ़ियों को एक दूसरी रूढ़ियों की अपने में ग्रहण करना चाहता है। इसलिए यह नाना प्रकार का विवाद है, नाना प्रकार का संग्राम है, नाना प्रकार की कृतियां अशुद्ध हो रही हैं। राम के काल में प्रत्येक गृह में याग होते थे, रघुवंश में ऐसा ही होता रहा। महाभारत के काल में भी ऐसा ही था। प्रत्येक गृह में याग होते थे, ब्रह्मयाग होते थे। पूज्पाद गुरुदेव ने एक वाक्य

बहुत प्रिय कहा जब अधिकार और अनधिकार के लिए संग्राम होता है तो समाज का विनाश हो जाता है।

मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से यह निर्णय कराने जा रहा हूँ कि यह समाज ऐसा है और महाभारत के काल के पश्चात् क्या क्या हुआ। मानो इन अठारह पुराणों में पुरातन कालों को अशुद्धियों में परणित किया। निर्णय कराने की सूक्ष्मता रही। द्रव्य ले ले करके पात्रों को भ्रष्ट कर दिया गया। आज का हमारा विचार समाप्त हुआ। अब मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से आज्ञा चाहूँगा। यह जो समाज है जहाँ मछलियों कीरक्षा होनी चाहिए वहाँ मछलियों का भक्षण किया जाता है यह आधुनिक काल का जगत् है। राम राज्य की घोषणा है परन्तु वह केवल लेखनी पर घोषणा है। क्रियात्मक यह घोषणा कदापि नहीं स्वीकार की जा रही है। जो आज का विचार यह कि कामधेनु गउओं की रक्षा होनी चाहिए। मद्य इत्यादि का जो मानव के मन को भ्रष्ट करता है, मानवत्व को भ्रष्ट करता है, द्रव्य की लोलुपता में आ गया तो यह नहीं आना चाहिए। संग्रह करने की प्रवृत्ति न राजा में हो न प्रजा में हो। वर्ण व्यवस्था ऊँची होनी चाहिए। निर्माण विद्यालयों में हों। तब यह पुरातन का जगत् पुनः से ऊर्ध्व गति को प्राप्त हो सकेगा। समय तो आयेगा परन्तु वह समय भी दूर नहीं है जब यह समाज उसी प्रकार का बनेगा। पुनः से हे यज्ञमानतेरे गृह में याग होते रहें। प्रत्येक गृह में याग हों !। जिससे सुगन्धि हो, दुर्गन्धि उत्पन्न न हो, राष्ट्र ऊँचा बने। अब मैं पूज्यपाद गुरुदेव की आज्ञा चाहूँगा।

पूज्यपाद गुरुदेवः हास्य महानन्द जी ने अपनी कुछ पिपासाएं और !आज मेरे प्यारे.... हृदय की वेदना प्रकट कीं। हमें तो यह प्रतीत नहीं हो पाया कि यह ऐसा वाक्य का जगत् ऐसा है तो यह तो समाज की धृष्टता है। यह तो सुन्दर वाक्य नहीं। क्योंकि महारानी द्रौपदी जी के जीवन पर दृष्टिपात करने से ऐसा प्रतीत होता है कि वे कितनी विदुषी थीं उनका जीवन कितना प्रियतम में रमण करता (परमात्मा में तथा पति में) रहा, सदैव वह तपस्वी कहलाती थीं। उनका आदर ऋषि मुनि करते थे। जिसमें तप नहीं होता उनका कोई ऋषि आदर नहीं करते। कोई महापुरुष उनका आदर नहीं करते।

भगवान् कृष्णा उसके लिए स्वीकार करते थे कि यह मेरी पूज्या है। उन्होंने जीवन में जहाँ वेद का अध्ययन किया, वेदों के ऊपर उनकी विचार धाराएं चलती थीं। वे अनुसन्धानवेत्ता थीं। इसलिए ऋषि लोग महारानी द्रौपदी का स्वागत करते थे। जब भगवान कृष्णा का उनसे मिलन होता तो वे उनके चरणों को स्पर्श करते थे। ऐसा क्यों? क्योंकि उनके तप का प्रभाव था। तो आज महानन्द जी ने बहुत कुछ वाक्य कहा। ऐतिहासिक पात्रों में यह भ्रष्टता नहीं होनी चाहिए। इनकी इस विवेचना का आदर तो हम भी करते हैं। परन्तु ब्राह्मण समाज को ऊर्ध्व गति में प्राप्त होना चाहिए। जब जैसा इन्होंने कहा है वह बहुत प्रियतम। इसके ऊपर टिप्पणियां किसी काल में प्रकट करेंगे। आज का वाक् क्या कि वह अपने प्यारे प्रभु का गुणगान गाते रहें जहाँ साम गान, जहाँ ब्राह्मण, यज्ञमान, होता गण यज्ञ रचाते हैं, उनका जीवन सदैव बना रहे। ऐसा मेरे प्यारेमहानन्द जी ने कहा है। परन्तु इसके साथ साथ हम भी अपने वा !क्यों को प्रकट कर रहे हैं। आज का विचार समाप्त। शेष चर्चाएं कल प्रकट करेंगे। अब वाक्य समाप्त। 21 श्री हीरानन्द खट्टर के गृह)/ पर दिया गया 24 लाजपत नगर नई दिल्ली 129 (प्रवचन

१५ 18 11 1973 पुष्प 23 अहिल्या का वर्णन

जीते रहोदेखो !, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से, जिन वेद मन्त्रों का पठन पाठन किया। हमारे यहाँ महर्षि अंगिरस गोत्र में एक दद्दड़ नाम के ऋषि हुए परन्तु दद्दड़े अस्वात संगीत शाखायें आज समाप्त हो गईं। महर्षि दद्दप ऋषि महाराज को महर्षि स्वयम्भ अदरथ ऋषि के पौत्र कहलाते थे और महर्षि चडान्त ऋषि महाराज के पुत्र कहलाते थे और महर्षि दद्दड़ ऋषि महाराज ने हिमालय की कन्दराओं में विराजमान हो करके इस शाखा को जो साम शाखा कहलाती है, वह शाखा उस साम गान से ले करके उस शाखा को उन्होंने बहुत ही मनन किया और मनन करने के पश्चात उसकी रचना की। हमारे यहाँ शाखाओं का अभिप्राय यह है कि वेद की एक अमूल्य धारा को ले करके जैसे चिरा यंत्रा विपरो चरित्रं नमः जैसे वेद का

शब्द है उसी के आधार पर वह एक गान गाता है। उस शब्द की महिमा को गाता है औरगात है वेदवाणी में और वेदवाणी को लेखनी बद्ध करने का नाम हमारे यहाँ शाखा कहलाता है। शाखा का अभिप्राय यह कि हमारे यहाँ पुरातन काल में शाखायें 1127 मानी जाती हैं परन्तु वह मूल चार वेदों की हैं।

दद्दड़ शाखायें बहुत काल से प्रारम्भ हो रही थीं आज समाप्त हो गई। वह शाखायें मैंने बहुत पुरातन काल में अपने पूज्यपाद के चरणों में ओत प्रोत हो करके अध्ययन की थीं। इसमें विज्ञान का बड़ा सुन्दर वर्णन है। विज्ञान के ऊपर इनकी बहुत ऊँची उड़ान रही है, उन्होंने कुछ वैज्ञानिक परी ाण भी किये, उनकी एक विज्ञानशाला थी। हिमालय की कन्दराओं में उनकी एक चरित्रशाला थी उस शाला में प्रायः अग्नि के ऊपर उनका अनुसन्धान रहता था और पापों के ऊपर अनुसन्धान रहा है, दोनों प्रकार के अनुसन्धान में वह पारायण कहलाए गये। मुझे जब उनका जीवन स्मरण आता रहता है तो प्रायः हम यह कहा करते हं कि उनका जीवन कितना शिरोमणी रहा है जिन्होंने विज्ञान के ऊपर नाना प्रकार की लेखनियां बद्ध कीं।

बेटा उन्होंने एक अहिल्या के सम्बन्ध में जो अहिल्या वत्ति सूक्त कहलाता है उस ! अहिल्या के सम्बन्ध में महर्षि दद्दड़ महाराज ने अहिल्या विशारद पुस्तक को लेखनीबद्ध किया जिसके तीन भाग कहलाते थे, एक एक भाग प्रायः एक एक सहस्त्र पृष्ठ की वह पोथी कहलाती थी। आज मैं उस पोथी के ऊपर तो अपना कोई वाक्य प्रकट नहीं करूंगा क्योंकि न तो मैं विज्ञानशाला में विराजमान हूँ और न मैं विशेष विज्ञान की चर्चायें प्रकट किया करता हूँ परन्तु विचारना केवल है कि हम उन वाक्यों को चुनौती प्रदान करते हैं जो अपने कार्य में अनुगामी हैं, जिनका हम उच्चारण करने में समर्थ बनें और वायु मण्डल के आधार पर उन वाक्यों को उच्चारण करना भी अनिवार्य हो जाता है।

मेरे प्यारेआज का विचार यह कि आज हमारी वह शाखा समाप्त हो गई है त !ब इसके पश्चात हमारी द्वितीय शाखा का प्रचरा होगा। आज का हमारा वेद का ऋषि क्या कह रहा था। आज अहिल्या के सम्बन्ध में नाना प्रकार की टिप्पणियां की जा रही थीं।

अहिल्या के सम्बन्ध में वेदमन्त्र क्या कह रहा है? अहिल्यकारी गता वस्तुतः सुप्रजा मामवेतु अहिल्या। अहिल्या किसे कहते हैं? अहिल्या के नाना प्रायवाची शब्द माने जाते हैं क्योंकि अहिल्या पृथ्वी को कहते हैं, अहिल्या हमारे यहाँ प्रकृति को भी कहा जाता है, अहिल्या, हमारे यहाँ, पुनीत पवित्र विद्या का नाम भी कहा जाता है, अहिल्या का अभिप्राय यह है कि जिसे हम दुहते हैं। मेरा प्यारा बालक माता को दुहता है, माता की लोरियों का पान करके अपने जीवन को पनपाता है इसी प्रकार यह जो पृथ्वी है इसको कृषक दूहने वाला है। बेटातुम्हें स्मरण होगा !, मैंने बहुत पुरातन काल में वर्णन कराया कि भगवान राम अहिल्या का उद्धार करने वाले कहलाए। अहिल्या का उद्धार कौन करता है जो वैज्ञानिक होता है।

बेटा मुझे स्मरण है जब भगवान राम महर्षि वशिष्ठ मुनि महाराज के यहाँ विद्या ! अध्ययन करते थे। वहाँ उन्होंने तीस वर्षों तक अध्ययन किया, दस वर्षों तक उन्होंने धुनर्विद्या, दस वर्ष तक विज्ञान की शिक्षा का अध्ययन किया, उसको क्रियात्मक में लाए। त्रेताकाल में वशिष्ठ मुनि आश्रम में विज्ञानशाला थी जिस विज्ञानशाला में माता अरुनगति और महर्षि वशिष्ठ दोनों अध्ययन कराते थे, लोक लोकान्तरों के ऊपर उनका विशेष अध्ययन रहता था वह पृथ्वी के ऊपर भी अनुसन्धान करते रहते थे, वह पृथ्वी के कणों को घ्राण के द्वारा, सुगन्ध के द्वारा भगवान राम को यह निर्णय कराते थे कि अमूक स्थली पर भूमि के रज का यदि यह स्वादन हो जैसे तीखा होता है, अग्रे होता है, करकरा होता है नाना प्रकार के जो इस पृथ्वी के कणों का रस स्वादन होता है उसको रसना के अग्र भाग पर वह निर्णय कराते थे। इसके ऊपर उनका प्रायः अध्ययन चलता रहता था कि मैं पृथ्वी को जानूं पृथ्वी वसुन्धरा कहलाती है, यह अहिल्या कहलाई गई है। जो पृथ्वी वज्र के तुल्य हीवह अहिल्या कहलाई जाती है। वज्र के तुल्य अहिल्या पड़ी हुई हो परन्तु वह अन्न को उपजाऊ करने योग्य हो तो उस भूमि का नाम अहिल्या कहा जाता है। अहिल्या का अभिप्राय क्या कि हम विचारें कि अहिल्या किसे कहते हैं। अहिल्या उसे कहा जाता है जो भूमि पवित्र होती हो जिसमें अन्नादि उत्पन्न होता है वनस्पतियां उत्पन्न होती हैं और वह वज्र के तुल्य हो। भगवान राम का अहिल्या के

ऊपर बहुत अनुसन्धान रहा। मेरे प्यारे महानन्द जी तो यह कहा करते हैं कि अहिल्या ! महर्षि गौतम की पत्नि थी। महर्षि गौतम की पत्नि का नाम भी अहिल्या था। परन्तु इसका यह अभिप्राय नहीं कि किसी ऋषि पत्नि का नाम अहिल्या हो तो पृथ्वी को अहिल्या नहीं कह सकते अथवा यह पृथ्वी अहिल्या नहीं रहेगी। महर्षि गौतम ऋषि महाराज अपने आँगन के महान बुद्धिमान दार्शनिक तपस्वी जिनका वर्णन करने में यह वाणी असमर्थ हो जाती है।

भगवान राम जब एक समय अहिल्या पर अध्ययन कर रहे थे तो उसी विज्ञानशाला में महर्षि भारद्वाज मुनि का पदापर्ण हुआ। महर्षि भारद्वाज मुनि ने यह कहा कि महर्षि वशिष्ठ जो क्या कर रहे हो? ऋषि ने कहा कि महाराजहम अनुसंधान कर रहे हैं !, हम अहिल्या के ऊपर अध्ययन कर रहे हैं, विचार रहे हैं कि अहिल्या क्या है और उसको क्रिया में लाना चाहते हैं। जब ऋषि ने ऐसा कहा तो महर्षि भारद्वाज ने कहा कि हे वशिष्ठ, तु अहिल्या को इसप्रकार नहीं जान सकोगे, आओ मेरी जो विज्ञानशाला है उसमें मैं अहिल्या का तुम्हें दिग्दर्शन कराता हूँ। महर्षि भारद्वाज ने एक यन्त्र ऐसा जाना था, अन्तरिक्ष के ऐसे परमाणुओं को जाना जिन परमाणुओं से लगभग दस दस योजन भूमि के परतों का यह भास हो जाता था कि दस दस योजन नीचे इस भूमि में अमुक प्रकार की धातु विराजमान है। उस यन्त्र का उन्होंने दिग्दर्शन भी कारया। उनके यहाँ एक प्रकार का यन्त्र था जिसमें दस दस योजन जो भूमि थी, जलाशयों में भी वह क्यों न हो समुद्रों की तरंगों में वह क्यों न हो यह प्रतीत होता था कि वास्तव में अमुक स्थली पर इस प्रकार की धातु विराजमान है। मैं आज इस सम्बन्ध में अधिक विवेचना देने नहीं आया हूँ क्योंकि यह तो विज्ञान है के भयंकर बन में जाना नहीं चाहता। विचार केवल यह कि भगवान राम को उन्होंने निरीक्षण कराया और कहा कि हे रामआ !ज तुम मेरी इस विज्ञानशाला में दृष्टिपात करो। भगवान राम छह माह तक वशिष्ठ के आश्रम को त्याग करके महर्षि भारद्वाज मुनि के यहाँ उस विद्या का अध्ययन करते रहे। उन्होंने अहिल्या को अच्छी प्रकार जाना और उन यन्त्रों को भी अच्छी प्रकार जानने का

प्रयास किया।

बेटात !ुम्हें प्रतीत है कि जिस समय भगवान राम महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ को पूर्ण कराने गये, मैं इस विषय में जाना न चाहता परन्तु विचार विनिमय यह कि भगवान राम ने अहिल्या का उद्धार किया देखो, ब्रह्मे प्रभा सुक्रति अस्ताः मेरे प्यारे तुम्हें ! प्रतीत हैं कि उन्होंने उस भूमि के कृषकों से कहा कि हे कृषकों आओ तुम इस भूमि में अन्नादि की उत्पत्ति करो। यह भूमि अहिल्या है, यह इस प्रकार न रहनी चाहिएं भगवान राम ने विज्ञान की स्थली को निर्णय कराया और कृषकों को कहा कि हे कृषकों इसमें अन्न उत्पन्न करो हमारे राष्ट्र में अन्नादि होना चाहिए।

परम्परागतों में हमारे यहाँ यह माना गया है कि हमारे यहाँ तीन संस्कार कराना एक अपराध माना जाता है। भगवान राम स्वयं अपने में स्वीकार करते थे कि हमारी जो रघुवंश परम्परा है राजा सगर से लेकर के जो वंश चला आ रहा है इस वंश में आकर के महाराजा अज के पुत्र जो राजा दशरथ थे उन्हें पुत्र के मोह में तीन संस्कार कराए, प्रमाद में परणित हो गये। राजा रावण का राष्ट्र सर्वत्र पृथ्वी पर होने के लिए जा रहा था।

मेरे प्यारे विचार विनिमय क्या कि हम उस विज्ञान की धारा में जाना चाहते हैं जिस ! विज्ञान को जानने वाला मानव अपने संघ में विषेशज्ञ बनता है। भगवान राम तीस वर्ष की विद्या अध्ययन के पश्चात राजा दशरथ के द्वारा जब आ गएं तो दो माह के पश्चात ही विश्वामित्र जो यज्ञ कर रहे थे उस यज्ञ को दैत्यजन आते और उनके यज्ञ को भ्रष्ट कर जाते, विश्वामित्र ने, ब्रह्मवेत्ता ने यह विचारा कि रघुवंश में उत्पन्न होने वाले राम लक्ष्मण दोनों को लाकर के इन दैत्यों का विनाश कराऊंगा। उन्होंने प्रतिज्ञा बद्ध हो करके ऐसा नहीं, कि विश्वामित्र उनको नष्ट नहीं कर सकते थे परन्तु उनकी एक मनोभावना थी कि मैं किसी क्षत्रीय को ऊँचा बनाना चाहता हूँ, अपनी जो विद्या है जो मैंने बाल्यकाल से अध्ययन किया है धर्नुविद्या में मेरी पारायणता है उसे मैं किसी को परणित कराना चाहता हूँ। महाराजा विश्वामित्र के हृदय में यह वेदना थी। वह भ्रमण करते हुए अयोध्या में आ पहुँचे राज दशरथ के यहाँ जब आ पहुंचे तो महाराजा दशरथ

ने आसन को त्याग दिया और ऋषि को आसन दिया। विराजमान होने के पश्चात् महाराजा दशरथ ने उनके चरणों को छूकर के कहा कि कहिए मेरे लिए कोई आज्ञा है? उस समय महाराजा विश्वामित्र बोले कि हे दशरथ मैं किसलिए आया हूँ यह तुम्हें ! प्रतीत होना ही चाहिए। वशिठ मुनि जी विराजमान थे। उन्होंने कहा कि मैं आज इसलिए तुम्हारे द्वार आ पहुँचा हूँ कि मैं एक यज्ञ कर रहा हूँ बन में, परन्तु उस यज्ञ को पूर्ण करने के लिए मैं तुम्हारे राम और लक्ष्मण दोनों पुत्रों को ले जा करके अपने यज्ञ को ! पूर्ण कराना चाहता हूँ। जब उन्होंने ऐसा कहा तो राजा दशरथ मोह ममता मेंपरणित थे और कहा कि हे विश्वामित्र आपके यज्ञ को पूर्ण कराना मेरा भी तो !हे भगवन् ! को न ले जाइये !कर्तव्य है आप इन प्यारे अबोध पुत्रों, यह वास्तव में अबोध हैं, इनका बाल्यकाल है। उन्होंने कहा कि हे राजन मैं आपको नहीं ले जाना चाहता वहाँ ! युवाओं की आवश्यकता हैवहाँ वृद्धों की आवश्यकता नहीं। राजा दशरथ अनुरोध करने लगे और मोह ममता में मौन होने लगे। विश्वामित्र बोले कि हे दशरथ यदि तुम्हारी इच्छा नहीं है तो मैं तुम्हारे इस राष्ट्र को त्याग रहा हूँ और अपने यज्ञ को और किसी से पूर्ण करा पाऊंगा। अब राजा दशरथ बोले नहीं भगवन् ऐसा नहीं होगा। !

पुरातन काल में यह नियम था कि जब राज स्थली पर राजा विराजमान होते तो राज लक्ष्मियां भी एक पंक्ति में विराजमान होतीं, उनकी भी स्थली होती। तो कौशल्या भी एक स्थली पर विराजमान थी जब कौशल्या जी ने यह दृष्टिपात किया कि मेरे पति देव को मोह आ गया है तो उस समय उन्होंने कहा कि भगवन आप मोह क्यों कर रहे ! हैं मैंने जो अपने पुत्र को जन्म दिया है वह आज के दिवस के लिए दिया है, यदि मेरा पुत्र ऋषि के यज्ञ को भी पूर्ण नहीं कर सकता तो मेरा गर्भाशय नष्ट हो जाएगा। मेरे गर्भस्थल में जो बालक पनपा है और मैंने जो त्याग और तपस्या से बालक को जन्म दिया है, मेरा जीवन उसी काल में ऊर्ध्वा बनेगा जब राम ऋषि के यज्ञ को पूर्ण कराएगा। जब ऐसा कौशल्या जी ने कहा तो राजा मौन हो गए और राजा से कौशल्या ने कहा कि हे भगवन आपको प्रती है मैंने अपने पुत्र को त्याग और तपस्या से जन्म ! दिया है, मैंने तुम्हारे रजोगुण और तपोगुण को भी ग्रहण नहीं किया। उससे मेरा उपराम

रहा है, त्याग तपस्या से मैंने परिश्रम कियाहै और उस आनन्द को पान करते हुए अपने पुत्र को जन्म दिया है। जब ऐसा कहा तो राजा मौन हो गए और राजा ने कहा कि जब तुम्हारी ऐसी इच्छा है तो राम और लक्ष्मण दोनों ही जाने चाहिए। राम और लक्ष्मण दोनों महाराजा विश्वामित्र को अर्पित कर दिए और यह कहा कि लिजिए भगवन ऋषि ! की अन्तरात्मा मग्न हो गई। राम लक्ष्मण को ले करके उन्होंने वहाँ से प्रस्थान किया। भयंकर बनों में अस्त्रों शस्त्रों की परीक्षा करते हुए उन्हें शिक्षार्थी बनाते हुए, उन्हें अग्रणी बनाते चले जा रहे थे।

जिस स्थली पर विश्वामित्र यज्ञ करते थे, उस स्थली पर जा पहुंचे। विश्वामित्र ने वहाँ तक अस्त्रों शस्त्रों की विद्या उन्हें प्रदान कराई और विद्या ऐसी पारायणता में अध्ययन कराई जो उनका अनुभव था क्योंकि महर्षि विश्वामित्र जहाँ क्षत्रीय थे वहाँ ब्रह्मवेत्ता भी थे। विश्वामित्र कौन होता है? विश्वामित्र वह होता है जो संसार का मित्र होता है। तो देखो, विश्वामित्र जो विश्व का मित्र है और जो एक ब्रह्मवेत्ता ब्राह्मण है वही विश्व का मित्र बन सकता है। जैसे परमपिता परमात्मा विश्व का मित्र है इसी प्रकार जो ब्रह्मवेत्ता महापुरुष होते हैं वह भी विश्व के मित्र होते हैं। विश्वामित्र जहाँ ब्रह्मवेत्ता थे वहाँ धनुर्वेद के भी महा पंडित थे जिन्होंने महर्षि स्वानकेतु महाराज के यहाँ अपने राज पुरोहित से धनुर्विद्या का अध्ययन किया था। तो भगवान राम को उन्होंने उस विद्या का पान कराया क्योंकि जहाँ वह यज्ञ करते थे वहाँ उनकी सुन्दर सी वेदी थी उस यज्ञ वेदी के साथ में एक विज्ञानशाला थी, विज्ञान में रमण करते रहते थे, अध्ययन चलता रहता था। भगवान राम को उन्होंने सर्वत्र दृष्टिपात कराया और कहा हे राम आज तुम्हें यह पालन करना ! है, इस स्थली पर तुम्हें लाने का मेरा सौभाग्य है। हे राम यह जो रावण का ! आतताई जो साम्राज्य छा रहा है भूमण्डल पर मेरी इच्छा यह है कि तुम अस्त्र शस्त्रों की विद्या में इतने पारायण हो जाओ जिससे ऐसे विशाल साम्राज्य को दमन करने वाले बनो। भगवान राम और लक्ष्मण दोनों ने कहा कि महाराज इसे हम अवश्य ! दमन करें, हमारा यह कर्त्तव्य है, हम रघुवंश की ऊर्ध्वा बनायेंगे। लक्ष्मण ने कहा कि हमारे जो बंशलल थे राजा सगर भागीरथ इत्यादि वह बड़ा महान वंशलज राह है। जब

वरतेन्दु ब्रह्मचारी को मुद्रा चाहिए थी तो उन्होंने महाराजा क्रोहसर्क नाम के राजा पर आक्रमण करने का विचार बनाया स्वप्न मात्र में, ऐसा विचार आते ही उन्होंने उसे लाखों मुद्रायें परणित कर दीं। परिणाम क्या कि हमारा वशलज बहुत विशाल रहा है, हम अपने उस वंशलज को सर्वत्र ऊर्ध्वा बनाने का प्रयास करेंगे। जब लक्ष्मण ने ऐसा कहा तो ऋषि की आत्मा गदगद हो गया और कहा धन्य है मेरे प्यारे उन्होंने यज्ञ की रक्षा ! की और धनुर्विद्या पारायणता में अध्ययन किया। अहिल्या नाम उन्होंने भी पृथ्वी को तुम इस अहिल्या का उद्धार करो। अपने राष्ट् !माना। उन्होंने कहा कि हे रामर में रहने वाले कृषक विशाल शक्तिशालियों को यह आज्ञा दी कि तुम इस अहिल्या का कल्याण करो, इसमें अन्न की उत्पत्ति करो। मेरे प्यारे उन्होंने ऐसा ही किया। !

मेरे प्यारे महानन्द जी ऐसा कहा करते हैं कि अहिल्या तो गौतम कीपत्नि थी और ! इन्द्र ने इन्हें शिला बनाया। जब इन्द्र अहिल्या पर मोहित हो गएं तो इन्द्र ने चन्द्रमा से कहा कि हे चन्द्रमा तुम मुर्गे बनो और मुर्ग बन करके तुम अपनी वाणी उच्चारण ! करो, गौतम जो स्नान के लिए जाएं तो अहिल्या को हम छल सकते हैं, एसी एक लोकोकित् आती है। मेरे प्यारेमहानन्द जी प्रकट कराते रहत !े हैं। चन्द्रमा जब मुर्ग बने और उन्होंने अपनी वाणी उच्चारण की और गौतम अपनी पत्नी को त्याग करके गंगा स्नान गएं तो कहा जाता है कि गंगा ने कहा कि हे गौतम तुम्हारे गृह में छल हो रहा है, इन्द्र ने अहिल्या का हनन किया है, अहिल्या को छला है। ऐसा प्रायः महानन्द जी प्रकट कराते रहते हैं परन्तु यहाँ वेद का वाक्य क्या कहता है अहिल्या गौतम ब्रभ्रे अस्तुति इन्द्राः वैत्राणी भवत प्रभा अस्तुति वेद का ऋषि कहता है यह हमारे यहाँ अलंकार आता है, वैदिक साहित्य में भीआता है, महर्षि गौतम से पूर्व का यह अलंकार है और वह क्या है? इन्द्र नाम सूर्य को कहा गया है और चन्द्रमा नाम गौतम को माना है क्योंकि यह रात्री का पति है और अहिल्या नाम रात्रि को माना है। रात्री का नाम अहिल्या है और गौतम नाम चन्द्रमा का है क्योंकि यह रात्री अपने अन्धकार रूपी श्रृङ्गार को चन्द्रमा को समर्पित कर देती है। इसी प्रकार गौतम नाम चन्द्रमा को माना है रात्री अहिल्या है और इन्द्र नाम सूर्य का। यहाँ गौतम नाम परमात्मा को भी माना है क्योंकि

परमात्मा भी रात्रि का पति है, तो जब इसे छल लिया तो गौतम ने इसे शाप दे दिया कि हे सूर्य तू सहस्त्रों भागों वाले बन जाओ। देखो, इन्द्र को सहस्त्र भग क्या है? भग नाम सूर्य की किरणों को कहा जाता है। वह जो सहस्त्रों भगों वाला इन्द्र नाम का सूर्य है वह संसार को प्रकाश देने वाला है।

मेरे प्यारे हम इस अहिल्या को विचारने वाले बनें। जहाँ अहिल्या नाम ऋषि की पत्नि ! का है वहाँ वैदिक साहित्य में अहिल्यानाम रात्रि का है, अहिल्या नाम प्रकृति कागहा गया है, गौतम नाम परमात्मा का भी है, गौतम चन्द्रमा को भी कहते हैं, परन्तु यह लोकोक्तियां होती हैं, यह अलंकारिक चर्चायें होती हैं। वह रात्रि का जो प्राण है जिसको मुर्ग कहते हैं, स्वाभांतिक कहते हैं और गौतम परमात्मा जो रात्रि का पति जैसे सूर्य है, सूर्य अपनी नाना प्रकार की किरणों की कान्ति में अन्धकार को अपने में समेट लेता है, धारण कर लेता है, रात्रि उसे अपने को समर्पित कर देती है ऐसे ही यह प्रकृति परमात्मा की गति से चल रही है इसलिए प्रकृति को भी अहिल्या कहा जाता है क्योंकि परमात्मा इस प्रकृति को गतिशील बनाते हैं, यहाँ परमात्मा को गौतम माना है और इस प्रकृति को अहिल्या माना है। हमारे यहाँ बुद्धिमानों का कर्त्तव्य है कि अलंकारिक वाणी को हमें अच्छी प्रकार जान लेना चाहिए। इनका यदि अशुद्ध रूप बन जाएगा। इनका विशेष स्वरूप बनेगा तो समाज में अन्धकार छा जाएगा। अन्धकार से वरुण शंकर आ जाता है। उससे मानव का संयम समाप्त हो जाता है तो इसलिए वेद का ऋषि कहता है अहिल्याणी गच्छत प्रभे अस्वाति अहिल्या मानो यह अहिल्या कहलाती है जो संसार का कल्याण करने वाली है, अहिल्या इस रात्रि को कहते हैं, जब मानव प्रातःकाल से सायंकाल तक कार्य करता ही रहता है और सांयकाल को जब थकित हो जाता है तो माँ अहिल्या की गोद में यह मानव चला जाता है, निद्रा में तल्लीन हो जाता है, मन, बुद्धि, चित्त, अन्धकार अपने साम्य अवस्था को प्राप्त हो जाते हैं अहिल्या माँ से वह शक्ति को प्राप्त करते हैं उस शक्ति को प्राप्त करने के पश्चात जब इन्द्र नाम का सूर्य उदय होता है और यह अहिल्या रूपी जो रात्रि है इसमें समाहित हो जाती है तो यह मानव जागरूक होता है और अपनी उतनी ही शक्ति को प्राप्त कर लेता है जितनी शक्ति

जाने वाले प्रातः काल में थी इसी प्रकार आज मेरे प्यारे आज हम माँ के द्वार पर ! चलें और माँ से उस शक्ति को प्राप्त करें जिस शक्ति के द्वारा हमारा कल्याण होता चला जाएं, हम संसार सागर से पार हो जाएं, प्रत्येक वस्तु को हम दार्शनिक रूपों से विचारने वाले बनें। हे प्रभुहमें ऐसी महान श !क्ति प्रदान कर जिससे भगवन हमारा ! जीवन विज्ञान में मानवता मं परणित होता रहे और हम इस संसार सागर से पार होने का प्रयास करें।

मेरे प्यारेविचारना क्या है !? आज का वाक् क्या कह रहा है? आज का ऋषि कहता है कि इस अहिल्या के ऊपर प्रत्येक मानव को अनुसन्धान करना चाहिए। देखो, भगवान राम की इन यन्त्रों का स्मरण रहता था। जिन्हें उन्होंने महर्षि भारद्वाज के द्वारा दृष्टिपात किया तथा निर्माणित किया। उन्होंने अन्तरिक्ष से शक्ति का प्रायः अध्ययन किया। उस शक्ति के द्वारा पृथ्वी के गर्भ को यन्त्रों के द्वारा दृष्टिपात किया जाता। अहिल्या में जो सूक्ष्म सूक्ष्म छिद्र होते हैं, वही छिद्र यन्त्रों में विशाल छिद्र दृष्टिपात होते हैं और उन्हीं यन्त्रों के द्वारा पृथ्वी के गर्भ को दृष्टिपात किया जाता है। आज हमारे राष्ट्र में इस प्रकार के वैज्ञानिक होने चाहिए जिन वैज्ञानिकों के द्वारा इन यन्त्रों का निर्माण हो करके हम इस माँ अहिल्या के गर्भ को अच्छी प्रकार जानने वाले बनें।

महर्षि वशिष्ठ ने भगवान राम के जीवन के, ब्रह्मचारियों के जीवन के तीन भाग बनाएं। थे। सबसे प्रथम उन्होंने दस वर्षों का भाग मानो उन्हें वचन, प्रतिज्ञाओं, शिष्टाचार में परणित कराया और इसके पश्चात उसके जीवन में उनकी विद्या क्रियात्मक और तृतीय उन्होंने जो भाग शिक्षा का था उसको कराना और क्रियात्मक अपने जीवन को विज्ञान में परणित कराना, यह विद्यालयों में तीन भाग होते। तीन ही भागों में मानव को परणित रहना चाहिए। विद्या के कक्ष में रमण करना मानव का कर्त्तव्य है।

मेरे प्यारे35 ! वर्ष की आयु में भगवान राम का राजा जनक के यहाँ संस्कार हुआ, तुम्हें प्रतीत होगा। विचार विनिमय यह कि आज हम अपने प्यारे प्रभु का गुणागान गाते हुए इस संसार सागर से पार हो जाएं और अहिल्य के गर्भ को अच्छी प्रकार जानें, परमपिता परमात्मा की महती को जानें यह है आज का हमारा वाक्य। आज के वाक्य

उच्चारण करने का अभिप्राय यह कि महर्षि मुनि शाखायें आज समाप्त हो गई (दद्दड्) हैं वह काण्ड हमारा समाप्त हो गया है। इसके पश्चात कोई द्वितीय शाखा का प्रचरण होगा। आज का हमारा यह वाक्य जब समाप्त होने जा रहा है। आज के वाक्य उच्चारण करने का अभिप्राय यह कि हमारे ऋषि मुनियों ने बहुत ही परिश्रम किया, अनुसन्धान किया, उन अनुसन्धान की वेदी पर प्रत्येक मानव को जाना चाहिए, विचारना चाहिए, इनका जीवन कितना तपोमय कहलाया गया है। शेष चर्चायें कल प्रकट करेंगे। अब वेदों का पाठ होगा

१६ 15 02 1974 पुष्प 22 श्री दीक्षित जी के प्रश्न का समाधान

देखो, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान करते चले जा रहे थे। हमारे यहाँ परम्परा से ही वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है। पवित्र वेदवाणी में परम पिता परमात्मा की आभा का प्रायः वर्णन किया जाता है परमपिता परमात्मा को योग गम्य मान माना जाता है। इसलिए हमारे आचार्य जन, ऋषिजन, परम्परा से ही उस का योग स्थिति में, दिग्दर्शन करते हैं इस योग से ही योगी अपनी आभा को ऊर्ध्वागति में ले जाता है। वेद मन्त्रों का अर्थ भी तो यौगिक ही है। वही सार्वभौम विचार है वेद मन्त्रों का रूढ़ि अर्थ भी किया जाता है और जब मानव रूढ़िवाद में परणित हो जाता है तब ही द्रव्य का और आभा का दुरूपयोग होने लगता है। रूढ़ि उसे कहते हैं कि जिन विचारों का जो मानव होता है उसी विचार से उसका भावार्थ कर लेता है। योगीजन ऋषिजन अन्तरध्यानी होते हैं वे अपने मन और प्राण को एकाग्र करके वेदमन्त्र के गर्भ में प्रवेश हो जाते हैं वेद मन्त्रों का भाव तो जब ही प्रकट होता है जब मन और प्राण दोनों का समन्वय हो जावे उससे जो तरंगे उत्पन्न होती हैं उनको लेखबद्ध करना ही यौगिक वाद माना जाता है।

मैंने बहुत पुरातन काल में यह वाक्य कहा है कि प्रत्येक वेदमन्त्र परमात्मा का ज्ञान है वह यौगिकता से सुगठित है मैंने पुरातन काल में यह भी कहा है कि जो मानव योगी बनना चाहता है वह वेद के भाष्य को अच्छी प्रकार से जाने उसकी भाषा को समझे तो विवेक से वह रुढ़िवाद में नहीं जावेगा। और लोलुप्ता के संघर्ष से दूर रहेगा। समाज में

जब विज्ञान का दुरूपयोग होता है तब ब्रह्मचर्य भ्रष्ट हो जाता है जब राष्ट्र मैं ब्रह्मचर्य भ्रष्ट हो जाता है तो रक्तभरी क्रान्ति बहुत ही शीघ्र आ जाती है।

तुम जो योग के सम्बन्ध में जानना चाहते हो योग में प्राण और मन दोनों को प्रकाश में रमण करा दें तो उस प्रकाश से लोक लोकान्तरों में जा सकते हैं जैसे विद्युत अन्तरिक्ष में होती हुई इस लोक में प्रदीप्त हो जाती है और जैसे सूर्य मण्डल की विद्युत सर्वत्र एक भूमिका में परणित होती रहती है और प्रत्येक मानव की आकांक्षा को पूरी करती है।

मुनीवरो तुम्हें प्रतीत होगा कि जो इस प्रकार का योगी बनना चाहता है तो उसको ! अपने जीवन को ऊर्ध्वगति में ले जाने के लिए नाना प्रकार की औषधियों का ज्ञान प्राप्त करने के लिए आयुर्वेद में जाना होग‌ा।

बेटा तुम्हें प्रतीत होगा कि पुरातनकाल में हमारे आश्रम में एक देव कन्या ने आठ ! वर्ष की अवस्था में तीन वर्ष के अभ्यास से मन और प्राण की सन्धि करके ब्रह्मरन्ध्र में प्रवेश किया था और सूर्य में मण्डल की यात्रा की थी। उसका खान पान और अशन यौगिक प्रकार का थाजो योगी के लिए बहुत ही आवश्यक है।

बेटा यह बहुत ही गम्भीर विषय है जिस पर आज मुझसे प्रसारण कराया है यह ! हमारे बहुत अनुभव का विषय भी रहा है आज मैं उसकी विवेचना किए देता हूँ। कुछ संक्षिप्त से। यह अशन एक तो कहा न अनवेकृति अवरेता और सेलखण्डा ये तीन औषधियां होती हैं इनकी लेकर योगी अशन बनाता है इन औषधियों की यह विशेषता है कि पृथ्वी से उन कणों को आकर्षण शक्ति से अपने में ग्रहण करती है जिससे प्राण की गति तीव्र बन जाती है शरीर में प्राण की गति में तीव्रता आ जाती है सूर्य की कान्ति इस पृथ्वी पर सौम्यता को प्राप्त होती रहती है और वह औषधियों में रमण करती रहती है। देखो, स्वाति नामक एक वृक्ष होता है उसका पंचाग बनाया जाता है उसकी पांचों वस्तु लेकर के अग्नि में तपाते है और उसका पात बनाते हैं उसका पान किया जाता है। यदि हम कृषक अन्नादि को भी ग्रहण करना चाहें तो वह अन्नादि होता है जिसमें प्राण अवगत हों इस प्रकार के आहार से मन की धारा स्थिर हो जाती है और

प्राण की गति का समावेश प्रारम्भ हो जाता है। जब मन और प्राण दोनों एक सूत्र में आते हैं तो इन्द्रियों का व्यापार समाप्त हो जाता है और तब प्राण और मन दोनों की धारा त्रिकुटी में पहुंचती है वहाँ दो कृतिकायें होती हैं उन पर जा करके मन और प्राण दोनों का अभ्यास से मिलान होता है वे दोनों कृतिकायें तीव्रता से गति करने लगती हैं दोनों कृतिकायों के बीच में नाभि होती है इस नाभि को हम सूर्याबगानन नाम की नाड़ी कहते हैं उस नाड़ी का सम्बन्ध ब्रह्मरन्ध्र से होता है जब वो दोनों कृतिकायें तीव्र गीत से रमण करती हैं तो उस नाड़ी के द्वारा ब्रह्मरन्ध्र में जो चक्र है वह भी तीव्र गति से रमण करने लगता है वह एक क्षण के समय में तीन सौ बहत्तर परिक्रमा कर जाता है और उसमें विद्युत का आभास हो जाता है उस समय योगी को मन और प्राण से कहीं जाना नहीं होता उस चक्र के द्वारा द्युलोक, अन्तरिक्ष लोक, और भूलोक इन तीनों की वार्त्ता को योगी जान लेता है।

मुनिवरों मैं योग क्षेत्र में नहीं जाना चाहता इतना बताता हूँ कि नाना प्रकार की ! औषधियों का पान करने से शरीर में ऐसी प्राणु वायु को उत्पन्न करना है कि जिससे वह दोनों कृतिकायें अपने अपने अगरोह में गति करने लगें और मन और (परिधि) प्राण दोनों का समावेश होकर के योगी अपने संसार में रमण करें। संकल्प शक्ति से अन्तःकरण में प्रवेश हो जावे तो जो अंकुर अन्तःकरण में विराजमान है जो हमारे राष्ट्रों और लोकों में सम्बन्ध करते हैं संकल्प शक्ति से प्रतिभा प्रकाश की ध्वनि उत्पन्न हो जावे और उसमें वह स्वतः रमण करने लग जावे। योगी का मन सब से प्रथम ब्रह्मरन्ध्र से और उसके पश्चात् अन्तःकरण में जाता है अन्तःकरण सूक्ष्म मण्डल है, उसका स्थान ब्रह्मरन्ध्र में माना जाता है वह ब्रह्मरन्ध्र के निचले भाग में है जिसमें जन्म जन्मान्तरों के संस्कार विराजमान रहते हैं।

बेटा तुम्हें प्रतित होगा आज जिस सहिता का अध्ययन कर रथा िा वह आज से ! लाखों वर्ष पर्व गुरूदेव के चरणों में ओत प्रोत होकर कन्ठस्थ की थी। जब कृतिकायें अन्तःकरण में रमण कर जाती हैं तो ब्रह्मरन्ध्र में आभास होता है अन्तःकरण में जो अंकुर विराजमान हैं वे शाखा रूप में हो जाते है और प्रत्यक्ष होते ही नाना प्रकार का

आभास होने लगता है। विज्ञान भी मानव के समीप आ जाता है मैं आज अधिक विवेचना देने नहीं आया विचार केवल यह हे कि मानव का योगी का मन कहीं जाता नहीं अन्तःकरण में ही रहता है ब्रह्माण्ड की कल्पना शरीर से करते है। इस पृथ्वी के गर्भ में भी तो मन काम कर रहा है और प्राण काम कर रहा है। इस पृथ्वी में नाना प्रकार का रसोत्पादन हो रहा है उसका विभ जन करने वाला यह मन ही तो है। वायुमण्डल में भी मन रमण कर रहा है अग्नि में भी मन है सूर्य मण्डल में भी मन रमण कर रहा है। इस संसार में मन और प्राण दोनों ही गति कर रहे हैं। जब ग्रीष्म ऋतु आती है तब मन और प्राण ही तो जलों को उत्पन्न करके उस का सूक्ष्म रूप बना देते हैं। स्वर्ण धातु का निर्माण मन और प्राण के साथ ही तो होता है सूर्य की नाना किरणों आती हैं वे इस पृथ्वी के कणों में रमण कर जाती हैं यह किरणों प्राण तो हैं ही और मन उन परमाणुओं को जहाँ का तहां विभाजन करके विराजमान कर देता है। हमारे अन्नाद में भी नाना प्रकार की धातुएं विराजमान है सूर्य से जो किरणों आती हैं वे अग्नि को लेकर आती है, वायु को लेकर आती हैं वे स्वर्ण की धातु की ऊँचा बना देती हैं, उसके सूक्ष्म कणों को स्थूल रूप में परणित कर देती है इस सूक्ष्म गति को योगी ही देख सकता है।

भगवान राम में यह विशेषता थी कि जब वे मन और प्राण की संधि करके पृथ्वी के गर्भ में जाते थे तब उसको भली प्रकार जान लेते थे। मैंने तुम्हें कई बार प्रतीत कराया है कि अहिल्या का उद्धार करने वाले भगवान राम कहलाते हैं। अहिल्या पृथ्वी को कहते हैं। भगवान राम ने महर्षि भारद्वाज के यहाँ छःमाह तक अहिल्या विद्या को पढ़ा थी। सूर्य की किरणों को भी अहिल्या कहते हैं भगवान राम इतने वैज्ञानिक थे कि पृथ्वी के गर्भ में दस दस योजन के परमाणुओं की जान लेते थे। इस विज्ञान में मैं जाना नहीं चाहता यह तो विज्ञान वन है समय आवेगा तो इसकी वार्त्ता प्रकट करेंगा।

बेटा मैं यौगिक वार्त्ता प्रकट कर रहा था कि मन और प्राण का एक सूत्र में समावेश ! करना होता है। योगी की संकल्प शक्ति उसके पुराने संस्कारों का भी साक्षात करा देती है। दोनों कृतिकाओं को जागरुक करना है उनके निचले भाग में स्वातामतित नाम

का एक यन्त्र विराजमान है उसमें होकर ही मन ब्रह्मरन्ध्र में रमण करता है। अब विचार यह आता है कि यह कैसे किया जावे। हमारे ऋषि कहते हैं कि सबसे प्रथम मानव को याग करना चाहिए हम भी जब वर्ष के थे तो गुरू जी याग करते थे। याग का 12 अभिप्राय यह कि समिधाओं से अग्न्यधान करते थे पर्वतों को औषधियों से गंगा के तट पर याग किया करते थे। कुछ सामग्रियां इस प्रकार की होती है जो योग में भी सहायक हो जाती हैं। तो योगी दोनों प्रकार का ही त्याग करता है। यह मानव का जो मुखारबिन्दु है इसका जो अग्र भाग है। उसके आकार से ही यज्ञशाला बनानी चाहिए उसमें 64 प्रकार की औषधियां होती हैं। योगी यज्ञशाला में याग करता है उसी, में अभ्यास करता है उसी में अध्ययन करता है। यह विद्या योगियों के मस्तिष्कों में रही है। यह विदया वर्षों में आती है। मुझे स्मरण है कि एक समय वेद का अध्ययन करते हुए मुझे 12 कुछ भाग स्‌मरण न रहा है तो गुरुदेव ने दूसरी बार नहीं बताया तो याग करने के पश्चात जब मैंने कुछ औषधियों का पान किया तो स्मरण शक्ति जागरुक हो गई। मन्त्र का अर्थ और मीमांसा भी सुत गई मैं आज इस सम्बन्ध में विशेष विवेचना नहीं देने आया हूँ आज मैं उस ब्रह्म ऋषि की वार्त्ता प्रकट कर रहा हूँ जो वर्ष गाड़ी के 101 नीचे विराजमान हो कर औषधियों का पान करके योगाभ्यास किया करते थे। और पूरे दार्शनिक थे। वे थे रैक्क महर्षि।

आज तो मुझे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जैसे मैं लाखों वर्षों के काल में विराजमान हूँ और ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे में किसी याग को करने जा रहा हूँ, उस अभ्याधान को करने जा रहा हूँ जहाँ समिधा अग्नि में परणित हो कर तीनों पापों को हनन करने वाली होती है। हमारे ऊपर उन आचार्यों का इतना ऋण है जिन्होंने हमें औषधियों से योगी बनाया और अपनी आभा से प्रतिष्ठा में परणित कर दिया।

बेटा !मुझे स्मरण आ गया कि एक समय स्वेत्तामवरी ऋषि महाराज अपने जीवन का अध्ययन कर रहे थे। ब्रह्मरन्ध्र में प्रकाश का अनुभव कर रहे थे जहाँ कृतिकाएं जागरुक हुई दोनों का अनुदान हुआ तो उनका प्रकाश हो गया उस प्रकाश में जगत को दृष्टिपात करना चाहा। अरे, भोले यह कैसे हो सकता है। अरे, इन कृतिकाओं से आगे तो रमण

करने का अभ्यास करो आगे स्वादाना नतिक नाम का चक्र आता है जब वह जागरुक होता है तो ब्रह्मरन्ध्र में मन और प्राण दोनों का समावेश हो जाता है तो योगी अपने में जगत को दृष्टिपात कर लेता है जब जगत अपने से पृथक ही नहीं होता तो हम मन के द्वारा प्रकाश को कहा ले जावें। राष्ट्रों का सारा व्यापार तो सामने ही दीख रहा है। संकल्प मात्र जो मानव के शरीर में रमण करता है। और दूसरा विश्व भान कहलाता है इन दोनों का मिलान ही तो याग कहलाता है तब कोई राष्ट्र कोई समाज कोई लाक कोई तत्त्व इस पृथ्वी पर ऐसा नहीं रहता जहाँ योगी की आत्मा प्रकृति पर अपना अनुशासन कर सके।

बेटा महर्षि वशिष्ठ मुनी महाराज के द्वारे कामधेनु गो थी जिसके दुग्ध का आहार ! करते थे। कामधेनु का अभिप्राय यह है कि जो मानव की कामनाओं की पूर्ति कर दे वह कैसी गऊ थी। गऊ नाम विद्या का है। गऊ नाम का पशु भी होता है परन्तु यह जो गऊ है वह तो इन्द्र से प्राप्त हुई है। इन्द्र नाम परमात्मा की उपासना से जो उन्हें कामधेनु प्राप्त हुई थी वह मन की कामनाओं की पूर्ति करने वाली थी। वह विद्या योग विद्या कहलाती है उसको कामधेनु कहते हैं पुरातन काल में हम वशिष्ठ जी से कहा करते थे कि महाराज कामधेनु का भान करा दें। जो कामधेनु इन्द्र से प्राप्त हुई है ! देवताओं की धरोहर हे देवता उसी का दुग्ध पान करते हैं देवता इन्द्र के द्वार से कामधेनु प्राप्त करते हैं यह महाराज वशिष्ठ का उत्तर था। विचार विनिमय यह है कि हम अपने प्यारे प्रभु की महिमा जानने वाले बने और उसकी महिमा को जानते हुए इस संसार सागर से पार होने का प्रयास करें।

अरे, यदि मानव का संसार में आने का कोई उद्देश्य है तो केवल यही है जो तुम को आज मैंने सूक्ष्म रूप से प्रकट किया है। इस जीवन को जब क्रियात्मक में ले जाओगे तब यह प्रतीत होगा। इस वाक्य में कल्पना व टिप्पणियां नहीं है। टिप्पणी तो रूढ़िवाद में होती है। यौगिक वाद में नहीं होती यौगिक वाद में तर्क भी काम नहीं करता वह केवल अनुभव का विषय बन जाता है इसलिए प्रत्येक मानव प्रत्येक देव कन्या की संसार में यौगिक बनना है। यौगिक वाद में जाना है जिस यौगिक ध्येय में जाकर मानव

का जीवन पवित्र बन जाता है।

बेटा मुझे स्मरण है कि एक समय महर्षि विभीडक मुनि महाराज शिलाद मुनि महाराज ! मैं अपने जन्म जन्मान्तरों के संस्कारों को !के पास पहुंचे और कहा कि महाराज जागरुक करना चाहता हूँ तो उन्होंने कहा कि तुम अग्न्याधन करो देखो, उन्होंने 12 वर्ष तक याग किया उसके पश्चात उन्होंने एक वर्ष तक स्थूल अन्न न लेकर सूक्ष्म आहारों का पान किया कुछ वृक्षों के पत्तों का रस बना कर उस को पान किया फिर वायु के जो परमाणु होते हैं उसमें से पोषक प्राण और मन के द्वारा पान करना प्रारम्भ किया तो उनकी दोनों कृतिकायें जागरूक हो गई। ब्रह्मरन्ध्र में उनकी प्रतिभा जागरुक होने लगी तो एक समय हमें प्रकट कराया कि उन्हें करोड़ों जन्म के संस्कार जागरुक हो गएं यह कैसे जागरुक होते हैं यह कोई असम्भव नहीं यह तो अभ्यास और अनुसन्धान का विषय है ऋषि मुनि प्रायः अनुसन्धान करते रहते हैं। इसी की तो मानवी दर्शन कहते हैं। मानव को मानवी दर्शन हो विचारना है।

मेरे प्यारे महानन्द जी ने कल रूढ़िवाद के सम्बन्ध में अपने विचार दिए उन्होंने ऋषि ! मुनियों की वार्त्तायें भी प्रकट कीं कि जब कोई योगी होता है तो युग परिवर्तन हो जाता है और वह राष्ट्र का परिवर्तन कर देता है परन्तु यह परिवर्तन कैसे किया जाएं यह केवल अभ्यास का विषय है। ब्रह्मचर्य का विषय है, यह कृतिकाओं को जागरुक करने का विषय है, यह मन और प्राण को ओजस्वी बनाने का विषय है।

जब मानव विशेष मात्रा है अन्न का पान कर लेता है उदर का भरसा कर लेता है तो योगी नहीं बन सकता जैसे योग का कार्य सूक्ष्म है वैसा ही योग का आहार भी सूक्ष्म है और योगी का व्यापार भी सूक्ष्म है तभी वेद का अध्ययन भी बन जाता है वेदमन्त्र दिव्यता में परणित हो जाते हैं क्योंकि वेद प्रकाश है और प्रकाश योग का कुन्दन माना जाता है। बेटा प्रकाश ही वेद है और प्रकाश ही सौम्य है। इसीलिए योग की जो ! मीमांसा है और वेद का जो भाष्य है वह रूढ़िवाद में नहीं जाना चाहिए रूढ़ि वाद ही समाज को अन्धकार में ले जाता है महाभारत काल में दो प्रकार की मीमांसा होने लगीं थीं और उसका परिणाम निकला कि राष्ट्र में घृणा द्वेष आ गया और संग्राम हो

गया और अधिकार अनधिकार की मीमांसा जाती रही।
बेटा 101 मुझे परमपिता परमात्मा की अनुपम कृपा से महाराज अश्वपति के यहाँ ! वर्ष तक पुरोहित बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैं ब्रह्मचारियों का एक पंक्ति में विराजमान करके उनके मस्तिष्क अध्ययन करता था। तभी अधिकारी अनाधिकारी की जानकारी होती थी। मस्तिष्क को जानने के लिए आयुर्वेद का अध्ययन आवश्यक है यह है आज का वाक्। आज के विचारों का अभिप्राय यह कि हम अपने जीवन को ऊँचा बनाने का प्रयास करें यौगिक क्षेत्र में जाने का प्रयास करें समाज और राष्ट्र को ऊँचा बनावे। अब वेदों का पाठ होगा। बरनावा लाक्षा गृह मण्डप दोपहर तीन बजे।

१७ 28 03 1974 पुष्प 22 शरीर त्याग के पश्चात जीव की गति

जीते रहोदेखो !, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व से कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे, हमारे यहाँ परम्परा से ही कुछ वेदवाणी का प्रसार होता रहता है। वह वेदवाणी जो मानव को विचित्र बनाने वाली है। मानव के अन्तःकरण को पवित्र बना देती है। जब मानव का हृदय, अन्तःकरण पवित्र हो जाता है तो उस मानव के हृदय में एक उज्ज्वल और अनुपम ज्योति उत्पन्न होने लगती है। उसमें ऊर्ध्व गति होती है और वह जो ऊर्ध्व गति होती है वह परम पिता से मिलान कराने वाली होती है। क्योंकि वह जो ऊर्ध्व गति है। वह मानव के जीवन का उत्थान कर देती है, और जब उस ज्योति से ज्योति मिलान हो जाता है, तो एक परमानन्द प्राप्त हो जाता है। उसी को हमारे आचार्यों ने परम आनन्द कहा है। तो आज हम अपने जीवन को उज्ज्वल हो करते चले जाएं। हमारा यह लक्ष्य रहता है कि हम उस परम पिता परमात्मा का गुणगान गायें।
प्रत्येक मानव आनन्द का पिपासु रहता है। मेरी पवित्र माता है, वह भी आनन्द चाहती हैं, ऋषि मण्डल है वह भी अनुसन्धान करते हुए केवल आनन्द के लिए तपस्या में परणित होते हैं। एक राष्ट्र पिता बना है कि मैं स्वयं सुखद बन जाऊं और मेरे राष्ट्र में रहने वाली जो प्रजा है। उसके लिए भी ऐसा नियम होना चाहिए, जिससे मेरी प्रजा सर्वत्र आनन्द में ओत प्रोत हो जाए। कौन संसार में आनन्द नहीं चाहता? जिस प्राणी

के द्वारा जाएंगे। वही आनन्द का पिपासु है। आज तुम मृगराज के समीप पहुंची, वह भी आनन्द को चाहता है। नाना योनियों में जाओगे तुम्हें वहाँ भी आनन्द की पिपासा प्राप्त होगी।

तो मुनिवरोंमानव को ऐसी पिपासा क्यों है !ः? वह भी तो मानव को विचार विनिमय करना है। क्योंकि पिपासा में ही नाना द्रव्य को एकत्रित करने का प्रयास प्राणी करता है। और भी नाना कार्य को करने में वह सफलता को प्राप्त होता रहता है, जब वह द्रव्य से ऊब जाता है, उस समय वह चाहता है कि द्रव्य को कहीं धर्म कार्य में परणित करता रहे। धर्म को मिमांसा को जानने की उसकी उत्कट इच्छा रहती है। वह साधक आगे चलता हुआ केवल आनन्द की पिपासा के लिए नाना ऋषि मुनियों के दर्शनार्थ उनकी मीमांसा को और उनके हृदय के जो उद्गम विचार है, उनको सुनने की उसकी उत्कट इच्छा रहती है। और नाना प्रकार के सुख के लिए प्रत्येक प्राणी इस संसार में सुख की मीमांसा में परणित रहता है। हमारे यहाँ विद्युत का प्रकाश परम्परा से एक महत्व को प्राप्त होता रहा है। प्राणी विद्युत के प्रकाश में जाता है कि यहाँ मुझे आनन्द प्राप्त होगा। नाना कीट पतंग योनियां आ जाती है। क्यों आ जाती है? यहां प्रकाश है, आनन्द प्राप्त होगा। बेटा वास्तव में वहाँ आनन्द प्राप्त नहीं होता। !

मानव को अपनी वास्तविक आनन्द को पिपासा को जानना है, तो मानव को अपनी हृदय की गुफा में पहुंच जाना चाहिए। वहाँ जो हृदय रूपी गुफा है, वह जो अपना प्यार प्रभु है। वह हृदय में ही तो ओत प्रोत है। उस हृदय को जान लेने के पश्चात् मानव की सारी पिपासा शान्त हो जाती है।

मेरे प्यारे मैं कल के वाक्यों में कुछ आत्मा का विवरण देता चला जा रहा !ऋषिवर ! था कि आत्मा कितना सूक्ष्म है। मैं उसका प्रमाण भी दे रहा था। मेरे आचार्य जनों और भी आदि ऋषि मुनियों ने इसके सम्बन्ध में नाना विचार दिए हैं। मैं तो केवल उन ऋषियों का उच्चारण किया हुआ उनका मन्थन किया हुआ जो उपदेश, विचारधारा है, उसका नित्य प्रति परिचय दे देता हूँ। प्रत्येक शब्द का परिचय कराता रहता हूँ। **प्रत्येक मानव के मस्तिष्क में एक आकांक्षा होती है और वह क्यों होती है? क्योंकि वह आनन्दमय**

अवस्था से आया है, और अल्पज्ञता को परणित हो गया, अज्ञान में परणित हो गया। इस नाना प्रकार की माया ने मानव को इतना कटिबद्ध कर लिया, अपने में वशीभूत कर लिया। जब भी इसे कभी छुटकारा प्राप्त होता है, इस माया से दूर हो कर उसी काल में अपने प्यारे प्रभु की पिपासा में कटिबद्ध हो जाता है। और इसकी धारा बन जाती है कि मेरी गति ऊर्ध्व बन जाएं। और मैं अपने प्यारे प्रभु से अपना मिलान करूं। परन्तु मानव के द्वारा जो एक महान संस्कारों का समूह बना हुआ है, संसार में आवागमन की जो एक प्रतिभा बनी हुई है। वह संस्कार मानव को बाध्य करता रहता है। कहीं अपमान बाध्य करता है तो कहीं मान करता है। पिपासा होते हुए भी उस मार्ग को अपना नहीं पाता। इसका मूल कारण है कि प्रकृति से हमारा मन इतना मलीन हो गया है कि हम ऊर्ध्वगति की तथा आनन्द की पिपासा ही पिपासा करते हैं। परन्तु उस तक जाने का प्रयास नहीं कर पाते। क्योंकि मान अपमान में ही हम परणित हो जाते हैं। महर्षि कपिल जी ने बड़े सुन्दर शब्दों में कहा है। जब मानव की तृष्णा अधिक बलबती हो जाती है, मान अपमान में इतना कटिबद्ध हो जाता है कि वह मान ही मान चाहता है, अपमान नहीं चाहता। जिसका मान होता है। तो अपमान कौन चाहेगा? अपमान की पिपासा किसे रहेगी? हमारे ऋषि मुनियों ने तो यह कहा है कि मानव का अपमान होना चाहिए। और यदि उस अपमान के अनुसार एक विचार धारा प्रकट कर रहा है कि यह मानव अप्रत है। परन्तु यह केवल उसका अनुमान मात्र है। (अधूरा) यदि वह उन विचारों का बन जाता है, तो जानो कि वह नारकिक प्राणी बन गया है। और यदि वह मानव उसके अनुसार नहीं है, कल्पना कर रहा है, मिथ्या कल्पना कर रहा है, मान का पाठ उसके द्वारा आ गया तो वह मानव भी नारकिक हो जाता है।

मेरे प्यारे आज हमें इन वाक्यों पर विचार विनिमय तो करना ही होगा। !ऋषिवर ! आज इस जन्म में नहीं तो द्वितीय जन्म में करना होगा। परन्तु परमात्मा की उस चेतना के ऊपर तो विचार विनिमय अवश्य करना होगा। क्योंकि उसी के द्वारा से आते हैं, और उस चेतना का स्वभाव है, ऊर्ध्व गति होने का। जैसे यज्ञशाला में अग्नि प्रद्वीप्त हो रही है, उसका स्वभाव है ऊर्ध्व गति होना। वह ऊर्ध्व गति क्यों बन जाती है? क्योंकि

जितनी विद्युत की गति है, महत्ता है, सूक्ष्म अग्नि की जो चेतना है। वह अन्तरद्वि में ओत प्रोत है। सूर्य की किरणों में ओत प्रोत है। नाना तारा मण्डलों में ओत प्रोत है। इसलिए उसकी ऊर्ध्व गति हो जाती है। और उसकी ऊर्ध्व गति होती रही है। क्योंकि वायु भी ऊर्ध्व गति को ग्रहण करने लगती है। और वह जो ऊर्ध्व गति है उसमें ही व्यापक वाद होता है। उसमें ही एक महान प्रसारण शक्ति होती है। वह जो प्रसारण शक्ति है वह उस मानव के विचारों को वायु मण्डल में ऐसे प्रसारित कर देती है, जैसे यज्ञशाला की अग्नि सुगंधि को लेकर के वायु को दे देती है और वायु उस सुगंधि को देवताओं को अर्पित करती चली जाती है।

आज मैं अधिक वाक्य प्रकट नहीं करना चाहता हूँ। ये ऐसे विषय हैं जिन पर विचार विनिमय करना हमारे लिए बहुत अनिवार्य है। बहुत पूर्व काल में मैंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा था कि यह जो आत्मा है, यह शरीर को त्याग करके कहाँ चला जाता है? देखो, हमारे यहाँ बालक नचिकेता ने यमाचार्य से कहा था कि प्रभुयह ! आत्मा इस शरीर को त्याग करके कहाँ चला जाता है? एक समय अश्विनी कुमारों के मध्य में महर्षि जी विराजमान थे। महर्षि शाण्डिल्य जी से अश्विनी कुमार जी ने कहा कि प्रभु यह आत्मा शरीर को त्याग करके कहाँ चला जाता है। महर्षि शाण्डिल्य जी ने कहा कि आत्मा इस शरीर को त्याग करके यम को प्राप्त हो जाता है। यम वायु को कहते हैं। यम की तीन प्रकार की श्रेणियां होती हैं। 1. सतो गुणी, 2. रजो गुणी और 3. तमो गुणी प्रवृत्ति होती है। यदि मानव रजोगुण से इस शरीर को त्यागता है। तो रजोगुणी यम को प्राप्त हो जाती है और यदि आत्मा तमो गुण में शरीर की त्यागता है। तो वह तमो गुण को प्राप्त हो जाता है। और यदि सतो गुण में त्यागता है तो वह सतो गुण को प्राप्त हो जाता है। और जो देवतव को अपना लेता है, वह देवतव को प्राप्त हो जाता है। बेटा यम की तीन श्रेणियां हैं। और यम से जो ऊपर का भाग है वायु का उसे ! देववत् कहते हैं। वहाँ देवताओं की देवाम् नाम की वायु रमण करने वाली है। वह इसको अपना लेती है।

इस सम्बन्ध में मुझे एक वाक्य स्मरण आता चला जा रहा है। इस मानव शरीर में इस

अयोध्या नगरी में दस द्वारा होते हैं। हमारे दो चक्षु हैं दो श्रोत्र हैं। दो घ्राण हैं, एक मुखारबिन्द है, सुग्रीव है और एक उपस्थ है। ये नौ द्वार माने गएं हैं। और दसवां द्वार हमारे यहाँ ब्रह्मरन्ध्र को माना गया है। ब्रह्मरन्ध्र उसको कहते है जो हमारे नाभि चक्र से तीन नाड़ियां चलती हैं। जिसको इड़ा पिंगला और सुषुम्ना कहा जाता है। वह हृदय के द्वार से होती हुई, कंठचक्र से होती हुई घ्राण के स्थान और त्रिवेणी में जाकर के तीनों का मिलान हो जाना है। वहाँ बेटा यह आत्मा योगी का वहाँ पहुंच कर स्नान करता ! है। त्रिवेणी उसको कहा जाता है जहाँ गंगा, यमुना सरस्वती तीनों का मिलान होता है। इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना ही गंगा, यमुना सरस्वती कहलाई गई हैं। जिसको हमारे यहाँ अग्र भाग भी कहा गया है। जो हमारा घ्राण से ऊपर लघु मस्तिष्क है। वहाँ जाकर इन तीनों का मिलान होता है। बेटा वे नाड़ियां एक बन करके पंचाग नाम की नाड़ी ! कहलाती है इसका सीधा सम्बन्ध लघु मस्तिष्क से और ऊर्ध्व मस्तिष्क दोनों से होकर ब्रह्मरन्ध्र में भी उनका सम्बन्ध होता है। ब्रह्मरन्ध्र ब्रह्मरन्ध्र में सम्बन्ध होता हुआ रीढ़ के विभाग से होता हुआ जहाँ कुण्डली नाम की जी नाड़ी है, कुण्डली का जहाँ स्थान होता है वहाँ उस नाड़ी का अन्तिम भाग होता है।

हमारे ऋषि मुनियों ने ऐसा कहा है कि चक्षुओं में भी भाग होते हैं। एक चक्षु को हमारे यहाँ विश्वामित्र कहते हैं एक चक्षु को हमारे यहाँ चन्द्र कहते हैं। जो चक्षुओं का सूर्य भाग है उसके द्वार पर जब यह आत्मा इस शरीर को त्यागता है तो वह आत्मा सूर्य लोक को प्राप्त हो जाता है। जो आत्मा जो चन्द्रायण चक्षु से आत्मा शरीर को त्यागता है तो वह चन्द्रमा को प्राप्त हो जाता है।

इसी प्रकार हमारे श्रोत्रों में एक भारद्वाज है, और एक कश्यप है। दोनों हमारे श्रोत्र कहलाए गएं हैं। यदि भारद्वाज से मानव इस शरीर को त्यागता है, आत्मा इस द्वार से जाता है तो रजोगुणी प्रवृत्ति होती है। जिसमें वायु लोक प्रधान होते हैं। उसको प्राप्त हो जाता है। और जो कश्यप द्वार से आत्मा त्यागता है वह आत्मा आरुणि लोकों को प्राप्त होती है।

मेरे प्यारेयदि यह आत्मा शरीर को मुखारबिन्द से त्यागता है !ऋषिवर !, तो उसमें अग्नि

के प्रभाव तेजस्वी होता हुआ रजोगुण को प्राप्त होता है। वह राष्ट्रीय पुरुष बन जाता है। मानव बन जाता है। इस घ्राण के एक सूर्य स्वूर है द्वितीय चन्द्र स्वर कहलाया जाता है। जो आत्मा सूर्य स्वर से जाता है, वह प्राण की विशेषता को लेता हुआ वह आत्मा ऊँचे कुलों में जन्म लेकर और उस साधना में परणित हो जाता है। वह सतोगुणी होता है। और जो चन्द्रायण से त्यागता है उसका आत्मा सतोगुण और तमोगुण दोनों से मिश्रित होते हुए अपने कर्त्तव्य में इतना परांगत नहीं होता। वह कर्म तो शुद्ध पवित्र कर सकता है परन्तु उस पर मानव का विश्वास अधिक नहीं हो पाता।

इसी प्रकार जो उपस्थ इन्द्रियों से शरीर को त्यागता है, वह आत्मा इस संसार में उन योनियों को प्राप्त होता है जो देखो, मरने और जीने पर लगी रहती है। आज जीवन है कल मृत्यु है। जो गुदा के द्वारा त्यागता है वह आत्मा इस संसार में नारकिक लोकों की प्राप्त हो जाता है। उस नारकिक योनियां प्राप्त हो जाती हैं। वह जो नारकिक योनियां होती हैं जहाँ उसे अन्धकार ही अन्धकार प्राप्त होता है प्रकाश का एक अंकुर भी प्राप्त नहीं हो पाता।

मेरे प्यारेमैं इस वाक्य को गम्भीरता में न ले जाऊं। यह विषय !ऋषिवर ! तो बहुत गम्भीर बन जाएगा। मैं इन वाक्यों को इसलिए प्रकट कर रहा हूँ कि हे मानव ऐसा ! प्रयास कर कि तेरा अन्तरात्मा घ्राण से शरीर को त्यागने वाला बने। ऐसा होने पर तू सतोगुणी बनेगा रजोगुणी इतना नहीं बनेगा। जिसका आत्मा ब्रह्मरन्ध्र के द्वारा जाता, सुषुम्ना और पिंगला के द्वारा जाता है, वह आत्मा देवलोक को प्राप्त हो जाता है। वह देवताओं के समाज में चला जाता है देवता कौन होते हैं? जो देववत होते हैं जो देते हैं। क्या देते हैं? जो उनका परिश्रम होता है, पुरुषार्थ होता है उसे देते चले जाते हैं। आज हमें देवता बनना है, सतोगुणी बनना है, सूर्य लोकों को प्राप्त होना है।

संसार में बेटा पांच तत्त्व हैं। उन पांचों तत्त्वों में जितने इस प्रभु के राष्ट्र में लोक ! लोकान्तर हैं, जितने भी मण्डल हैं उनमें कोई न कोई तत्त्व प्रधान होता है। जैसा हमारे यहाँ पृथ्वी मण्डल पर पार्थिव तत्त्व प्रधान होता है ऐसे ही चन्द्रमा में वायु और जल प्रधान है। ऐसे ही सूर्य में अग्नि प्रधान है। इसी प्रकार जिसे हम ध्रुव कहते हैं उसमें

वायु प्रधान है और जैसे हमारे यहाँ बृहस्पति है। उसमें जल तत्त्व प्रधान है। पांचों तत्त्वों की प्रधानता के द्वारा सर्व विश्व की रचना हुई है। जिसमें असंख्य लोक लोकान्तर हैं। हमारे यहाँ तीन प्रकार के सौर मण्डल माने गएं हैं, एक सौर मण्डल का अधिपति सूर्य कहलाया गया है और दूसरे सौर मण्डल का अधिपति बृहस्पति कहलाया गया है, और तीसरे सौर मण्डल का अधिपति ध्रुव को कहलाया गया हैं। इनमें ऐसे ऐसे असंख्य मण्डल रहते हैं। एक एक और मण्डल में अरबों खरबों लोक लोकान्तर होते हैं। ऐसा हमारे यहाँ माना गया है। और प्रत्येक सौर मण्डल के आधार पर एक आकाश गंगा होती है। जिस आकाश गंगा हमारे मस्तिष्क वैज्ञानिकों ने यहीं तक जाना है। वह जो आकाश गंगा है उसमें एक नील और अरबों खरबों के लगभग लोक लोकान्तर कहलाए गएं हैं। उसकी गणना नहीं की जा सकती। यह तो प्रभु का विज्ञान है। मैं इसको अधिक विस्तार नहीं देना चाहता हूँ।

वाक्य उच्चारण करने का अभिप्राय यह कि यह जो आत्मा है, इस शरीर को त्याग करके कहाँ जाती है? जैसा जिसका संस्कार होता है, जैसा जिस आत्मा के जाने का द्वार होता है उसी को वह प्राप्त हो जाता है। जैसे चक्षुओं में सूर्य प्रधान है जिसको अग्नि कहते हैं और हमारे घ्राण में प्राण प्रधान है, और मुखारबिन्द में अग्नि प्रधान है, और श्रोत्रों में दिशाएं प्राकृतं आकाश प्रधान है। उपस्थ और के द्वारा पार्थिव और (गुदा) नारकिकता दोनों की प्रधानता मानी गई है जिस द्वारा से जो आत्मा जाती है उन्हीं प्रवृत्तियों को वह आत्मा प्राप्त होती रहती है।

मेरे प्यारे मैं इस वाक्य को गम्भीर नहीं बनाना चाहता हूँ। केवल वाक्य !ऋषिवर ! उच्चारण करने का अभिप्ऱाय यह है कि आज हम इन वाक्यों पर विचार विनिमय करते चले जाएं यह तो एक कर्म का विचार है, यह तो कर्म की एक धारा है जिसके अभी अभी उच्चारण करने चले। परन्तु जब यह आत्मा इस शरीर को त्यागता है। बेटा ! सबसे प्रथम यह वायु मण्डल में रमण करता है वायु मण्डल में नाना प्ऱकार की श्रेणियां होती हैं। पांच प्रकार की श्रेणियां होती हैं। एक तो जिसमें पार्थिव तत्त्व रमण करते हैं, पार्थिव परमाणुओं का समूह हो और दूसरी श्रेणी वह होती है जिसमें जल

परमाणु अधिक रमण करने वाले हों और तृतीय वह जिसमें अग्नि के परमाणु रमण करने वाले हों और चतुर्थ जिसमें प्रकाश परमाणु अधिक हों और पञ्चम जिसमें वायु के स्वयं परमाणु अधिक रमण करने वाले हों। उन्हीं को यह आत्मा प्राप्त होता रहता है, अब जिसका जैसा कर्म होता है उन कर्मों में भी किसी में अग्नि प्रधान है, किसी में पृथ्वी प्रधान है इसी प्रकार किसी में वायु प्रधान है, जैसी जिसकी प्रधानता मानव की प्रवृत्तियों में होती है। उन्हीं प्रवृत्तियों के आधार पर इस आत्मा को शरीर त्यागने के पश्चात मन्थन होता है और वैसी योनि इसको प्राप्त होती रहती है। यह वेद का विचार कहता है।

विचारना यह है कि हम अपने जीवन में इस संसार को कितना मन्थन कर सकते हैं। संसार में प्रत्येक मानव को पिपासा रहती है, आनन्द की परन्तु आनन्द उस काल में प्राप्त होता है। जब ज्ञान होता है और ज्ञान के साथ में विवेक होता है। यदि ज्ञान होता है और विवेक नहीं होता, उसके साथ हमारी तपस्या नहीं होती, उसके अनुकूल हम चल नहीं पाते तो हमारा जीवन संसार में निरर्थक होता है। उस मानव का कोई मूल्य नहीं होता।

मेरे प्यारेएक मानव शाब्दिक ज्ञान में रमण कर रहा है !ऋषिवर !, शब्दों का ज्ञान है परन्तु क्रियात्मक जीवन उसमें विराजमान नहीं है। क्रियात्मक जीवन नहीं है। तो मानव आनन्द को प्राप्त नहीं होगा। जिसे केवल शाब्दिक ज्ञान होता है, तपस्या उसके साथ नहीं होती वह मानव सदैव अपमान में परिणत रहता है। पर मानव सदैव मान चाहता रहता है वह अपमान नहीं चाहता, मान की पिपासा उसे सदैव लगी रहती है कि मेरा राजा महाराजाओं के यहाँ मान हो और मेरा आदर सत्कार हो। वह निरादर नहीं चाहता अरे, बुद्धिमान जब आदर तू चाहता है तो निरादर कौन चाहेगा इस संसार में। निरादर ! वाले व्यक्ति कौन हैं? एक मानव कीड़े के समान है जो अपमान में परिणत ही हो रहा है, उसका तो कर्म हो तुच्छ है। तो हे मानवजब तू मान का उत्सुक है तो अप !मान का कौन सहन करेगा? यह हमें विचार विनिमय करना है।

जो वैदिक विचार धारा वाले प्राणी होते हैं वे गम्भीरता से विचार विनिमय करते हैं।

विचार कया है कि जो हम मान में परणित रहते हैं, हमें ज्ञान है, विवेक है, विवेक में मान अपनमान नहीं होता। केवल शाब्दिक ज्ञान में मानव मान अपमान को सहन करता रहता है और उसमें अपने को बहुत बुद्धिमान स्वीकार करने लगता है। परन्तु जब विवेक होता है क्रियात्मक जीवन होता है, तपस्या में परणित होता है, प्रभु का जिज्ञासु होता है बेटाप्रभु के जिज्ञासु को संसार में न तो निराशा होती और न आनन !्द ही पिपासा होती है। प्रभु का जिज्ञासु सदैव अपने को आत्मा में लीन कर लेता है और आत्मा की जो प्रवृत्ति है वह बाह्य की चेतना में परीणात हो जाती है। उसके लिए यह संसार एक अन्धकार के तुल्य हो जाता है।

तो मेरे प्यारेआज का वाक् क्या कह रहा है !ऋषिवर !? हम अपने विचारों को गम्भीर न बनाते चले जाएं। केवल विचारों में एक महत्ता देना चाहते हैं। हृदय से जो उच्चारण करने वाला शब्द है वह मानव के हृदय को विचित्र बना देता है। आज मैं कोई अधिक चर्चा तो करने नहीं आया हूँ। केवल शाण्डिल्य मुनि की चर्चा प्रकट कर रहा था। महर्षि शाण्डिल्य मुनि की चर्चा प्रकट कर रहा था। महर्षि शाण्डिल्य जी ने कहा कि आत्मा इस शरीर को त्याग करके कहाँ जाता है? मानव शरीर को त्याग करके अपने अपने कारणों में चला जाता है। उसी परिणाम को प्राप्त होता है जो इसके कर्मों का फल भोग है। महर्षि शाण्डिल्य जी ने यह निर्णय दे दिया, विचार व्यक्त कर दिया कि वास्तव में हम उस चेतना की ही पिपासा में संलग्न रहें। आज मैं यह नहीं कह रहा हूँ कि संसार का कर्त्तव्य नहीं करना चाहिए। संसार का जो कर्त्तव्य है। उस कर्त्तव्य वाद में ही चेतना होती है महत्ता विराजमान होती है उस महत्ता को जानने का प्रयास होना चाहिए। आज हमें देव लोक को प्राप्त होना चाहिए।

बेटाजो अन्तरिक्ष के परमाणु है। जहाँ अन्तरिक्ष तत्त्व प्रधान है !, उन लोकों में जब हम रमण करते हैं। तो वह एक देवयान मार्ग कहलाया गया है, ये भी दो प्रकार के मार्ग है। एक पितरयान होता है और दूसरा देवयान होता है। मैंने इसकी मिमांसा पूर्व काल में की है। कल मैं इसकी मीमांसा अधिक कर सकूंगा। आज मुझे समय (में 4 पुष्प) इतना आज्ञा नहीं दे रहा है। आज तो केवल वाक्य उच्चारण करने का अभिप्राय यह है

कि हम अपने मानवत्व को सुन्दर बनाते चले जाएं और अपनी मानवीयज्योति को उज्ज्वल बनाते हुए हम अपने कर्मों पर विचार विनिमय करते चले जाएं कि हम कैसा कर्म करें? कैसी हमारी विचित्र धारा होनी चाहिए?

हे मानवतू आनन्द और सुख को चाहता है !, आनन्द की पिपासा है, तो तू इस संसार में ऊँचे से ऊँचा कर्म कर। और अपनी आत्मा को उर्ध्व गति के द्वारा इस शरीर से त्यागने का प्रयास कर। ऐसा योगीजन करते आए हैं। जैसी हमारी परम्परा है। प्राण के द्वारा शरीर को त्यागों उस समय तुम ऊर्ध्व गुण में आनन्द को प्राप्त हो जाओगे।

मेरे प्यारेआज हमारे इन वाक्यों का अभिप्राय यह है कि हम ऊँचे कर्म करें !ऋषिवर ! जिससे हमारा जीवन सुन्दर बने। कल्पना हमारी सुन्दर हो। जैसा मैंने कल के वाक्यों में कल्प वृक्ष की चर्चा प्रकट की थी। इसी प्रकार आज भी हमारा यह वाक्य कह रहा है कि आत्मा इस शरीर को त्याग करके कहाँ जाती है? यह तो बेटा एक महान ! विषय है परन्तु यहाँ कर्म को विचारा जाएं। हम प्रत्येक इन्द्रिय के विषय को विचारने वाले बनें। उन विषयों को हम सुगठित बनाएं और हृदय रूपी जो यज्ञशाला है जिसमें एक चेतना जागरुक हो रही है। उस चेतना को जागरुक करें। और जब वह जागरुक हो जाएगी तो तुम्हारा सम्बन्ध उस बाह्य चेतना से सम्बन्धित हो जाएगा। जब दोनों चेतना एक हो जाएगी तो वहाँ परम आनन्द प्राप्त हो जाएगा। एक आनन्द की प्राप्ति होने लगेगी।

यह है बेटा आज का हमारा वाक्य। आज मैं कोई चर्चा तो प्रकट करने आया नहीं ! हूँ। वाक्य उच्चारण करने का अभिप्राय यह कि हम अपने प्यारे प्रभु का गुणगान गाते रहें। अपने प्यारे प्रभु की महिमा को विचारते रहें। यही हमारे जीवन का उद्देश्य है। यही मानव का उद्देश्य है। बेटा नाना प्रकार के द्रव्यवेत्ता राजा महाराजा सबको त्याग करके ! यज्ञ में आहुति दे देते हैं। हमारे यहाँ राजा रघु का भी ऐसा साहित्य !बेटा, प्राप्त होता है दृष्टिपात भी किया गया है कि उन्होंने सर्व द्रव्य को यज्ञ की अग्नि में प्रविष्ट कर दिया। इसी प्रकार मानव को आन्तरिक और बाह्य शुभ कर्म दोनों करने चाहिएं। जिससे हमारे जीवन की प्रतिभा, मानवता सुन्दरता को प्राप्त हो जाएं। वैदिक परम्परा के आधार पर

अपने जीवन को क्रियात्मक बनाने का प्रयास करें। यही हमारे जीवन का संसार में आने का लक्ष्य है। यह है आज का हमारा वाक्य। अब कल समय मिलेगा तो मैं शेष चर्चा कल प्रकट करूंगा।

पूज्य महानन्द जीः धन्य हो भगवान् आज का आपका वाक्य तो हमें बहुत !गुरुदेव ! ही प्रिय लगा परन्तु समय बड़ा सूक्ष्म।

पूज्यपाद गुरुदेवः हास्य समय आता रहता है व्यतीत होता रहता है। उस !बेटा..... समय में नाना प्रकार की विचारधाराएँ प्रारम्भ हो जाती है, और वे समाप्त भी हो जाती हैं। बेटा समय कोई सूक्ष्म नहीं होता। !

पूज्य महानन्द जीः जैसी भगवन् आपकी इच्छा। !

पूज्यपाद गुरुदेवः तो मुनिवरों आज के हमारे इन वाक्यों का अभिप्राय यह कि हम ! ऊँचे से ऊँचा कर्म, मानवीय देववत् और विचित्र बनाने का प्रयास करें। यह है बेटा ! आज का हमारा वाक्य। मैं आत्मा के सम्बन्ध में इस वाक्य को और भी गम्भीरता में ले जाने का प्रयास करता रहूँगा। जब जब वेदों का पाठ आता रहेगा। यह बहुत गम्भीर और एक महान विषय है जिसमें विलम्बता की आवश्यकता रहती है। मानव को विलम्ब ही रहता है क्योंकि आत्का का इतना गहन विषय होता है। संसार में तीन प्रकार की मींमासा होती है, एक आत्मिक मींमासा है एक प्रकृति की मिमांसा है और एक ब्रह्म की मीमांसा है। उन तीनों मीमांसाओं को आचार्यों ने कहा कि इन दो मीमांसा में ले आओ। ऋत् और सत् में ले आओ। ऋत् और सत् की मीमांसा रह जाती है। और भी महापुरुषों से ब्रह्मवेत्ताओं ने कहा कि इन दोनों में से भी सूक्ष्म करो। मानो एक चेतना में आ जाओ। तो अन्त में इसकी एक ही मीमांसा चेतना रह जाती है। मीमांसा प्रारम्भ से तीन चलती हैं आत्मा, परमात्मा और प्रकृति और जब मीमांसा करते हुए इनका अन्त होता है तो अन्त में ज्योति आ जाती है और चेतना आ जाती है और नेति नेति कह कर शान्त कर दिया जाता है। यह है बेटाआज का वाक्। अब मुझे स !मय मिलेगा तो शेष चर्चाएं कल प्रकट करेंगे। अब वेदों का पाठ होगा। इसके पश्चात् हमारी वार्त्ता

समाप्त। सिकन्दाराबाद में दिया प्रवचन।

१८ अतिथि 005 पुष्प 22 दीपावली पर्व

जीते रहोदेखो !, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से, जिन वेद मन्त्रों का पठन पाठन किया, हमारे यहाँ परम्परा से उस मनोहर वेदवाणी का प्रायः प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेदवाणी में कुछ मेरे प्यारे प्रभु ! का ज्ञान और विज्ञान निहित रहता है। क्योंकि परमपिता परमात्मा एक अनुपम माना गया है। जिसके ऊपर मानव को सदैव विचार विनिमय करना है अथवा अनुसन्धान करना है। क्योंकि मानव का जो एक अनुपम विचार होता है वह उसकी एक धारा होती है। और अनुसन्धान के लिए मानव का जीवन सदैव तत्पर रहता है। और वह यह विचारता रहता है कि मैं अनुसन्धान वेत्ता बनना चाहता हूँ। परन्तु जहाँ अनुसन्धान के यि मानव चलता है, अपनी नाना प्रवृत्तियों को जब वह दमन करता है उस समय उसे यह ज्ञान होता है वास्तव में आज जो मैं उच्चारण करना चाहता हूँ और जिस विज्ञान में पहुंचना चाहता हूँ वह विज्ञान है क्या? विज्ञान की एक अनुपम धारा होती है। विज्ञान में जब मानव परणित होने लगता है उस समय मानव को यह दृष्टिपात होने लगता है कि आज मैं उस महान् विज्ञान को वेदी पर विराजमान हो गया हूँ जहाँ मेरा एक महान् कर्त्तव्य रहता है।

जब मेरी प्यारी माता अपने जीवन में अनुसन्धान करने लगती है कि मेरा जीवन क्या है? मेरे गर्भ से पुत्र उत्पन्न होता है। परन्तु वह किस प्रकार होता है कैसी उसकी धारा है? कौन उसका मूल कहलाया गया है? तो मेरी प्यारी माता वास्तव में विज्ञानवेत्ता बन सकती है। परन्तु जब माता अनुसन्धान वेत्ता होती है तो यह संसार वास्तव में पवित्र होता है। क्योंकि अनुसन्धान की पवित्र वेदी पर विराजमान हो जाना जीवन की एक धारा में परणित हो जाना मानव का एक महान कर्त्तव्य माना गया है। जिसके ऊपर मानव को सदैव अपना विचार विनिमय करना है। और अपनी धारा को एक महत्ता में

परणित करते हुए इस संसार सागर से पार हो जाना है।

आज मेरे प्यारे महानन्द जी कुछ प्रेरणा दे रहे हैं कि हमें अपने हृदय का मिलान करने की सदैव प्रेरणा होनी चाहिए। हमारा जीवन एक दूसरे के हृदय के प्रति महान् और पवित्र होना चाहिए। जब हमारे हृदय में एक मानवता का सुन्दर दिग्दर्शन होता है, हमारी मानवता एक सुन्दरता में परणित करती रहती है।

आज हम यज्ञ के सम्बन्ध में कुछ अपना प्रकाश देना चाहते हैं। वेद में यज्ञ एक श्रेष्ट कार्य माना गया है। क्योंकि यज्ञ से ही संसार में नाना प्रकार की मानव की आकांक्षाएं पूर्ण हो जाती हैं। एक मानव पुत्र की कामना करता है। एक राजा वृष्टि की कामना करता है। राजा अपने राष्ट्र को स्थापित करना चाहता है। तो वह सुन्दर सुन्दर, महान् से महान् श्रेष्ट यज्ञ कार्य करने वाला बने। क्योंकि जहाँ यज्ञ का अनुकरण होता है, यज्ञ की प्रतिभा में जब मानव परणित रहता है तो सदैव इस संसार सागर में उसकी महान् प्रतिष्ठा होती है, उज्ज्वलता उसके मस्तिष्क में ओत प्रोत हो जाती है।

जहाँ मानव अपने जीवन में एक महत्ता और पवित्रता में परणित रहता है उसी काल में तो जीवन ऊँचा बना करता है कल बेटा मैंने तुम्हारे समीप नाना प्रकार की वनस्पतियों ! का वर्णन कराया। जिन वनस्पतियों में विद्युत अपने महान् प्रभाव से कार्य कर रही है। और यज्ञशाला में जब याज्ञिक यज्ञ कर्म करता है तो उसकी महत्ता में एक महान् ऊँचा दिग्दर्शन होता रहता है। ऊँची एक महत्ता उस मानव के मस्तिष्क में प्रायः ओत प्रोत हो जाती है। मेरे प्यारे महानन्द जी भी दो शब्द पर अपना विचार दे सकेंगे। कल मेरे प्यारे महानन्द जी ने एक वाक्य बहुत ही प्रिय कहा था कि राष्ट्रवाद रूढ़िवाद से कदापि भी पवित्र नहीं बना करता है। क्योंकि जिन मानवों के मस्तिष्कों में रूढ़िवाद के अंकुर होते हैं, विशेषाकुर होते हैं उस से मानवता का सदैव विनाश होता रहता है। इसीलिए आज हमें अपने जीवन में सुन्दर से सुन्दर यज्ञ कर्म करने चाहिएं। जिसस मानव अपनी मानवता और आत्मवाद को भी पवित्र बनाता रहता है।

मेरे प्यारे महानन्द जी उच्चारण कर रहे हैं कि परम्परा में आशीर्वाद की पद्धति क्या थी? बेटा परम्परा में हमारे यहाँ जब यज्ञमान को आशीर्वाद दिया जाता तो यज्ञमान की !

धारा में मानवता का सदैव एक दिगदर्शन होता रहता। हमने अनुसन्धान की दृष्टि से नाना अनुसन्धान किये। हमें वास्तव में अनुसन्धान करने के पश्चात हुआ कि यज्ञमान ही इस यज्ञ का मानो अधिपति होता है। और पवित्र होता है। जितना भी उसका हृदय पवित्र होता है उतना ही यज्ञ में महान सुन्दरता आती चली जाती है। और जब उसके मस्तिष्क में विवाद रहता हैं, नाना प्रकार की द्वेष की मात्रा रहती है नाना क्रोध की मात्रा रहती है तो यज्ञ का जो देवता होता है वह यज्ञमान के सुकृत को अपने में हनन कर लेता है जब सुकृत को हनन कर लेता है तो जयमपन की जो प्रतिष्ठा होती है वह सब नष्ट हो जाती है। इसीलिए आज मैं यज्ञ के देवता से कह रहा हूँ कि हे यज्ञ देवत्ता तू यज्ञमान की सदैव कामना पवित्र कर।

तू ब्रह्मा को भी पवित्र बना यह दीर्घ आयु वाला बनें। स्वास्थ्य पवित्र बना रहे। ऐसा मैं अध्वर्यु और उद्गाता सभी की परम्परा से ही दो शब्दों में विवेचना करता रहता हूँ। अध्वर्यु किसे कहते हैं? उद्गाता किसे कहा जाता है? हमारे यहाँ यज्ञ के कर्म काण्ड में उद्गार्ता नाम जो वेदों का पठन पाठन करता है उद्गान गाता है, उसका देवता कौन है उसका देवता किन्हीं आचार्यों ने अग्नि माना है। तो किन्हीं आचार्यों ने वायु माना है। परन्तु वास्तव में अग्नि और वायु दोनों ही मिश्रित ही करके उसका वरुण देवता उसका अस्वन्तुन देवता कहलाया गया है।

इसी प्रकार राष्ट्र की आवश्यकता वहाँ होती है जहाँ दुराचारी पुरुष होते हैं। जहाँ भ्रष्टाचार प्रबलता में आ जाता है। वहाँ राष्ट्र का निर्माण होने लगता है। क्यों होता है? प्रजा को शासन में लाने के लिए नियन्त्रण में लाने के लिए राष्ट्र का निर्माण हुआ करता है।

आज हम यह विचार विनिमय करते चले जाए कि हमारा जो जीवन है वह राष्ट्रीयता से सुगठित रहता है। परन्तु राष्ट्रवेत्ता इस पर्व को इसलिए मनाते हैं क्योंकि राष्ट्रनायक भगवान मनु ने सबसे प्रथम दीपावली के दिवस जन्म ग्रहण किया था। वे देव लोक को त्याग करके इस मृत मण्डल में उद्धार करने के लिए आ गएं थे।

मुनविरो हमारा जीवन इस दीपमाला से सुगठित माना गया है। यह में प्रकाश का ! देने वाला है। इसलिए हमें सबसे प्रथम आत्मा के लिए याचना करनी चाहिए। आज

के वेदमन्त्रों में बारम्बार आत्मा का अनुमोदन किया जा रहा था कि आत्मा क्या है? ऐसा कहा जा रहा था कि यज्ञ वेदी भी आत्मा है। और सुमिधा भी आत्मा है। यज्ञमान भी आत्मा है। और यज्ञशाला भी आत्मा है। ऐसा क्यों कहा गया? देखों इसमें कोई शंका नहीं होगी। क्योंकि वास्तव में जितनी भी सामग्री अग्नि के मुखारबिन्द में चली जाती है वह सब आत्मा है। आत्मा उनको क्यों कहा है। क्योंकि आत्मा का कल्याण करने वाली है इसलिए उन्हें आत्मा के रूपों से सम्बोधित कर दिया है।

मुनिवरों यज्ञमान की आत्मा पवित्र होती है। सपत्नी विराजमान होकर के जब आहुति ! देते हैं। तो जीवन की कल्पनायें, जीवन की धाराऐं विचित्रता में परणित होती चली जाती हैं। आज हम यह भी कहा करते हैं कि भगवान राम को भी राष्ट्र की सत्ता इसी दिवस प्राप्त हुई थी आज हम यह विचार विनिमय कर सकते हैं कि भगवान राम का यह पुनीत निर्माण दिवस था। मानो उनकी कृति, उनकी भद्रता इसमें विराजमान है। आज हम बहुत ही गम्भीरता से विचार विनिमय कर सकते हैं। परन्तु प्रभु की महत्ता तो सदैव प्राणी चाहता ही है। मैं भी यह चाहता हूँ प्रभु की महत्ता मुझे प्राप्त हो जाए परन्तु महत्ता में मानव के जीवन की जो उद्गमता है। विचित्र धारा है वह अपने स्थान को प्राप्त होती चली जाती है।

आज हम दीपावली का पूजन करें। तन, मन, धन के साथ में करें। तन, मन, धन से जब दीपावली का पूजन किया जाता है तो बेटावह जो तन !, मन, धन की मात्रा है वह ऊर्ज्वा बना देती है। विशाल बना देती है। हृदय में विशालता लाने का प्रयास होता रहता है। आज हम विचार विनिमय कर सकेगें कि हमारी जो मानवीय धाराएं हैं वे उस अपने प्रभु से कितनी सुगठित हैं। कितनी निकट रहती हैं। परन्तु मानव की धारा तभी तक उसके निकट रहती हैं जब तक उसके द्वारा व्यक्तित्व होता है मानववाद होता है। जिनके द्वारा व्यक्तित्व नहीं होता उनको परमात्मा त्याग दिया करते हैं। परमात्मा के राष्ट्र में उनके लिए कोई स्थान नियुक्त नहीं होता। अब मैं अपने वाक्यों को विराम दे रहा हूँ। अब मेरे प्यारे महानन्द जी अपने कुछ विचार प्रकट करेंगे।

पूज्य महानन्द जीः ओ३म् तमा कृतिः विशारदं ब्रह्मा विराट्तणी रुद्रो भवतुनः। मेरे पूज्यपाद

गुरूदेव मेरे पूज्यपाद गुरू देव ने यह सूक्ष्मसा समय !मेरे भद्र समाज !ऋषि मण्डल ! प्रदान किया है। उच्चारण करने के लिए तो बहुत कुछ है। परन्तु जितनी आज्ञा मुझे प्राप्त हुई है उतना ही वाक्य उच्चारण करना है। मुझे समय समय पर चेतावनी देने का भी सौभाग्य प्राप्त होता रहता है। अपने पूज्यपाद गुरू देव से मैं यह कहा करता हूँ कि हे देवआपकी जो महत्ता है !, विचार है वह मानव के अन्तः करण को छूने वाली है। प्रभू मैं तो आपके विचारों से गदगद् हो जाता हूँ और यह कहा करता हूँ कि यह ! प्रभु की क्या विचित्रता हो रही है कितनी विचित्रता उस प्रभु के राष्ट्र में हैं? इसका मानव विचार विनिमय नहीं कर सकता। क्योंकि उसकी जो धारा है, उसका जो विचित्रवाद है, वह उसके उस आँगन में विराजमान हो जाता है जहाँ जीवन की एक पवित्र धारा बनती चली जाए।

आज मैंने यह उच्चारण करना है कि हे प्रभु संसार में जीवन की नाना धाराएँ होती ! हैं। परन्तु उन विचार धाराओं को विचार विनिमय करने का काम ही जीवन माना आप दीपावली के सम्बन्ध !गया है। मैंने अपने पूज्यपाद गुरुदेव से कहा था कि प्रभु में अपने विचार प्रकट किजिए। मैं भी आज दीपावली के सम्बन्ध में अपने कुछ विचार देने आया हूँ। दीपावली के पर्व के दिन ही भगवान कृष्ण को अपने स्थलों से जाना हुआ। भगवान राम को आज के दिवस राज तिलक का घोष हुआ था। ऐसा भी माना गया है कि सृष्टि के प्रारम्भ में देवताओं के द्वारा नाना ऋषि मुनियों के द्वारा वह विचार की धाराऐं महताऐं उनमें विचित्रता से परणित होती चली जाती जिससे मानवता का एक महान और विचित्र दिग्दर्शन होता रहता है।

यह जो दीपावली हे यह मानव का दिग्दर्शन है अथवा यह सृष्टि का दिग्दर्शन है तो गुरु देव ने वर्णन कराते हुए कहा था कि यह वह दीपावली का शुभ अवसर है। जहाँ सभी एकत्रित हो करके यज्ञ करते है। आहुति देते हैं। अपने विचारों की आहुति देते हैं। अपने नाना साकल्य की आहुति दी जाती है। उस साकल्य की आहुति देता हुआ प्राणी कितना हर्ष ध्वनि करता है? क्यों वह सत्यता का व्रत धारण करता है। अग्रे व्रत पते, लेता है। क्योंकि उस वृत को लेने के पश्चात् अग्नि जब मानव के समीप होती तो वह पाप नहीं

करता। अग्नि का अभिप्राय क्या है? अग्नि कहते हैं ज्ञान को। जैसा गुरु देव ने कल के वाक्यां में प्रकट कराते हुए कहा था। आज तो मैं केवल इतना ही वाक्य उच्चारण करने आया हूँ कि आज मैं ऐसे शुभ अवसरों को पुनः से दृष्टिपात कर रहा हूँ। मेरा हृदय मगन हो जाता है। मैं यह भी कहा करता हूँ। कि प्राणी मात्र के लिए मानव को अपनी कागा प्रकृति को त्याग देना चाहिए। सात्विक प्राकृति को ला करके अपने मानव जीवन को सात्विकता में परणित कर देना चाहिए। इसी का नाम जीवन है। इसी का नाम दीपावली कहा जाता है।

पूज्य गुरु देव ने एक ही वाक्य कहा है कि इस सृष्टि के प्रारम्भ से आज के दिवस सूर्य का जन्म हुआ था। और सूर्य का जन्म होते हुए हेमन्त और ग्रीष्म ऋतु को त्याग करके शारद ऋतु में जाने का नाम प्रीति और तेज कहा जाता है। इस समय कृषक अपनी भूमि में अन्न को स्थापित कर देते हैं। पृथ्वी के गर्भ में जब जब बीज की स्थापना हो जाती है तो वह बीज मानव की मौलिक धाराओं की ही ऊँचा नहीं मानव के सच्चरित्र को ऊँचा बनाता चला जाता है।

आज का वह भी दिवस है जब यहाँ से एक महापुरुष को कागा प्राकृति वाले प्राणियों ने विष देकर के उसी त्वचा में रक्त की धारायें प्रवाहित कीं। और आज के दिवस गायत्राणी छन्दों का पठन पाठन करते हुए उन्होंने अपने शरीर को त्याग दिया था। वह यथार्थ ऋषि आ करके और हमारे समीप एक भहन् साधू बन करके सत्यता का उपदेश देकर चला गया परन्तु आज (महर्षि दयानन्द)का यह मानव इस प्रकार का है और इनके ऐसे स्वार्थ होते हैं कि ऐसे ऐसे प्राणियों को यह अग्नि के मुख दे दी दिया करते हैं। क्योंकि इनके द्वारा तो सदैव ईर्ष्या की अग्नि प्रदीप्त होती रहती है और यह जो ईर्ष्या को अग्नि है यह ईर्ष्या की आग प्राणीयों को भी नष्ट कर देती हैं जिन के हृदय में यह अग्नि प्रदीप्त हो जाया करती है।

हमें आज के दिवस को कदापि नहीं त्याग देना चाहिए। हमारे महापुरुष नष्ट नहीं होते। परन्तु अपने विचार देकर के चले जाते हैं। उनके शरीर के परमाणुओं का विच्छेदन हो जाता है। और विच्छेदन हो करके वे परमाणु अन्तरिक्ष में रमण कर जाते हैं जीवात्मा :

उन प्रवृत्तियों में रमण कर जाती है जो उनके संकलन होते हैं। जो उनके अन्तःकरण भूमिका जिस प्रकार रचाते हैं जब भूमिका उस प्रकार रहकर न रूढ़ि बन जाती है और यह जो रूढ़ि है यह मानव के जीवन को और धर्मज्ञाता को धर्म को विनाश के मार्ग पर ले जाती है। वहाँ धर्म धर्म नहीं रहता। वहाँ मानव की वासनाओं में व्यक्तिगत व्यार्थ और पदों को लोलुपता में, द्रव्य की लौलुपता में व्यक्ति अपने मानवत्व को त्यागता चला जाता है।

मैंने बहुत पूर्व काल में अपने पूज्यपाद गुरूदेव से कहा था कि संसार में रूढ़िवाद ही मानव को तुच्छ बना देता हैं। मानव समाज का हनन कर देता है। इसीलिए आज वह ऋषि का वाक्य मुझे स्मरण है जब वह मृत्यु को प्राप्त होने लगे तो उस समय उन्होंने एक वाक्य अपने शिष्य से कहा था कि हे शिष्यम ब्रह्मे अकृचम् रूढ़िग्रिति, हे शिष्य ! यदि तुम संसार में मेरे इस पथ को ऊँचा बनाना चहाते हो, यह मेरा पथ नहीं है यह आदि ब्रह्मा से लेकर के जैमिनि मुनि तक का यह उद्देश्य है कि यर्थायता और वेद को अपनाते चले जाओ। वेद रूपी प्रकाश को अपनाते चले जाओ। मैं तो चला हूँ जैसी प्रभु की इच्छा है उतना ही कार्य प्रभु ने मुझसे लिया है। अब मैं यहाँ से अपने शरीर को त्याग रहा हूँ परन्तु मेरी जो भूमिका है, मेरा जो विचार है वह सार्वभमि विचार होना चाहिए। वह विचार एक संकीणता में नहीं रहना चाहिए।

आज हम उसको संकीर्णता में लाना चाहते हैं। स्वार्थी प्राणियों ने उनके विचारों को संर्कीण बना दिया। उनके विचारों में अब इतना बल नहीं रहा कि वे याज्ञिक बन सकें क्योंकि धर्म शब्द तो व्यापक है वह कदापि नष्ट नहीं होगा। ऋषि का वाक्य तो ज्यों का त्यों रहेगा। वह सदैव वायु मण्डल में विचरण करता रहेगा, उनके विचार वायु मण्डल में क्रान्ति करते रहेंगे। परन्तु तुम अक्रान्ति रूढ़िवादी बन करके तुम अपने मानवत्व और उस पथर को त्याग चुके हो। जो पथ वास्तव में आज के दिवस मर्भ अग्रिति शरीर को

त्याग कर जाने वाले का था वे तो यहाँ से चले गये।
मैं कोई अधिक चर्चा प्रकट करने नहीं आया हूँ। केवल यह उच्चारण करने आया हं कि आज का जो उत्तम दीपावली का दिवस है जिस दीपावली के दिवस में मानो आदि ब्रह्म ने सृष्टि के लिए, वनस्पतियों के लिए प्रकाश दिया था। वह प्रकाश सूर्य है। इसी सूर्य की छाया जब चन्द्रमा पर जा पहुंची तो चन्द्रमा में भी क्रान्ति आ गई। आजके दिवस क्रान्ति का आ जाना मानो सूर्य की उपलब्द्ध ब्रह्म आक्रान्ता होना यह सभी कुछ प्रकाशक माना जाता है।
आज के हमारे वाक्यों का अभिप्राय यह है जैसा मुझे मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने आज्ञा दी है मैं उन्हीं वाक्यों को प्रकट कराने जा रहा हूँ। आज मैं या वेदी पर जाना चाहता हूँ। जहाँ मैं यह कहा करता हूँ कि हे प्रभु ऐसे ऐसे पुरुषों के हृदयों में सदैव यज्ञों की ! प्रेरणा आती रहे। जितने भी यज्ञ होंगे उतना ही वातावरण सुन्दर होगा। अन्यथा यदि यज्ञ कर्म नहीं होंगे, सुगन्धि नहीं होगी तो यह जो दुर्गन्धि है कहीं मानव के विचारों की दुर्गन्धि है, कहीं वाहन की दुर्गन्धि है, कहीं नाना प्रकार के उद्योगों की दुर्गन्धियां हैं, कहीं अणुओं की दुर्गन्धि है और यदि इन में सुगन्धि का प्रवेश नहीं किया जाएगा तो वह समय बहुत निकट आ रहा है जब यह संसार दुर्गन्धि की वेदी पर चला जाएगा और दुर्गन्धि में अग्नि प्रदीप्त होती चली जाएगी। मैं यह उच्चारण करने नहीं आया हूँ। वह समय बहुत निकट आ रहा है जब यह संसार जहाँ द्वेष की अग्नियों में अपने को कष्ट करता चला जा रहा है। वह समय बहुत निकट आ रहा है जब यह मानव अग्नि की वेदी पर आ करके यह अपने को अपने विचारों से स्वयं भस्म कर लेगा।
वायु मण्डल के परमाणुओं से आज के विज्ञान को दृष्टि पात करके आज का वैज्ञानिक भी अभिमान में प्रदीप्त हो रहा है। परन्तु जब मैं यह विचार देता हूँ कि अरे, क्यों अभिमान में हो आगे तो इससे भी ऊँचे वैज्ञानिक हो गएं हैं। और होते रहेंगे। ओर आगे समय आता रहेगा। परन्तु तुम अभिमानी क्यों बनते हो। अभिमान में तुम्हारा विनाश है। इसलिए यदि तुम्हें इस विनाश से बचना है और सुरखा के मार्ग को स्थिर करना है तो यज्ञ कर्म किए जाएं यज्ञमान होने चाहिए और अपनी इन्द्रियों पर प्राणियों का संयम

होना चाहिए।

आज प्रत्येक मानव अपने विचारों में इतना संकीर्ण बन गया है वह अपने विचारों पर ही संसार के विचार को अपने में परणित करता चला जाता है मैं आज उस यज्ञ वेदी पर चला जाऊँ जहाँ हमारी यह आकाश वाणी पृथ्वी मण्डल में रहने वाले प्राणियों के लिए मृत मण्डल में जा रही है। आज मैं उनको आशीर्वाद देने आया हूँ जिन्होंने सुन्दर सुन्दर यज्ञ आयोजन अपनी श्रद्धा से भक्ति के साथ प्रभु का चिन्तन करते हुए आज आहुति दी। इनकी आयु दीर्घ हो। इनका सौभाग्य अखण्ड बना रहे। इनके जीवन में सदैव धर्म की परम्परा बनी रहे। मैं तो यह कहा कराता हूँ कि उनके हृदयों से हे प्रभु ! दुर्गन्धि चली जाएं। और सुगन्धि !हे देवताओं, आती चली जाएं। जब उनके हृदयों में विचारों को सुगन्धि, मानवता की सुगन्धि आती चली जाएगी तो उनका हृदय विचित्र बनता चला जाएगा। आज मानव द्रव पति बन सकता हे, धनवान बन सकता है, पुत्रवान् बन कसता है परन्तु धर्मज्ञ तो सौभाग्य शाली ही प्राणी बना करते हैं। आज जो धर्म के कर्म को जानते हैं, धर्म के ऊपर अपने को न्योछावर कर देते हैं, तन, मन, धन से अपने को अर्पित कर देते हैं वे मानव इस संसार में सौभाग्य शाली होते हैं।

आज मैं अधिक चर्चा प्रकट करने नहीं आया हूँ। केवल यह वाकय प्रकट करने आया हूँ कि मैं उन यज्ञमान सपत्नीक पुत्रों सहित उनकी दीर्घ आयु हो। सहस्रों वर्षों की ! अवस्था हो जिससे वे धर्मज्ञ कार्य करते रहें। इसी प्रकार मैं आज यज्ञशाला में प्रविष्ट होने वाले वेद के पाठन पाठन करने वालों का भी आयु दीर्घ ही उनके हृदय में सदैव वेद की श्रद्धा ओत प्रोत होकर के जब वेद के प्रकाश में रमण होते हैं तो एक वाणी सदैव उनके समीप होती है और उनका जो उद्गार है वह वायु मण्डल में जब विचरण करता हैं प्रत्येक स्वाहा के साथ में तो देवता उसे अच्छी प्रकार ग्रहण कर लेते हैं। हे देवताओंतुम उनकी भी दीर्घ आयु करो। परन्तु जब दीर्घ आयु हो जाती है !, दीर्घ आयु प्राणी संसार में धर्म और मानवता के वेदी पर विचरण करता हुआ धर्म के कर्म करे जानता हुआ अपनी मानवता को ऊँचा बनाता चला जाता है।

मैं तो गुरु देव का वह समय भी दृष्टिपात करता रहता हूँ जब पूज्यपाद गुरु देव को

कजली बनों से लाया जाता था। उत्साह के साथ लाया जाता था वे नग्न रहते थे एक छाल की कोपीन को धारण किए हुए रहते थे उनको तब ब्रह्मा की उपाधि प्रदान की जाती थी। आज वे जब मैं अपने सूक्ष्म शरीर के द्वारा दृष्टिपात करता !। मुनिवरों..... मानव इस प्रकार का भी बन जाता है। अभिमान न करो क्रोधित !रहता हूँ तो हे मानव न हो। परन्तु मानव को जो प्रवृत्ति बन जाती है पूज्यपाद गुरु देव के एक क्रोध के कारण। क्या से क्या दशा बनी। क्रोध के कारण मानव की क्या से क्या दशा हो जाती है। एक महान प्रतिमा मानव के समीप होनी चाहिए। व्याकुल होना पड़ता है। जब मैं अपने पूज्य गुरु देव को दृष्टिपात करता रहता हूँ परन्तु मैं इस सम्बन्ध में अधिक चर्चा प्रकट करना नहीं चाहता।

मैं एक वाक्य और प्रकट करने जा रहा हूँ कि मेरे पूज्यपाद गुरुदेव की जो अलौकिकता है मानो हमारी जो यह वाणी है जो मृत मण्डल में जा रही है यह ईश्वरीय देन है, आत्मा की देन है, यह सदैव प्रकाशवान होती रहेगी। आज कोई मानव इसकी शान्त करना चाहे, इसको आज कोई पृथ्वी में आरोपित करना चाहे तो यह मिट नहीं सकेगी क्योंकि यह प्रभु की देन है, कर्मों का फल है। आज कर्मों के फल को, प्रारब्ध को मानव नष्ट नहीं कर सकता मानव का जो प्रारब्ध है वह अमिट होता है। किसी काल में उसे कोई नष्ट नहीं कर सकता। इसीलिए हे आकाशवाणी के श्रवण करने वाले प्राणियों मैं एक ही वार्त्ता उच्चारण करने आया हूँ कि इनका प्रारब्ध बड़ा ही विचित्र है। आज इसको नष्ट करने से प्रारब्ध नष्ट नहीं होता। प्रारब्ध सदैव कर्मों से बना हुआ होता है। कर्म की जो विचारधारा है वह जब तक रहती है जब तक उसका एक एक अंकुर अन्तःकरण में विराजमान रहता है।

इसलिए मैं आज यह उच्चारण करने आया हूँ कि आज जो यह दीपावली का दिवस है इसके ऊपर हमें सदैव विराजमान होकर के यज्ञ इत्यादि कर्म करने चाहिए। आधुनिक काल में तो इनको ढोंग और पाखण्ड के नाम से परणित किया जाता है और जो मानव जिनके द्वारा काम करना वासना अधिक होती है, क्रोध की वासना अधिक होती है, वह ढोंग और पाखण्ड उनकी दृष्टि में नहीं होता। यह उनकी एक महान निराशा है। उनके

जीवन का पतन हो गया है। क्योंकि पतित होने के नाते उनके जीवन की जो प्रतिभा है वह इन्हीं राग द्वेषों में नष्ट हो जाती है। आज जब मैं यह उच्चारण करने जाता हूँ जहाँ नाना प्रकार के नृत्य होते हैं, नाना प्रकार की धाराएं होती हैं, वहाँ उसकी पाखण्ड क्यों नहीं कहा जाता? जो वास्तव में पाखण्ड है। पाखण्ड किसे पाखण्ड हैं? पाखण्ड उसे कहा जाता है जहाँ वास्तविकता न हो, बनावटी हो, ऊपरी हो परन्तु जो मानव केवल कंठ से वाक्य उच्चारण करता हो वह सबसे महान पाखण्डी होता है संसार में इसीलिए आज हमें विचारना यह है कि हम जो भी संसार में कर्म करने के लिए आए हैं, हमें कर्म करना है, मन, वचन, कर्म से सदैव वाक्य को ले करके चलना है। क्योंकि जब तक हमारा कर्म मन, वचन के साथ नहीं होगा तो हम किसी कार्य को पूर्ण कर ही नहीं सकते। पूर्ण कार्य हम उस काल में कर सकते हैं जब हमारा मन वचन और कर्म एक सत्र में बंधा हुआ होगा। जैसे दीपकों की दीपावली कहलाई जाती है। दीपकों की माला के तुल्य एक श्रृंखला बन जाती है वह जो संकलन है वह उसकी धारा में गति होती चली जाती है। मानो वह दीपमाला कहलाती है। इसी प्रकार जब विचारों की दीपमालिकों मानव के जीवन में प्रकाश देती है, मानव का हृदय सदैव प्रसन्न रहता है। उसी प्रसन्नता से मानवीय अग्नितों मे व्रत धारण करके संसार से पार होता चला जाता है। मैं यह वाक्य उच्चारण करने नहीं आया हूँ। आज जब हम पाखण्ड का दिग्दर्शन करते हैं तो हमें यह प्रतीत होता है कि हमारे यहाँ पाखण्ड कया है? पाखण्ड कहते हैं जिस मानव के द्वारा सत्यता न हो, वह सदैव मिथ्या उच्चारण करने वाला हो और सदैव अपने लिए ही निगलता रहता है, अपने ही लिए खाने की प्रवृत्ति रहती है, वह मानव अपने पाखण्ड की ही खाता रहता है निगलता रहता है।

मैं अधिक चर्चा प्रकट करने नहीं आया अब, केवल अपने पूज्यपाद गुरुदेव से आज्ञा पाऊंगा। मुझे इतना ही समय इन्होंने प्रदान किया था। इस समय में मैंने अपने विचार प्रकट किए हैं कि दीपावली का जो पर्व है यह कृषकों के लिए, वैश्यों के लिए, ब्राह्मणों के लिए सभी प्राणियों के लिए होता है। क्योंकि इसमें कृषक अपनी भूमि में बीज की स्थापना कर देते हैं। याचना करते हैं यज्ञ भगवान से कि हे प्रभु हमारी कृषी ऊँची !

हो। हमें खाद्य और खनिज पदार्थ भी इस पृथ्वी से प्राप्त हों। इसीप्रकार होलि का के दिवस में भी पूज्य गुरुदेव ने वर्णन कराया था। इसकी जो उपलब्धि है। इसकी उत्पति किस काल से हुई? तो जब से प्रभु ने यह ब्रह्माण्ड रचाया है, जब से मानवता संसार में आई। कई प्रकार के पर्व होते हैं इन पर्वों में एक रक्षाबन्धन पर्व होता है जिसमें राखी के लिए माता अपने विधाता को आराधना करती है, निमन्त्रित करती है इसी प्रकार आज हम प्रेम के प्रतीकों को इन पर्वों को परम्परा से आधारित अपने में धारण करते हुए अपने में इसको स्वीकार करें। आज का यह वाक्य अब समाप्त होने जा रहा है मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से आज्ञा पाऊंगा। तो अब मैं अपने पूज्य गुरुदेव को नमस्कार करने जा रहा हूँ।

पूज्यपाद गुरुदेवः हास्य ऋषि मण्डल आज तो मेरे प्यारे !मेरे प्यारे !धन्य हो ..... महानन्द जी ने अपना बहुत ही सुन्दर उपदेश दिया। जिन उपदेशों में कई विषय थे। पाखण्ड की चर्चाएं दीपमालिका की चर्चाएं और भी नाना चर्चाएं इनके सम्बन्ध में रही। परन्तु जहाँ महानन्द जी आशीर्वाद दिया करते हैं वहाँ हमारी भी सहानुभूति रहती है। सदैव धर्मज्ञ प्राणी की आयु दीर्घ होनपी चाहिए। क्योंकि धर्म से ही ब्रह्मचर्य का पालन किया जाता है। जिसके द्वारा धर्म नहीं होता वह ब्रह्मचारी भी नहीं होता। जब ब्रह्मचारी नहीं होता तो आयु किस प्रकार ऊँची बने। दीर्घ आयु तो उसी काल में हो सकती है जब ब्रह्मचर्य की प्रतिभा समीप रहती है। इसलिए आज का यह वाक्य समाप्त। जैसा महानन्द जी ने ब्रह्मा को यज्ञमय को आशीर्वाद दिया है, ऐसे ही मैं भी प्रभु से यह कहा करता हूँ कि ये दीर्घ आयु हों, पवित्र हृदय हों, देवताओं का सदैव पूजन करते रहें। आज का यह वाक्य अब समाप्त हो गया। वेद के कुछ मन्त्रों का पाठ।